सुप्रभात, रांची गुरुवार 25.05.2023, पेज 12 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 309 khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



## न्यूज डायरी

### अमन श्रीवास्तव को पेशी के बाद जेल भेजा गया

**रांची।** एटीएस ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को छह दिन के पूछताछ के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अमन की पेशी हुई। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। एटीएस ने 19 मई को पूछताछ के लिए अमन श्रीवास्तव को रिमांड पर लिया था। अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी 16 मई को महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से की गयी थी।

### उप मुखिया ने भाजपा नेता समेत चार को दांत काटा

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के सेलारी में तिलक समारोह में आर्केस्ट्रा प्रोग्राम के दौरान जमकर मारपीट हुई। इस दौरान उप मुखिया रंजीत शर्मा ने भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष करण शर्मा समेत चार लोगों को दांत से काट कर जख्मी कर दिया।

### सुकमा में दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** सुकमा में पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष बिना हथियार के दो नक्सलियों ने बुधवार को आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण नक्सली वारदातों में शामिल थे। वहीं उक्त नक्सली शासन के पुनर्वास नीति का प्रचार-प्रसार व जिला पुलिस सुकमा द्वारा चलाये जा रहे अभियान से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया।

### एसीबी ने चार हजार घूस लेते बीएएम को दबोचा

**रांची।** एसीबी ने चतरा जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र इटखोरी के ब्लॉक एकाउंट मैनेजर (बीएएम) शंभु कुमार रवि को चार हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि शंभु कुमार रवि के खिलाफ इटखोरी लोरम निवासी पन्ना लाल राणा ने लिखित शिकायत की थी। बीएएम ने ममता वाहन के बिल भुगतान के लिए चार हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। पूर्व में इनके द्वारा गहन जन स्वस्थ्य सर्वे 2021 योजना के तहत प्रचार प्रसार का कार्य किया गया था। इसका बिल दो वर्षो से लंबित है।

### इडी कोर्ट से छवि रंजन की याचिका खारिज

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन की याचिका ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। आइएएस छवि रंजन ने याचिका दाखिल कर कोर्ट से पत्नी और बच्चों से सप्ताह में दो दिन मिलने की इजाजत मांगी थी लेकिन ईडी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने उन्हें अनुमति देने से इंकार कर दिया है। छवि रंजन पत्नी-बच्चों से जेल मेनुअल के मुताबिक ही मिल पायेंगे।

### रिटायर्ड क्लर्क, कम्पयूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

**कोडरमा।** जिले में छात्रों को अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति देने के नाम पर डेढ़ करोड़ से अधिक के घोटाले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में कल्याण विभाग के रिटायर्ड क्लर्क मो. मोबिन और कम्पयूटर ऑपरेटर मो हैदर का नाम शामिल है। अल्पसंख्यक छात्रों को भारत सरकार की ओर से दिए जाने वाले छात्रवृत्ति का लगभग 1.5 करोड़ रुपए गबन मामले में कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर ने कोडरमा थाना में दिसम्बर 2022 में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## राष्ट्रपति ने झारखंड को सौंपा हाइकोर्ट का नया अत्याधुनिक भवन, कहा

# सही न्याय मिले, नहीं तो दुखी होते हैं लोग

सिटी चीफ, खबर मन्त्र

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राजधानी रांची के तिरिल में झारखंड हाइकोर्ट के नये और अत्याधुनिक भवन का उद्घाटन रिमोट का बटन दबाकर किया। इस अवसर पर द्रौपदी मुर्मू ने आम, गरीब, मजबूर लोगों के न्याय से जुड़ी बातें की। उन्होंने कहा कि यहां पर सरकार, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, चीफ जस्टिस ऑफ झारखंड के साथ देश के बहुत सारे विद्वान बैठे हैं। बहुत से केस हाईकोर्ट में फाइल होते हैं। बहुत से केस का फैसला सुप्रीम कोर्ट से आता है। जिनके पक्ष में फैसला आता है, वे खुश होते हैं। 5-10 या 20 साल के बाद उनकी खुशी गायब हो जाती है, क्योंकि जिसके लिए वे खुश थे, वो उनको मिलता ही नहीं। जिसके लिए समय, रुपये और रातों की नींद बर्बाद कर दी, वो खुशी उन्हें नहीं मिलती, तो वे फिर से दुखी हो जाते हैं। बहुत सारे लोग दोबारा, अदालत नहीं जाना चाहते हैं क्योंकि लम्बा वक्त लगता है। लम्बा वक्त सोच कर ही जाने से डर जाते हैं, मुझे पता नहीं उसका रास्ता है या नहीं। वैसे लोगों को सही न्याय मिलना चाहिए, आखिर वो लोग जायें तो कहां जायें। आपलोग इसका रास्ता निकालिये, कानून बनाना पड़े तो बनाइये, लेकिन यह सुनिश्चित होना चाहिए कि लोगों को न्याय मिले। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं एक छोटे-से गांव से आयी हूं। मैं फैमिली काउंसलिंग सेंटर की सदस्य थी। कुछ केस फाइनल होने के बाद हम उनके घर जाते थे।

यह देखने के लिए कि जिस केस को हमने फाइनल किया, वह परिवार ठीक है या नहीं। बहुत से लोग अपने कोर्ट से अपने पक्ष में आये फैसले लेकर मेरे पास आते थे कि फैसला तो हमारे पक्ष में आ गया, लेकिन हमें न्याय नहीं मिला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मुझे नहीं मालूम कि सुप्रीम कोर्ट के आगे कुछ होता है। मैं यह भी नहीं जानती कि ऐसे लोगों का कुछ हो सकता है या नहीं। उन्होंने नये हाईकोर्ट भवन की प्रशंसा की। राष्ट्रपति बुधवार को तीन दिवसीय दौरे पर झीरखंड आयी है।




### न्याय व्यवस्था को आमजन तक पहुंचाना होगा : जस्टिस चंद्रचूड़

इसके पहले भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्याय व्यवस्था को नागरिकों तक पहुंचना होगा। हिंदी में भाषण देते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा कि न्यायपालिका के भवन का विस्तार होने से न्यायपालिका की प्रतिष्ठा बढ़ती है। भारतीय नागरिक अपने वादों (मुकदमों) को लेकर न्यायपालिका के द्वार में प्रवेश करते हैं, तब उनकी आस्था को कायम रखना हम सबका उत्तरदायित्व है। सर्वोच्च न्यायालय के 7 साल के निजी अनुभव में मुझे न्याय और अन्याय की छवि का एहसास हुआ है। सजा होने के पहले हजारों नागरिक छोटे अपराध के लिए कारागृहों में बंद रहते हैं। अक्सर महीनों या सालों तक। न उनके पास साधन है, न साक्षरता। अगर न्यायपालिका से शीघ्र उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तो उनका भरोसा कैसे कायम होगा।

## वरीय न्यायिक सेवा में हो आरक्षण का प्रावधान : सीएम

इस मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरीय न्यायिक सेवा में आरक्षण के प्रावधान की अपील न्याय पालिका से की। उन्होंने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट की यह बिल्डिंग प्रदेश की करोड़ों जनता के लिए गौरव का क्षण है। करीब 600 करोड़ की लागत से 165 एकड़ में झारखंड हाईकोर्ट भवन का निर्माण हुआ है। उम्मीद है झारखंड के आदिवासी, गरीब जनता को सरल, सुलभ तथा तीव्र न्याय मिलेगा। उन्होंने बताया कि किस तरह सरकार लंबे समय से लंबित मुकदमों का तेजी से निबटारा कर रही है। सीएम ने कहा कि सबऑर्डिनेट ज्यूडिशियरी में झारखंड की स्थिति देश में सबसे बेहतर है। इस मौके पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी संबोधित किये। मंच पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अनिरूद्ध बोस मौजूद थे। स्वागत भाषण झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र ने दी। इस अवसर पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश, विधानसभा अध्यक्ष, झारखंड सरकार पदाधिकारी और बार ऐसोसिएशन के सदस्य, न्यायिक पदाधिकारी व बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

### बाबा से राष्ट्रपति ने देश की सुख-समृद्धि मांगी

➲ देवघर में शंखनाद से स्वागत, षोड्शोपचार विधि से की पूजा-अर्चना

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के तीन दिनी दौरे दौरे के पहले दिन बुधवार की सुबह महादेव की नगरी देवघर पहुंची। षोड्शोपचार विधि से राष्ट्रपति से बाबा बैद्यनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से झारखंड समेत देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व वायुसेना के विशेष विमान से पहुंची राष्ट्रपति का राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुलदस्ता दे कर उनका स्वागत किया। पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंदिर श्राईन बोर्ड की तरफ से अंग वस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान वहां सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था थी। बाबा नगरी आनेवाली द्रौपदी मुर्मू चौथी राष्ट्रपति हैं। इससे पहले प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद तथा दो बार, प्रणब मुखर्जी एवं रामनाथ कोविंद भी यहां आ कर पूजा-अर्चना कर चुके हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत में राज्यपाल के साथ केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे।

## खाई में गिरा वाहन, झारखंड के दो समेत सात लोगों की मौत

➲ भारी बारिश से जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में हुआ हादसा

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दूरदराज दच्चन इलाके में डांगडुरु बिजली परियोजना स्थल के पास बुधवार की सुबह कर्मचारियों को ले जा रहा एक वाहन भारी बारिश में सड़क से फिसल कर पहाड़ी से नीचे खाई में जा गिरा। इस हादसे में झारखंड के दो एतवा और राहुल समेत सात लोगों की मौत हो गयी। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना की जानकारी के बाद केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने वहां के डीसी यादव से सड़क हादसे के बारे में बात की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सात लोगों की मौत हो गयी है। घायलों को आवश्यकता के अनुसार जिला अस्पताल किश्तवाड़ या जीएमसी डोडा में स्थानांतरित किया जा रहा है। हर संभव मदद प्रदान की जायेगी। किश्तवाड़ के डीसी देवांश यादव ने बताया कि इलाके में भारी बारिश के दौरान दुर्घटना हुई। एसएसपी खलील अहमद पोस्वाल ने बताया कि मृतकों की पहचान डोडा जिले के किथवाड़ा निवासी अख्तर हुसैन, पिंजराडी निवासी अख्तर हुसैन, बंजवार किश्तवाड़ निवासी अब्दुल राशिद, डोडा निवासी मुबस्सर अहमद, झारखंड निवासी इतवा और राहुल तथा किश्तवाड़ निवासी करण कुमार के रूप में हुई है।

### बंगाल को हरा झारखंड क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**रांची।** हॉकी झारखंड ने पश्चिम बंगाल को छह- एक से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है। ओड़िशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित 13 वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में बुधवार को खेले गये अपने दूसरे मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी पश्चिम बंगाल को छह- एक गोल से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी। इससे पूर्व झारखड ने हॉकी हिमाचल को 18- 00 से पराजित किया था। झारखंड टीम की ओर से फगुवा होरो ने दो गोल किए जबकि विक्रम सोरेंग, निकोलस टोपनो , जोलेन टोपनो और अंकित एक्का ने एक -एक गोल किये। झारखंड टीम के झारखंड टीम के कप्तान रोहित तिर्की को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## खूंटी में आज महिलाओं से सीधा संवाद करेंगी राष्ट्रपति

➲ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व राज्यमंत्री रेणुका सिंह भी करेंगी शिरकत

➲ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन रहेंगे मौजूद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को झारखंड के खूंटी जिले के बिरसा मुंडा कॉलेज स्टेडियम में महिला स्वयं सहायता समूह के साथ सीधा संवाद करेंगी। राष्ट्रपति के खूंटी आगमन को लेकर महिलाएं काफी उत्साहित हैं। सीधा संवाद में महिलाएं अपनी आपबीती सुनाएंगी। अपने कार्यक्रम के दोरान राष्ट्रपति एसएचजी महिलाओं से मुखातिब होंगी। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 30-35 हजार महिलाएं राष्ट्रपति को सुनने सुबह 9 बजे ही बिरसा कॉलेज मैदान में जुटेंगी। समारोह में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य राज्य मंत्री रेणुका सिंह सरूता, झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई लोग मौजूद रहेंगे। बिरसा कॉलेज स्टेडियम में महिलाएं पारंपरिक वेश भूषा से सुसज्जित नृत्य के साथ राष्ट्रपति का स्वागत करेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति जिले की महिलाओं को संबोधित भी करेंगी। राष्ट्रपति जिले की 22 चयनित एसएचजी की महिलाओं से सीधा संवाद भी करेंगी, जिनमे अलग अलग क्षेत्रों में बेहतर काम करने वाली और सामाजिक कुरीतियों से लड़कर आगे बढ़ने वाली महिलाएं अपनी आपबीती राष्ट्रपति को सुनाएंगी। जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम द्वारा एसएचजी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस दौरान राष्ट्रपति लाइव डेमो बूथ और स्टाल का दौरा भी करेंगी।

### ट्रिपल आइटी के 120 विद्यार्थियों को देंगी दीक्षा

रांची। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) के दूसरे दीक्षांत समारोह में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सभी विषयों के टॉपर्स को गोल्ड व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित करेंगी। इस दौरान वह संस्थान के 120 विद्यार्थियों को दीक्षा देंगी। इस समारोह में बीटेक व एमटेक के 2019-23 बैच के करीब 120 विद्यार्थियों के बीच डिग्री दी जायेगी। समारोह में बीटेक के 2 ब्रांच कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के टॉपर विद्यार्थियों के बीच एक-एक गोल्ड व एक-एक सिल्वर मेडल दिया जाएगा। वहीं, एमटेक के दो ब्रांच- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ईसीसी विद स्पेशलाइजेशन इन एंबेडेड सिस्टर एंड आईओटी-के टॉपरों को एक-एक गोल्ड मेडल दिया जाएगा। इसके अलावा एक बेस्ट गर्ल स्टूडेंट मेडल, एक इंस्टीट्यूट मेडल और एक बेस्ट स्टूडेंट शील्ड भी प्रदान किया जाएगा। पहले यह दीक्षांत समारोह जून में होने वाला था, लेकिन राष्ट्रपति के मई में झारखंड आगमन को देखते हुए इसे पहले ही किया जा रहा है। इस समारोह में सभी विषयों के टॉपर्स को गोल्ड व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

## लोहरदगा, गुमला, पलामू के संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चों ने किया कमाल

# मैट्रिक, इंटर परीक्षा में फर्स्ट डिवीजन लाकर राह दिखायी

कुबेर सिंह

**रांची।** कहते हैं, मन में ठान लो तो पहाड़ को भी काट कर सुगम राह बनाया जा सकता है। ऐसे ही जुनूनी प्रतिभा के धनी निकले गुमला, लोहरदगा, पलामू संप्रेषण गृह के बच्चे। कभी हाथों में हथियार लेकर घूमने वाले और अपराध को अंजाम देनेवाले बच्चे एक दिन अपने अतीत को भूलकर एक नया आयाम गढ़ेंगे। संप्रेषण गृह (बाल सुधार गृह) के अधिकारियों ने भी नहीं सोचा होगा। जी हां, लोहरदगा, गुमला, पलामू के संप्रेषण गृह के 18 बच्चों ने आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण होकर एक नया कीर्तिमान गढ़ दिया। पुलिस अभिरक्षा में इन बच्चों ने कलम और किताब से दोस्ती की और आज वे शिक्षित हो गये। मैट्रिक की परीक्षा में फर्स्ट आने वाले गुमला के नौ बच्चे शामिल हैं, जबकि लोहरदगा संप्रेषण गृह के दो बच्चों ने सेकेंड पोजीशन लाकर न सिर्फ अपने ऊपर लगे अपराध के धब्बे को मिटाया, बल्कि मां-पिता में एक आस भी जगा दी।

### बच्चों ने जाहिर की आगे की पढ़ाई की इच्छा, मिल गयी टीचर



पोक्सो एक्ट में संप्रेषण गृह में विधि संघर्षरत बच्चों की पढ़ाई अपराध की वजह से अधूरी रह गयी थी। बच्चों ने खुद को शिक्षित होने की लालसा जगी। सकुचाते हुए बच्चे संप्रेषण गृह के अधिकारियों के पास गये। उनलोगों ने अधिकारियों से पढ़ने और एग्जाम लिखने की इच्छा जतायी। अधिकारियों ने बच्चों की इच्छा का मान रखते हुए न सिर्फ उन्हें फार्म फिलअप करने के लिए कहा, बल्कि उनकी अच्छे से तैयारी हो, इसके लिए संप्रेषण गृह में एक टीचर की भी नियुक्ति कर दी। टीचर सोनी प्रतिभा टोप्पो ने न सिर्फ बच्चों में पढ़ाई का ललक जगायी, बल्कि कदम- कदम पर उनका साथ भी दिया। पुलिस अभिरक्षा में बच्चों ने एग्जाम लिखा। बच्चों के मेहनत करने करने गुमला संप्रेषण गृह के गृहपति अविनाश गिरि और लोहरदगा जेजे बोर्ड के मेंबर कौशल किशोर की भूमिका अहम रही।

### कैद भी नहीं बन पायी शिक्षा में रुकावट

बाल अपराधियों को संप्रेक्षण गृह में रखा जाता है, क्योंकि इन बच्चों को किसी -किसी अपराध में यहां लाया जाता है। संप्रेषण गृह में कानून का उल्लंघन कर अपराध करने वाले बच्चों को रखा जाता है। पर, इन बच्चों के हौसले ने न सिर्फ अधिकारियों के मनोबल को हाई किया है, बल्कि बच्चे भी अब शिक्षित नागरिक बन कर जीवन जीने की कसमें खा रहे हैं।

## बागेश्वर बाबा को मिली वाई कैटेगरी की सुरक्षा

एजेंसी

**भोपाल।** बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को केंद्र की तरफ से वाइ कैटेगरी की सुरक्षा दी गयी है। धीरेंद्र शास्त्री के साथ अब कमांडो मौजूद रहेंगे। बाबा ने कुछ दिन पहले कहा था कि उन्हें भी खतरा है। लगातार हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर सुर्खियों में हैं। इसके साथ ही उनकी सुरक्षा केंद्र की तरफ से बढ़ा दी गयी है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कई बार कहते रहे हैं कि हमारी जान को खतरा है। इसके साथ ही उनकी कथाओं में लाखों की संख्या में भीड़ उमड़ती है। इसके बाद आयोजकों के पसीने छूट जाते हैं। स्थानीय पुलिस को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पटना में कथा कहने गये थे। उनके चाहने वाले लोग इतने बेकाबू हो गए थे कि पटना एयरपोर्ट के रनवे तक पहुंच गए थे। बाबा के चार्टर प्लेन तक उनके भक्त पहुंच गये थे। इसके बाद से और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गयी थी। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अभी एमपी के बालाघाट जिले में राम कथा कह रहे हैं। दरअसल, कुछ महीनों के अंदर बागेश्वर धाम सरकार की प्रसिद्धि पूरे देश में काफी बढ़ी है। इसके साथ ही विवाद भी बढ़ता जा रहा है। उनका आश्रम छतरपुर जिले के गढ़ा गांव में है। वही पर बागेश्वर बालाजी का मंदिर है। मंदिर के पास एक सामुदायिक भवन है, जिसमें पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री रहते हैं। बागेश्वर धाम में जब वह रहते हैं तो वहां भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। सिक्योरिटी थ्रेट को देखते हुए केंद्र सरकार की तरफ से विशिष्ट लोगों को वाई श्रेणी की सुरक्षा दी जाती है। सुरक्षा घेरे में एक या दो कमांडो समेत आठ पुलिस के जवान होते हैं।

## झारखंड हाइकोर्ट की नयी बिल्डिंग राष्ट्र को समर्पित




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को तीन दिन के दौरे पर झारखंड पहुंची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले देवघर मंदिर में पूजा अर्चना की। उसके बाद रांची में झारखंड हाईकोर्ट का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा- मेरा झारखंड से पुराना रिश्ता है। ऐसा लग रहा है जैसे मैं घर वापस लौटी हूं। मेरा गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए आप सभी का आभार। झारखंड हाईकोर्ट की नयी बिल्डिंग बेहतरीन है। नयी सुविधाओं से लैस है। पूरा कैंपस कई बातों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। कई तरह के पेड़-पौधे इसे ग्रीन कैंपस बनाते हैं। मैं सभी का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने इसे बनाने में सहयोग किया है। कोर्ट न्याय का मंदिर है, लोग इसे विश्वास के साथ देखते हैं। कोर्ट के पास यह ताकत है कि वह न्याय दे सके। लोगों को उनके अधिकार दे सकें। यह एक बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। सभी तस्वीरें समीर की...



### आधुनिक तकनीक से लैस झारखंड हाइकोर्ट के नये शानदार भवन के उद्घाटन समारोह में अतिथियों ने रखे विचार

# त्वरित न्याय नहीं मिलने से न्याय व्यवस्था पर लोगों की नहीं रहेगी आस्था : न्यायमूर्ति डीवाइ चंद्रचूड़

**उद्घाटन समारोह स्थल से प्रभात सिंह की रिपोर्ट...**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नये भवन का उद्घाटन समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यामूर्ति डीवाइ चंद्रचूड़ ने कहा कि झारखंड हाइकोर्ट के भवन का उद्घाटन हुआ। यह आधुनिक राज्य और राष्ट्र का प्रतीक हो सकता है। न्याय के भवनों का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली और सामाजिक न्याय में सद्भवा बनाये रखना राष्ट्र का लक्ष्य है। समय पर सुनवाई हो, फैसले का दस्तावेज शीघ्र मिले, इसमें सुधार लाने की आवश्यकता है। खुद से सवाल पूछना होगा, न्याय की खोज उलझन बनने से लोगों तक न्याय कैसे पहुंचेगा। आज भी आदिवासी और पिछड़ी जनजातियों की पास जमीन के दस्तावेज का आभाव है इसका ध्यान रखना होगा। अदालत की करवाई का लाइव प्रसारण हर घर में ले जाना महत्वपूर्ण प्रकल्प है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने जिला और सत्र न्यायालयों को सशक्त बनाने पर भी जोर दिया। कहा कि जिला न्यायालयों को समानता मिलेगी, तभी उनके कार्यों में हम गरिमा और गौरव देख सकेंगे। जिला न्यायालयों की गरिमा नागरिकों की गरिमा से जुड़ी है। न्याय प्रणाली का लक्ष्य लोगों को न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि भारत के 6 लाख 40 हजार गांवों तक पहुंचने के लिए स्थानीय भाषा बेहद जरूरी है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ली है और हजारों फैसलों का अनुवाद कराया गया है। भारत में मौजूद कोर्ट की दुर्दशा के बारे में भी उन्होंने बताया, जहां मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने कहा कि आज भी आदिवासी वर्ग के पास जमीन के दस्तावेज नहीं हैं। इन सब चीजों का हमें ध्यान रखना ही होगा। टेक्नोलॉजी के माध्यम से आज हम न्याय व्यवस्था को प्रत्येक नागरिक के द्वार तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि अदालत की कार्यवाही को लाइवस्ट्रीमिंग के जरिये भारत के घर-घर तक ले जाना एक अहम योजना है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने ई-कोर्ट के फेज 3 के लिए 7,000 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं।

## न्यायपालिका के लिए आज का दिन ऐतिहासिक : राधाकृष्णन



झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने न्यायपालिका के लिए आज के दिन को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का मंदिर है, जहां लोग न्याय मांगने जाते हैं। भारत की न्यायपालिका महान है। राज्यपाल ने कहा कि मैं पूरे देश को बताना चाहता हूं कि भविष्य की सोच के साथ इस विशाल हाईकोर्ट भवन का निर्माण किया गया है। इसमें हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की झलक मिलती है। राज्यपाल ने कहा कि कोर्ट से हमारे नागरिकों को न्याय मिलेगा। विवादों का निबटारा होगा। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की कार्यप्रणाली में सुधार के रास्ते तलाशने होंगे, ताकि लोगों को समय पर न्याय मिल सके। झारखंड हाइकोर्ट को नया भवन मिला। राष्ट्रपति महोदया को धन्यवाद। लोगों को इस नये भवन से समय पर न्याय मिले इसकी उम्मीद करता हूँ। देश का यह सबसे बड़ा हाइकोर्ट परिसर है। भविष्य की योजना के लिए यह बेहतर उदाहरण है।

## न्याय को और सरल बनाना है, स्थानीय भाषा में एक्सेस टू जस्टिस पर करेंगे काम : मेघवाल



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि जब संविधान निर्माताओं ने संविधान बनाया था और राष्ट्र को संविधान सौंपा था उस समय बाबा साहेब ने बहुत शानदार भाषण दिया था। उन्होंने कहा था- हम सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की स्थापना करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2047 में जब आजादी का शताब्दी वर्ष मनायेंगे तब एक विकसित भारत को देखेंगे। न्याय को और सरल बनाना है। फास्ट ट्रैक कोर्ट सभी नवाचार हैं। लोगों को न्याय मिले इसके लिए सैकड़ों नवाचार न्याय व्यवस्था में किये जा रहे हैं। वर्चुल हियरिंग शुरू हुई। तकनीक के माध्यम से भी हम न्याय के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। इस वर्ष के बजट में ऐसी व्यवस्था की गयी है कि जो गरीब कैदी हैं जुर्माना नहीं भर सकते हैं उनके लिए राशि की व्यवस्था की जायेगी। एक हजार से ज्यादा अप्रसांगिक कानून रद्द हुए। कहा कि कुछ चैलेंज भी हैं। स्थानीय भाषा का उपयोग न्यायिक व्यवस्था में करना है। सबों को न्याय मिले इसपर काम हो रहा है। अगले 25 वर्षों में स्थानीय भाषा में एक्सेस टू जस्टिस पर काम करेंगे। भारत सरकार न्यायपालिका की जरूरतों को पूरी करने के लिए कटिबद्ध भी है और प्रतिबद्ध भी है।

उन्होंने कहा कि जिला और सत्र न्यायालयों को सक्षम बनाना हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का कर्तव्य है। जिला न्यायालयों में समानता लानी होगी क्योंकि जिला न्यायालयों की गरिमा बनाये रखना जरूरी है। मुकदमों के बारे में जानकारी हो, सभी को सुविधा मिले। सर्वोच्च न्यायालय में अंग्रेजी में काम होता था अब हिंदी और अन्य भाषाओं का भी उपयोग किया जा रहा है।

## झारखंड की जनता के लिए गौरव की बात: हेमंत सोरेन



**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड हाइकोर्ट के नया भवन झारखंड की जनता के लिए गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने विचाराधीन कैदियों पर पिछले दिनों चिंता व्यक्त की थी। झारखंड में भी 3600 ऐसे कैदी थे जो 5 वर्षों से जेल में थे। 3400 कैदियों के मामले का निष्पादन किया गया। अभी 4 वर्षों से लंबित 3200 मामले हैं इन्हें भी छह महीने में निष्पादित कर लिया जायेगा। सरकार ने 160 सहायक लोक सेवकों की नियुक्ति की। उन्होंने कहा कि झारखंड में सुपीरियर ज्यूडिशियल सर्विस में जनजाति के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है, इसके लिए मैं केंद्र से प्रावधान करने का आग्रह करूंगा। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की जमीन का मूल्य जोड़ दिया जाये तो 1000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। जिसमें केंद्र सरकार सहयोग करे। राज्य में 506 न्यायिक पदाधिकारी हैं और 658 कोर्ट रूम हैं।

## मातृशक्ति की पराकाष्ठा हैं राष्ट्रपति : संजय कु. मिश्रा



**झारखंड हाइकोर्ट** के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि आज झारखंड के लिए एतिहासिक दिन है। झारखंड हाइकोर्ट के उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रपति का आना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमारी राष्ट्रपति मातृशक्ति की पराकाष्ठा हैं। कहा कि इस भवन का जब शिलान्यास हुआ था उस समय आप झारखंड की राज्यपाल थीं। छह वर्षों के झारखंड के राज्यपाल के कार्यकाल में उन्होंने कई बार इस नये भवन को लेकर जानकारी ली। कार्यक्रम में त्रिपुरा हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह, झारखंड हाइकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस वीरेंद्र सिंह, दिल्ली हाइकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस डीएन पटेल, झारखंड हाइकोर्ट के सभी जज, सेवानिवृत्त जज, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## राजभवन में राष्ट्रपति का हुआ भव्य स्वागत, बच्चे भी महामहिम से मिले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं। राष्ट्रपति के राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पत्नी के साथ उनका स्वागत किया। राजभवन में महामहिम ने बच्चों को भी गले लगाया। इससे पहले राष्ट्रपति बुधवार को सुबह देवघर पहुंचीं, जहां राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मंत्री बादल पत्रलेख, सांसद निशिकांत दुबे समेत कई नेताओं और अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। उसके बाद देवघर में पूजा अर्चना की। फिर एयरफोर्स के विशेष विमान से राष्ट्रपति दोपहर 12 बजे रांची पहुंचीं। रांची एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति एयरपोर्ट से सीधे बिरसा चौक पहुंचीं, वहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर अलबर्ट एक्का चौक में शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद शाम में हाईकोर्ट के नये भवन का उद्घाटन किया।

## राष्ट्रपति के समारोह स्थल में सुरक्षा व्यवस्था रही कड़ी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आने के बाद राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी गयी। जहां-जहां से राष्ट्रपति को गुजरना था और माल्यार्पण करना था, वहां-वहां दुकानें बंद करा दी गईं। बैरिकेडिंग कर आवागमन को रोक दिया गया। एयरपोर्ट से लेकर झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन और राजभवन के आसपास के इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील किया गया।

**हाईकोर्ट के अंदर बिना गहन जांच प्रवेश की इजाजत नहीं :** झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के उद्घाटन के मौके पर हाईकोर्ट के चारों तरफ एक सुरक्षा का घेरा तैयार किया गया। हाई कोर्ट परिसर में मेटल डिटेक्टर और डीएमजी से जांच करें वाहनों को प्रवेश की इजाजत नहीं मिली। हाई कोर्ट परिसर के अंदर जाने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। अंदर जाने वाले वाहन जब दोबारा बाहर निकले तब भी चेकिंग की गई।

## ...और मोबाइल में कैद होती गयी राष्ट्रपति की निश्चल मुस्कान

**कुबेर सिंह**



**रांची।** दिन बुधवार, स्थान रांची का अल्बर्ट एक्का चौक। चौक पर वैसे तो प्रतिदिन गाड़ियों के हॉर्न, ट्रैफिक आए दिन होता रहता है, लेकिन बुधवार का दिन खास था। इस दिन सौम्यता की मूरत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अल्बर्ट एक्का चौक पर आनेवाली थीं। सड़कों पर लाल कालीन बिछी हुई थी। अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा को सजाया गया था। महामहिम के काफिला के बीच में कोई न आ जाए, इसके लिए डीआइजी स्तर के अधिकारियों की ओर से हर गली में बैरिकेंडिग लगायी गयी थी और वहां पर पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुछ समय के लिए शास्त्री मार्केट, फिरायालाल समेत अन्य प्रतिष्ठानों को बंद कर दिया गया था। राष्ट्रपति की एक झलक देखने के लिए अल्बर्ट एक्का चौक पर महिलाओं, बच्चों, जवान और बूढ़े की भीड़ जमा हो गई थी। निर्धारित समय के पूर्व राष्ट्रपति का काफिला सायरन बजाते हुए वहां पहुंचा। कारकेड के बीच अल्बर्ट एक्का चौक पर काले रंग की चमचमाती सफारी रूकी। उनमें से राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू उतरीं। उनके पीछे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन भी उतरे। अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद सुरक्षाकर्मी चौकस हो गए। सभी कारकेड पर सवार होने लगे, इसी बीच राष्ट्रपति अचानक आमलोगों से मिलने के लिए उनकी ओर बढ़ने लगीं। वहां उन्होंने कई लोगों का हाथ जोड़ कर अभिवादन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भारत माता की जय के नारे भी लगाये। जैसे-जैसे राष्ट्रपति लोगों से मिलती जा रही थीं, वैसे-वैसे मोबाइल के कैमरे में उनकी निश्चल मुस्कान कैद होते जा रही थी। राष्ट्रपति के अभिवादन का जबाब लोगों ने अभिवादन से दिया। झारखंड के लोगों के प्रति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भी निश्चल प्रेम दिखा। भीड़ में शामिल एक महिला ने कहा कि वैसे तो राष्ट्रपति को टीवी में ही देखते थे, आज मेरी नजरों के सामने भारत की राष्ट्रपति थीं तो ऐसा लगा जैसे हम सपना देख रहे हों। लोग तबतक राष्ट्रपति को निहारते रहे, जबतक उनका काफिला लोगों की आंखों से ओझल नहीं हो गया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू धरती आबा बिरसा मुंडा की जीवनी को पाठ्यक्रमों में शामिल कराएं : अजय

### झारखंड के शहीदों पर सरकार की ओर से रिसर्च कराए जाएं और उसे स्कूल तथा यूनिवर्सिटी स्तर पर पढ़ाया जाए

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिनों के झारखंड दौरे पर है। इस दौरान धरती आबा बिरसा मुंडा के जन्मस्थली खूंटी में भी महामहिम का कार्यक्रम है। यह एक झारखंड के लिए यादगार पल है जब झारखंड के शहीदों को देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू के द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। अभी शहीदों के सम्मान में और भी बहुत कुछ किया जा सकता है जिसमें सर्व प्रथम है कि पूरे देश के यूनिवर्सिटी में धरती आबा बिरसा मुंडा की जीवनी को पढ़ाया जाए ताकि आने वाली पीढ़ी धरती आबा बिरसा मुंडा के आंदोलन और त्याग को समझे जानें और उनकी विचारधारा को आगे लेकर चलें। उक्त बातें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अजय कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के शहीदों को जो सम्मान देशभर में मिलना चाहिए था वह अभी तक नहीं मिल पाया है और महामहिम से निवेदन किया कि झारखंड के शहीदों को उचित सम्मान दिया जाए, इसके लिए झारखंड के शहीदों पर सरकार के द्वारा रिसर्च कराया जाए। उसे स्कूल व यूनिवर्सिटी स्तर पर पढ़ाया जाए।

## स्पीड न्यूज

### ज्ञानोदय उवि गांधीनगर के 119 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

रांची। झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा 2023 के परीक्षाफल में ज्ञानोदय उच्च विद्यालय के छात्रों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। विद्यालय के 119 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण घोषित हुए हैं। विद्यालय की छात्रा अंजली कुमारी ने 452 अंक लाकर 90 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय का टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है, जबकि छात्र में प्रिंस कुमार 442 अंक अर्थात 88 प्रतिशत अंक लाकर छात्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के बेहतर परीक्षा परिणाम पर सचिव डॉ भीम प्रभाकर ने शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि शिक्षकों के कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों के परिश्रम का परिणाम है कि इस बार का परीक्षा फल बेहतर हुआ है । उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में और भी बेहतर परीक्षा परिणाम होंगे।

### श्री हनुमत लला महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज से

रांची। श्री महावीर हनुमान मंदिर स्वर्ण जयंती नगर बागेश्वर धाम न्यू मधुकम रांची के तत्वावधान में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमत लला महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 मई को सुबह 7 बजे कलश यात्रा का कार्यक्रम है। इस कलश यात्रा में सभी सनातनी हिंदू महिलाएं मंदिर परिसर में आमंत्रित हैं। मुख्य सलाहकार शंकर प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 व 27 मईको वेदी पूजन, 28 मई को मूर्ति पूजा और नगर भ्रमण, 29मई को प्राणप्रतिष्ठा, 30तारीख को संध्या 4बजे से महाभंडारा का कार्यक्रम है। जो प्रतिदिन 6बजे से 9 बजे रात्रि तक चलेगा। इसके अलावा प्रमोद त्रिपाठी व सर्वेश मिश्रा के द्वारा पांच दिवसीय प्रवचन का कार्यक्रम होगा।

# फिल्म के माध्यम से लोगों की सोच में ला सकते हैं बदलाव : प्रो गोपाल पाठक

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में फिल्म मेकिंग वर्कशॉप का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय के फोटोग्राफी क्लब शटरबग्स ने बुधवार को फिल्म मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। वर्कशॉप में इस संस्थान के स्टूडेंट्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी फिल्म मेकिंग पर आधारित प्रश्नों पर सवाल भी रख उनका जवाब पाया।

इस मौके पर इस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक ने स्टूडेंट्स को इस वर्कशॉप में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने को प्रेरित किया व कहा कि आगे चलकर करियर बनाने में यह आपके लिए काफी उपयोगी साबित होगा। इस क्रम में उन्होंने कई एक उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे राजा राममोहन राय जिन्होंने सती प्रथा के लिए अपनी आवाज उठाई। इस कुप्रथा को समाप्त किया, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म मेकिंग ही एक ऐसा माध्यम है



जिससे हम अपने समाज और समाज में रह रहे लोगों की सोच को बदल सकते हैं। फिल्म के माध्यम से हम नव युवकों को एक अच्छी दिशा में गतिशील होने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। साथ ही इससे हम अपने संस्कृति के बारे में समझ विकसित कर सकते हैं।

शटरबग्स क्लब के कोऑर्डिनेटर चंद्रशेखर महथा ने झारखंड राज्य में उच्च स्तर पर आयोजित होने वाली चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल की व्याख्या करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने मुख्य वक्ता डॉ सुशील कुमार 'अंकन' को अभिनंदन स्वरूप प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुशील कुमार 'अंकन' , जो रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर पत्रकारिता विभाग में रह चुके हैं और साथ ही फॉर्मर डायरेक्टर डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन तथा उन्होंने बहुत सारी शॉर्ट फिल्म और डॉक्यूमेंट्री भी बनाई है जो कि झारखंड से जुड़ी कल्चर को प्रदर्शित कराती है। उन्होंने छात्रों के मन में उठे फिल्म मेकिंग से जुड़े सभी प्रश्नों की विस्तार से व्याख्या की। इस क्रम में उन्होंने अपने जीवन में बीते अनुभव को साझा किया। फिल्म मेकिंग और फोटोग्राफी के बारे में स्टूडेंट्स को बहुत सारे टिप्स बताए। जिसमें रूल ऑफ थर्ड, लाइटिंग अरेंजमेंट, शूटिंग मोड तथा कैमरा से जुड़ी तकनीकी जानकारियां साझा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से अपनी बनाई हुई शॉर्ट फिल्मों को भी साझा किया।

कार्यक्रम का संचालन बीकॉम सेकंड सेमेस्टर की छात्रा मानसी सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता बी ए इकोनॉमिक्स के छात्र दिलकश आलम ने पूरा किया। फिल्म मेकिंग वर्कशॉप के सफल आयोजन में निखिल कुमार, दिलकश आलम, प्रकाश कुमार, पीयूष करमाकर, अजूबा नाग, सचिन साहू, अभय कुमार, सत्यम चौधरी, आशीष कुमार एवं अक्षांश एक्का की सराहनीय भूमिका रही। उपस्थित अन्य लोगो में सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार, डॉ सुबानी बाड़ा, डॉ अशोक कुमार अस्थाना सहित विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## बैकलॉग विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति मिले : अमन अहमद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। एनएसयूआइ के पदाधिकारी बुधवार को रांची विश्वविध्यालय के प्रति कुलपति डॉ. अरूण कुमार सिन्हा से मिले और उन्हें मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआइ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि कई कॉलेजों के बैकलॉग छात्र-छात्राएं का परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गयी हैं। वैसे विद्यार्थियों को विवि प्रशासएन ऐक मौदा दे। सत्र 20-23 के छात्र छात्रओं का सेमेस्टर 1, सत्र 21-24 सेमेस्टर 3, सत्र 22-26 सेमेस्टर 1 और 3 रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत अनेकों महाविधालय शामिल है। इनमें मारवाड़ी कॉलेज, डोरंडा कॉलेज, एसएस मेमोरयल, एसजीएम कॉलेज, राम लखन कॉलेज, बीएसके कॉलेज लोहरदगा एवं मांडर कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हैं। एनएसयूआइ ने रांची विवि प्रशासन से मांग की है कि छात्रहित को देखते हुए ऐसे विद्यार्थियों के समस्या का निदान किया जाए। मौके पर प्रोवीसी ने छात्रों से कहा कि वह कुलपति से वार्ता करेंगे एवं छात्रहित में यथासंभव प्रयास करेंगे। मौके पर जिला महासचिव पवन कुमार, महासचिव इकबाल अख्तर, सचिव अनुज शर्मा, चंदन कुमार, डोरंडा कॉलेज अध्यक्ष शाहिल सिद्दीकी आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## जेसीआइ उड़ान ने राष्ट्रीय प्रशिक्षण दिवस पर आयोजित किया शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। राष्ट्रीय प्रशिक्षण दिवस के अवसर पर जेसीआइ उड़ान ने बुधवार को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। ट्रेनर शुभम मोदी ने लोगों को प्रशिक्षण के दौरान बताया कैसे आप अपना प्रभाव लोगों के बीच बना सकते हैं। इस शिविर में लोगों को लर्निंग, ग्रुप एक्टिविटीज व मीटिंग के माध्यम से अपने वैल्यूज को बढ़ाने का प्रशिक्षण जेसीआइ के सक्रिय सदस्यों को दिया गया। कार्यक्रम में जेसीआइ की अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, सचिव प्रीति बागला सहित सदस्यगण उपस्थित रहे। यह जानकारी रूपा मोदी ने दी।

## महेश्वरी बालिका उच्च विद्यालय का मैट्रिक परीक्षा में शत-प्रतिशत रिजल्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। महेश्वरी बालिका उच्च विद्यालय, अशोक नगर का मैट्रिक परीक्षा में शत-प्रतिशत रिजल्ट रहा। 37 छात्राओं में 35 ने फर्स्ट डिवीजन एवं 2 ने सेकेंड डिवीजन प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया है। 89 प्रतिशत अंक लाकर खुशबू कुमारी ने स्कूल में टॉप किया, जबकि सोनाक्षी महली और बुशरा माजिद दूसरे और तीसरे नंबर पर रहीं।

स्कूल के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार ने इस उपलब्धि के



लिए सभी सफल विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण को बधाई देते हुए बेहतर भविष्य के लिए और मेहनत करने को कहा। उन्होंने कहा कि विद्यालय लगभग 32 साल (1992) से समाज के आर्थिक रूप से पिछड़ी छात्राओं के लिये समर्पित है।

## वाईएमसीए टेबल टेनिस समर कैंप का हुआ शुभारंभ


रांची। वाईएमसीए रांची के तत्वावधान में वाईएमसीए वीटीसी कांटाटोली में बुधवार 24 मई को छह दिवसीय वाईएमसीए टेबल टेनिस समर कैंप का शुभारंभ किया गया। तारिक को वाईएमसीए टेबल टेनिस समर कैंप का आरंभ किया गया। इसमें टेबल टेनिस खेलने वाले 20 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया है। वाईएमसीए टेबल टेनिस का यह समर कैंप 24- 29 तक चलेगा। इस कैंप मे कोच देवेश कुमार झा बच्चों को टेबल टेनिस खेलने के टिप्स देने के साथ प्वाइंट प्राप्त करने के बारीकियों की भी जानकारी देंगे।

## सीजेयू में सोनाली बनीं मिस फ्रेशर्स मुक्तेश्वर चुने गये मिस्टर फ्रेशर्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग में बुधवार को फ्रेशर्स एवं फेयरवेल कार्यक्रम (मिलाप 2023) का आयोजन हुआ। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ विभागाध्यक्ष डॉ बटेश्वर सिंह ने प्रेरणापूर्वक शब्दों से किया।

विभाग के प्राध्यापक डॉ केबी सिंह, डॉ अजय एवं डॉ प्रणय ने भी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। विभाग के सारे बच्चों ने




प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता शामिल थे। जहां एक तरफ सत्र 2021-2023 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह हुआ, वहीं सत्र 2022-2024 के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। मौके पर सोनाली मिस फ्रेशर्स एवं मुक्तेश्वर मिस्टर फ्रेशर्स चुने गये। साथ ही सोनाली मिस फेयरवेल एवं अश्मित मिस्टर फेयरवेल चुने गये। इस सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम में छात्र एवं शोधार्थी भी मौजूद थे, जिसमें देवव्रत, नरेश, मेघा, प्रियंका, क्षितिज आदि थे।

## नि:शुल्क समर कैंप का हुआ समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के द्वारा आयोजित शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में 10 वें दिन बुधवार को तीन दिवसीय नि:शुल्क समर कैंप का समापन हुआ। इस तीन दिवसीय समर कैंप में कक्षा 6 से 8 तक के 80 बच्चों ने सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक प्रार्थना संस्कार, जूडो कराटे, योग चित्रकला, हस्तकला, नृत्य, शतरंज, संगीत की कला का प्रशिक्षण लिया। 3 दिनों में इन सभी चीजों के प्रति उनकी रुचि जागृत हुई तथा अच्छे आचरण और अनुशासन की शिक्षा भी उन्होंने खेल खेल में प्राप्त किया? |कैंप करे हर इवेंट में बच्चों ने खूब मस्ती की। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल ने कहा कि समर कैंप में बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया।

## गर्मी की छुट्टी के बीच परीक्षा से विद्यार्थी परेशान

**रांची विश्वविद्यालय**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। रांची विश्वविद्यालय में 1 जून से गर्मी छुप्ती होनेवाली है। अवकाश के दौरान ही कॉलेजों में स्नातक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 30 मई से 12 जून तक चलेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से परीक्षा को लेकर शिड्यूल भी जारी कर दिया गया है। इधर गर्मी की छुप्तियों में परीक्षा की तिथि तय किये जाने से विद्यार्थी परेशान हैं। उनका कहना है कि हम छुप्ती को देखते हुए बाहर जाने का प्रोग्राम पहले से ही बना लेते हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन का यह फैसला हैरान करनेवाला है। यहां के शिक्षकों और विद्यार्थियों में गर्मी की छुप्ती में कटौती से नाराजगी है। विरोध में शिक्षक आंदोलन पर उतर आये हैं। इधर, हालत यह है कि बढ़ती गर्मी में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में विद्यार्थियों का आना 60 से 70 प्रतिशत तक कम हो गया है। शहर के कॉलेजों में छात्र-छात्राएं क्लास करने नहीं आ रहे हैं। मारवाड़ी कॉलेज में लगभग 50-60 फीसदी छात्र गर्मी के चलते क्लास करने नहीं आ रहे हैं। वहीं एसएस मेमोरियल कॉलेज में लगभग 60 फीसदी, राम लखन सिंह यादव कॉलेज में लगभग 80 फीसदी छात्रों की दैनिक उपस्थिति में कमी है। विवि के पीजी डिपार्टमेंट में भी छात्रों की उपस्थिति कम देखी जा रही है।

## यूथ बॉक्सिंग में भाग लेने को रांची टीम रवाना

रांची। नवामुंडी में 25 से 27 मई तक आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय यूथ बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बुधवार को 9 सदस्यीय टीम रवाना हो गयी। प्रतियोगिता में 46-48 किग्रा में आलोक कुमार, 51-54 किग्रा में आशीष कुमार, 54-57 किग्रा में रोहित कुमार, 57-60 किग्रा में अभय तिर्की, 60-63.5 किग्रा में रोहित कुमार यादव, 63.5-67 किग्रा में जय कुमार महतो, 71-75 किग्रा में शिवम चौबे भाग ले रहे हैं।

## सामाजिक अभिशाप है दहेज प्रथा और बाल विवाह : नुमान अहमद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच के तत्वावधान में आजाद बस्ती स्थित गार्डन फ्लावर स्कूल में बुधवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी ने दहेज प्रथा व बाल विवाह का विरोध किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने दहेज प्रथा व बाल विवाह को एक सामाजिक अभिशाप बताया । कहा कि शादी विवाह के मौके पर लोग दहेज नहीं बल्कि भीख मांगते हैं । समाज को इस अभिशाप से मुक्ति दिलाने के लिए प्रत्येक लोगों को जागरूक करना पड़ेगा । लोगों को जागरुक करने के इस काम में युवाओं की भागीदारी अहम होगी । गांव से लेकर शहर तक सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होकर बच्चों को शिक्षा की तरफ आकर्षित करना चाहिए । ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सके । हर माता-पिता को अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए , समाज में नाम रोशन करने के लिए स्कूल भेजना जरूरी है । इस मौके पर गार्डन फ्लावर स्कूल के डायरेक्टर नुमान आलम , झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच के जिला अध्यक्ष डॉ मोहम्मद शकील , मोहम्मद जाहिद , स्कूल की प्रिंसिपल फरहाना खातून , स्कूल के सभी शिक्षक और पेरेंट्स में उपस्थित रहे।

## एकल विद्यालय के बच्चों की पांच दिवसीय नगर यात्रा का हुआ समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। वनबंधु परिषद रांची चैप्टर द्वारा एकल विद्यालय के बच्चों की (20 से 24 मई तक आयोजित) पांच दिवसीय नगर यात्रा बुधवार को रांची में सम्पन्न हुआ। नगर यात्रा में 17 संचों के 121 एकल विद्यालय गांवों से 750 बच्चों ने हिस्सा लिया।

पांच दिवसीय नगर यात्रा में प्रत्येक दिन निर्धारित संचों के एकल विद्यालय के 150-155 बच्चे अपने-अपने गांव से प्रातः काल प्रस्थान कर सुबह 8:30 बजे रांची शहर पहुंच जाते थे एवं शाम 5 बजे रांची शहर से अपने गांव के लिए प्रस्थान करते थे। पूरे दिनभर रांची शहर का आनंद उठाते थे। रांची एवं इसके आस-पास चलने वाले एकल विद्यालय के गांव के संचो से बच्चे आते-जाते थे, जिसमें रामगढ़ संच, ठाकुरगांव संच, नगड़ी सच, गोला संच, ओरमांझी संच, अनगड़ा संच, लोधमा संच, वरलंगा संच, राहे संच, खूंटी संच, पतरातु संच, भुरकुंडा संच, सोनाहातु संच, बुण्डु संच, माण्डु संच, कुज्जु संच, सिल्ली संच एवं तमाड़ संच शामिल




है। नगर यात्रा में एकल विद्यालय के बच्चों की देख-रेख करने के लिए आचार्यगण एवं प्रमुख सेवाव्रती कार्यकर्ता भी साथ रहते थे। एकल विद्यालय की नगर यात्रा एक नया संदेश दे प्रस्तुत की। जिसमें सुदूर ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्र से आए एकल विद्यालय के बच्चे भी मोहित हो गए। दोनों एक दूसरे के स्वभाव एवं आत्मीय व्यवहार को देखकर मन मोहित थे।

वनबंधु परिषद रांची के मीडिया प्रभारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि परिषद के पदाधिकरीगण प्रतिदिन सुबह-सुबह आकर इन बच्चों के साथ डेढ़ घंटे बिताते थे। स्वयं अपने हाथो से नास्ता कराते थे, उनसे बातें करते थे, उनके साथ गीत गाते थे, एकल बच्चों के साथ योग व्यायाम ध्यान करते थे। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि जैसे-जैन समाज, अग्रवाल समाज आदि के बंधु भी इस कार्यक्रम में शमिल हुए।

इस नगर यात्रा में वनबधु परिषद के रेखा जैन, रमेश धरनी धरका, प्रदीप जैन, जयदीप मोदी, मुकेश अग्रवाल, राजकुमारी जैन, अमरेन्द्र विष्णुपुरी, अनुपंमा राजगड़िया, राजेश अडुकिया, मानिक सरावगी, मंजु सरावगी, उतरा सरावगी, श्रतिका जैन, सानवी जैन, दीपक अग्रवाल, विजया अजमानी, सीमा राजगड़िया, लाड़ी हारा, सुमन मिनोचा, अनिता तुलस्यान, अंचल किगंर, अनूराग सरावगी, आदि विशेष रूप से अपस्थित रहते थे।

# सिजोफ्रेनिया का इलाज संभव है : डॉ सुनील सूर्यवंशी

## सीआइपी ओपीडी परिसर में सिजोफ्रेनिया जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस पर 24 मई, 2023 को कांके स्थित सीआइपी ओपीडी परिसर में सिजोफ्रेनिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन चरक आउट पेशेंट भवन में बुधवार की सुबह हुआ।

संस्थान के निदेशक प्रो (डॉ) बासुदेब दास ने समुदाय की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डाला। क्लिनिकल साइकोलॉजी की सहायक प्रोफेसर डॉ प्रियंका लेंका ने इस वर्ष सिजोफ्रेनिया जागरूकता दिवस के विषय पर व्याख्यान दिया। इस वार्ता का उद्देश्य विभिन्न



अध्ययनों से प्रकट होने वाले लक्षणों, पाठ्यक्रम और पूर्वानुमान पर संक्षेप में प्रकाश डालना है। भारत जैसे विकासशील देशों में विकसित देशों की तुलना में बेहतर पूर्वानुमान है। नकारात्मक व्यक्त भावनाओं की भूमिका और पुनरावर्तन पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला गया।

इसके बाद मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम और दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम में मौजूद समुदाय की भूमिका की संक्षेप में चर्चा की गई। उसके बाद सवाल-जवाब सत्र था।

मौके पर मनोचिकित्सा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुनील कुमार सूर्यवंशी ने बीमारी के संबंध में पूछे गए सवालों का जवाब दिया। डॉ सूर्यवंशी ने बताया कि बीमारी का इलाज संभव है। उपचार की अवधि आवश्यक है। उन्होंने दवाओं के दुष्प्रभाव और उपचार आदि से संबंधित सवालों का जवाब दिया। धन्यवाद डॉ सूर्यवंशी ने किया।

## कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलीटेक्निक में 'यूफोरिया' का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलीटेक्निक में बुधवार को फ्रेशर्स वेलकम पार्टी 'यूफोरिया' का आयोजन किया गया। रंगारंग समारोह में विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ रोहित शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रोग्राम कन्वेनर प्रो आशीष, प्रो साकेत, प्रो हेमंत प्रियदर्शी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संस्थान के सचिव नवनीत सिंह ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अनुशासित जीवन जीने की



सलाह दी। प्रोग्राम कन्वेनरों ने भी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह में संस्थान की प्रो त्रिशिता घोष द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक लोक नृत्य की खूब सराहना की गयी। कार्यक्रम में नृत्य संगीत के अलावे कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। मालूम हो की 2021 बैच के विद्यार्थियों द्वारा 2022 बैच के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया था।

स्पीड न्यूज

## पायोनियर कंपनी ने किसानों को दिये बीज

**पिठोरिया।** मुडहर पहाड़ स्थित सामुदायिक भवन में पायनियर कंपनी के द्वारा कांके प्रखंड के सभी गांव से 1-1 प्रवक्ता को बुलाकर खरीफ सीजन की खेती के गुर के विषय में बताया गया। कम्पनी के अधिकारियों ने कहा कि किसान भाई अपनी खून-पसीने की कमाई को खेती में सोच समझ कर लगाय। साथ ही मौके पर किसानों को इस साल के लिए तीन तीन केजी पायनियर हाइब्रिड धान 27 पी 37 दिया गया। मौके पर क्षेत्र के कई प्रगतिशील किसान के साथ कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा सोनाहातू मंडल कार्यसमिति बैठक

**सोनाहातू।** भाजपा सोनाहातू मंडल कार्यसमिति की बैठक जामुदाग के हरिमंदिर परिसर में संपन्न हुई ।बैठक में रांची जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष सह सोनाहातू के प्रभारी लक्ष्मण मुंडा उपस्थित हुये। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोइरी और संचालन मंडल के महामंत्री परीक्षित मंडल ने किया। बैठक में प्रधानमंत्री ओर केंद्र सरकार की जान कल्याण योजनाओं की जानकारी देकर जन जन तक पहुंचाने को कहा गया। बैठक में युवा अध्यक्ष खगेश कुमार महतो, महामंत्री सजल कुमार मंडल, एसटी अध्यक्ष महिपाल सिंह, कुशल महतो, महावीर सोनी मौजूद थे।

## पाइप फटने से बर्बाद हो रहा सैकड़ों लीटर पानी



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड मुख्यालय परिसर के में गेट के समीप पेयजल पाइप लाइन फटने से रोज सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। वहीं सड़क पर पानी बहते रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है जब भी सप्लाई आती है तो उस दौरान दबाव के चलते पानी बहने लगता है। लोगों ने इसकी शिकायत कई बार पंचायत प्रतिनिधियों एवं जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों से की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। विभाग द्वारा इसकी जाच कर ठीक करा देने बात कही जाती है परंतु अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। यह समस्या बीते करीब 10 दिनों से है। स्थानीय लोगों ने पाइपलाइन की लिकेज बंद करने की मांग की है।

### पता पूछने के बहाने जगुआर के सिपाही से 21 मई को हुई थी लूट

# मोबाइल, स्कूटी के साथ लूट का आरोपी गिरफ्तार

**नगद, एटीएम कार्ड सहित लूट लिया था सर्विस आईडी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 83-23 का खुलासा करते हुये सुखदेवनगर पहाड़ीटोला बानो मंजिल हाफपैंटवा मुहल्ला निवासी स्व मो गन्नी के पुत्र 25 वर्षीय मो रमजान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके पास से रेडमी कंपनी की मोबाइल और लूट में प्रयुक्त काले रंग की एक्टिवा जेएच1 डीसी 1498 भी बरामद की गयी है। यह जानकारी थानेदार सपन कुमार महथा ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि 21 फरवरी की रात आठ बजे झिरी आनंदनगर स्थित रिंग रोड में स्कूटी जेएच 01 डीसी 1498 पर सवार दो हथियारबंद अपराधियों ने पता पूछने के बहाने रोक जगुआर के सिपाही संतोष हांसदा से पर्स में रखे 5 हजार नकद, रेडमी मोबाइल, पैन कार्ड, आधार, एटीएम, सर्विस आईडी और बक्से की चाभी लूट ली थी।

### कैसे हुआ खुलासा



आरोपी मो रमजान

श्री महथा ने जानकारी दी कि मोबाइल चालू हालत में थी। टेक्निकल सेल से सीडीआर निकाला गया। लोकेशन के जरिये नरकोपी के अशफाक अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। उसने मोबाइल का उपयोग जीजा मो रमजान द्वारा किये जाने की बात कही। उसकी निशानदेही पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में कांड के आईओ अवर निरीक्षक शेखर कुमार सिंह समेत कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

## घर का ताला तोड़ नगद और जेवरात की चोरी

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के सिदरौल में अज्ञात चोरो ने चंदन कुमार नामक व्यक्ति के घर में ताला काटकर लाखो रुपए मूल्य के गहने और लगभग बीस हजार रुपए नकदी की चोरी कर ली। मामले में पीडित चंदन कुमार ने नामकुम थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरो पर प्रथमिकी दर्ज करायी है। थाने में दिए आवेदन में चदंन ने बताया है कि बुधवार सुबह लगभग साढे दस बजे घर में ताला लगा कर अपने आफिस चला गया था, दोपहर लगभग दो बजे पडोसियों के द्वारा उसे सूचना दी गयी कि उसके घर का ताला टुटा हुआ है,उसके बाद वह अपने घर पहुंचा तो देखा कि मुख्य द्वारा पर लगे एलड्राप और ताले को कट कर चोर उसके घर में घुसे थे घर के अंद जाकर देखा तो अलमीरा और सारा सामान बिखरा पड़ा था।

## बेड़ो में तीन हाथियों ने रौंद डाली सब्जी की फसल

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में मंगलवार की रात लगभग नौ बजे तीन जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने इसी गांव के डाकी उराईन पति टोप्पो उरांव के मीठा मक्काए मिर्चाए शिमला मिर्चाए बोदी व खीरा बनारसी उरांव के खीरा गोंगरा व सत्पुतिया जेवियर उरांव के मक्का व खीरा के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इधर घटना की सूचना पाने के बाद समाजसेवी चरवा उरांव ने वन विभाग को जानकारी दी। उन्होंने पीड़ित किसानों को प्रखंड प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इन क्षेत्रों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन जंगली हाथी उत्पात मचा रहे हैं। फसलों को खाकर व रौंदकर तथा घरों को ध्वस्त कर रहे हैं।

## मैट्रिक परीक्षा: निश्चल मेमोरियल के सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** झारखंड बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में क्षेत्र के स्कूलों के छात्रों ने उत्कृष्ट सफलता पाई है। निश्चल मेमोमोरियल उच्च विद्यालय पिठोरिया के 48 छात्रों में से सभी ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल के छात्र कार्तिक गोप ने 90.6 प्रतिशत, प्रियंका कुमारी ने 88.8 प्रतिशत तथा संजना मुंडा ने 87 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर किया। किसान उच्च विद्यालय पिठोरिया के 75 छात्रों में से 66 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल के अंकित कुमार ने 92 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर किया है। साइंस विजन पब्लिक स्कूल मारवा के 45 छात्रों में से 43 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल की छात्रा नाज परवीन ने 90 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। न्यू ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल बूढ़ीबागी के 50 छात्रों में 45 ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल का छात्र निसार अंसारी 86 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना। वहीं किसान हाई स्कूल गेसवे की छात्रा संगीता कुमारी ने 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। साथ ही स्कूल के ईश्वर पाहन व सईद अनवर ने 91 प्रतिशत अंक लाया है।


**Affidavit**

I, Sayyad Shah Alaquama Shibli Quadri S/o Enamur Rab, R/o Near Firdous Nagar, Masjid, Firdaus Nagar, Mani Tola, P.O. & P.S. Doranda, Dist. Ranchi Jharkhand do hereby solemnly declre vide affidavit no 200 dated 12.05.2023 that my correct name is mentioned as Sayyad shah Alaquama Shibli Quadri which is mentioned in my Aadhar Card No. 4426 5087 8566, but my name is mentioned as Shibli Alquama in my Indian Passport No. V6374472. Sayyad Shah Alaquama Shibli Quadri and Shibli Alquama is the name of only one and same person i.e. myself.


## एकल विद्यालय के बच्चों ने की नगर यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड स्थित सभी एकल विद्यालय के बच्चों को एकल अभियान रांची चैप्टर के तहत बुधवार नगर यात्रा करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान रांची मैन रोड स्थित जेडी हाईस्ट्रीट मोल में बच्चों को रिफ्रेश हाल पर जलपान कराया गया। तत्पश्चात एमएस धोनी मूवी दिखाया गया। इन बहुमंजिली इमारत के सातवें तल्ले पर लिफ्ट और इलेक्ट्रॉनिक सीढ़ियां चढ़ , सातवें मंजिल से रांची का नजारा देख खुशी का ठिकाना नहीं रहा। फिर विडियो गेम्स खेलकर बच्चे काफी आनंद उठाया। वहीं दोपहर में सभी को भोजन के साथ आइस क्रीम और मिठाई बांटी गई। एकल विद्यालय का यह कार्यक्रम पिछले 20 मई से लगातार चला। जिसमें रांची, खूंटी और रामगढ़, सिल्ली, सोनाहातू, राहे, बुंडू, बरलंगा, गोला समेत 18 संचो के 121 विद्यालय से 850 से अधिक बच्चे एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। यह नगर यात्रा कार्यक्रम से बच्चे काफी उत्साहित हैं। वहीं रांची चैप्टर के लोग गांव के बच्चों की खुशी से काफी खुश हैं। ग्रामीण एकल परिवार को यह महसूस न हो कि शहर में हमारा कोई परिचित नहीं है। इस भाव के साथ शहरवासियों और ग्रामवासियों को जोड़कर अखंडता में एकता की पहचान कराकर एकल हमेशा आगे बढ़ रहा है।

## पिपरवार विकास विद्यालय के मनीकांत स्कूल टॉपर



**पिपरवार।** पिपरवार विकास विद्यालय के छात्रों ने जैक दसवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है विद्यालय के छात्र मनीकांत कुमार ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहे । जबकि बसंत कुमार 76.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सेकेंड टॉपर एवं चंचल कुमार ने 76.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के तृतीय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया द्य पिपरवार विकास विद्यालय द्वारा दसवीं जैक बोर्ड परीक्षा में कुल 43 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे।


**NAGAR PANCHAYAT BUNDU**

**Very Short Tender 02/23-24**

Letter No - Date-

**REQUEST FOR PROPOSAL**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Selection of Chartered Accountant / Cost Accountant Firms For Intenal Audit of Nagar Panchayat Bundu |
| 2 | Descriptions and Objectives of the Assignment | Internal Audit to assist in improving the accountability of use Funds and provide a deterrent to malpractice or mismanagement. |
| 3 | Language of Documentation | English |
| 4 | Mode of submission of Bids | By Speed / Registered post / By Hand(Open Tender) |
| 5 | Tender fee and Earnest Money Deposit (EMD) (In INR) | Cost of tender fee 5000.00 (Rs Five Thousand Only) Earnest Money Deposit (EMD ) 20000.00 |
| 6 | Method of selection | LCS (Least cost Selection Method) |
| 7 | Total Time Period | 3 Years |
| 8 | Date of Publish of Tender | 25-05-2023 up to 10:00 AM |
| 9 | Date of submission of bids | 02-06-2023 up to 03:00 PM |
| 10 | No. Of copies Tech. and Financial proposal for each package | 1 Copy of Technical Proposal 1 Copy of Financial Proposal |
| 11 | Date/ Time of Technical Bid Opening | 05-06-2023 Time 02:00 PM |
| 12 | Bid Submission address | Office of Nagar Panchayat Bundu |
| 13 | Helpline No. | 8825152708, 9905766497 |

Note- Details of Tender also be seen in Website www.udhd.jharkhand.gov.in

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत बुण्डू

PR 298211 Urban Development(23-24).D


## राहे: हरिनाम कीर्तन में उमड़ रही भीड़

**राहे।** सोलह आना समिति राहे द्वारा आयोजित नवरात्र अखंड हरीनाम संकीर्तन सातवें दिन बुधवार को कीर्तन स्थल पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। हरि मंदिर में स्थापित राधाकृष्ण के प्रतिमा पर लोग दिन भर पूजन कर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किये। बंगालएझारखंड के कीर्तन मंडली के द्वारा किये जा रहे आकर्षक हरीनाम कीर्तन से लोग आनन्दित ही रहे है। इसअवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया है। मेले में टॉवर झूला मिकी माउसमौत का कुंआलगाय गया है। समिति के मनोज चटर्जी सुशांत सिंह कमलाकांत सिंह सुरेन्द प्रजापति सपन दास सुधीर दास विनोद रक्षित आदि के साथ नेहरू युवा क्लब के सदस्यों के द्वारा कीर्तन को सम्पन्न कराया जा रहा है।

## दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम पर चर्चा

**समावेशी शिक्षा पर तीन दिनी प्रशिक्षण का समापन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** समावेशी शिक्षा पर साइटसेवर्स, झारखंड शिक्षा परियोजना, राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र की ओर से तीन दिनी आवासीय शिक्षण प्रशिक्षण बुधवार की शाम समाप्त हो गया। डायट परिसर स्थित जेसीईआरटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सात जिले से नव चयनित रिसोर्स शिक्षक शामिल हुये। इस बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम को सफल बनानेए दिव्यांगता के प्रकारए लक्षण, शैक्षणिक आवश्यकता व रणनीति पर चर्चा की गयी। वहीं सांकेतिक भाषा को उपयोग में लाने पर विशेष जोर दिया गया।



### शिक्षकों को मिली जानकारी

समावेशी शिक्षा के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अरूनालता केरकेट्टा, साईटसेवर्स इंडिया की सपना सारिका सुरीन व सलाहकार चंदन सिंह ने शिक्षकों को दृष्टिबाधित व मुखबधिर समेत सभी प्रकार के दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों के पठन-पाठन की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षक-शिक्षिकायें बेहद उत्साहित नजर आये।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा**

**अल्पकालीन–ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या **SPUF/MID/KODREMA/F2-2/2023-24 Date 23-05-2023**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:–

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डंडाडीह पावर हाउस से लेकर डंडाडीह हरिजन टोला तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2484000.00 | 49700.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | ग्राम सतगाँवा में वन विभाग के कार्यालय के बगल से समलडीह पैक्स गोदाम तक निर्माणाधीन पी०सी०सी० रोड के शेष भाग को पूर्ण करना। | 2412000.00 | 48300.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | ग्राम पहाड सिंह खैरा गाँव में पी०डब्लूडी० रोड से उ०म० विधालय तक पी०सी०सी० सडक निर्माण। | 2498000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |
| 4 | डोमचाँच प्रखण्ड के ग्राम कटाही से नईटांड (प्रखण्ड जयनगर) रोड निर्माण। | 2499900.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |
| 5 | जयनगर प्रखण्ड के डण्डाडीह पंचायत में डण्डाडीह ग्रामीण कार्य विभाग पथ सडक से डण्डाधारी धाम तक पी०सी०सी० पथ निर्माण लगभग 800 फीट। | 1515000.00 | 30300.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |

2. वेबसाइट मे निविदा प्रकाशन की तिथि :–30.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 05.06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि 06.06.2023 एवं समय 10:00 बजे से 03:00 बजे तक। स्थान कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा एवं सहायक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई अनुमंडल, जयनगर निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.06.2023 अपराह्न 02:00 बजे

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट– WWW.Jharkhand tenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.298197 Minor Irrigation(23-24):D — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।


## देवानंद कोईरी सोनाहातू प्रखंड टॉपर

**मैट्रिक परीक्षा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामुदाग के देवानंद कोइरी 461 अंक लाकर सोनाहातू प्रखंड टापर बना है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामुदाग के ही प्रफुल्य महतो और राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय लांदुपडीह की छात्रा रीतु सांडिल क्रमशः 459 अंक प्राप्त कर द्वितीय प्रखंड टापर बनी है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामुदाग की ही सुलेखा कुमारी व राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सोनाहातू के अजीत महतो 458 अंक हासिल कर तृतीय टॉपर बने हैं। इन छात्रों की सफलता पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामुदाग के प्रधानाध्यापक हरिवंश उरांवए सुमार महतोए राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय लांदुपडीह के प्राचार्य रुबेल लकड़ाए शिक्षक विंदेशवर महतोए उमाकांत स्वांसीए राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सोनाहातू के प्रधानाध्यापक रामेशवर सेठए दीपक महतो आदि ने बधाई दी है।

## सिरका विकास विद्यालय और विद्या मंदिर का बेहतर प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** सरस्वती शिशु विधा मन्दिर गेतलसूद तथा विकास विद्यालय सिरका के छात्र छात्राओ ने भी मैट्रीक की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किए हैं । सरस्वती शिशु मन्दिर के 78 परीक्षार्थियों में से 60 ने प्रथम श्रेणी में 15 द्वितीय तथा तीन तृतीय श्रेणी में उर्तीण हुए है । विधायल की वन्दिता रानी 90 प्रतिशत पायल कुमारी 85०6 प्रतिशत तथा हेमंती कुमारी ने 85 प्रतिशत अंक हासिल करके प्रथम द्वितीय और तृतीय टॉपर बनी । वहीं विद्यालय के आठ छात्र छात्राओ ने80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं । विकास विधालय सिरका के 42 छात्र छात्राओ ने परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें 35 ने प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं। विद्यालय परिवार ने सभी को बधाई दी है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(लापता ऋषी कुमार, उम्र–20 वर्ष)**



नगर उटॉरी थाना दैनिकी सनहा सं0–16/023, दिनांक–06.06.2023, में लापता ऋषी कुमार, उम्र–20 वर्ष, पे0–सुदामा राम, सा0–जमुआ, थाना–नगर उटॉरी, जिला–गढ़वा, राज्य झारखण्ड के रहने वाले हैं। जो दिनांक–02/05/2023 को समय लगभग 10:30 अपने घर से लापता हैं। घर से बिना बताये हुये निकला जो अभी तक लापता है, जो मानसीक रूप से थेड़ा विक्षिप्त है। उक्त लापाता का काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता में लापता ऋषी कुमार, उम्र–20 वर्ष, पे0–सुदामा राम, के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–गेहुँआ
लम्बाई– लगभग 5 फीट
भाषा– हिन्दी, स्थानीय

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 298187 (Police)23-24*D


# सड़क के लिए ग्रामीण मुख्यालय पर देंगे धरना

**हेंदेबिली-गढ़टोली सड़क निर्माण की मांग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव गढ़टोली के ग्रामीण सड़क की मांग को लेकर बाल-बच्चों के साथ प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है देश की आजादी का अमृत महोत्सव मन रहे हैं और हमें सड़क निर्माण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। इतने वर्ष बाद भी गांव का हाफ किमी सड़क निर्माण नही होने से ग्रामीण काफी दुखी हैं। गांव के राजकिशोर महतो, रामकुमार सिंह, रामचरण यादव, राजेश यादव, जयकिशुन महतो, देवनंदन बेदिया, सुमती देवी, सविता देवी, हुलसी देवी व शांति देवी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि बेदिया टोली से गढ़टोली जाने के लिए सड़क नहीं रहने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खास कर बारिश के दिनों में किचड़ भरा रहता है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों व बाजार जाने वाले किसानों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की मांग करते हुए कई पीढ़ी गुजर गई, लेकिन सड़क का निर्माण अबतक नही हुआ। ग्रामीणों के अनुसार प्रत्येक ग्रामसभा में भी सड़क निर्माण की योजना जोड़ा जाता है। बावजूद निर्माण नहीं होता है। ग्रामीणों के अनुसार चुनाव के दौरान गांव आने वाले विभिन्न पार्टी के नेताओं व मुखिया से भी निर्माण की मांग की जा चुकी है, फिर भी कोई पहल नहीं हुई है।



गांव जाने वाली सड़क की मांग करते ग्रामीण।


**कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा**
**(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना**

(P.R No.- 295218)

**आम सूचना**

निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र–2022–23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ पिछडी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रकियात्मक कार्रवाई से संबंधित पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (**P.R No.- 295218**) के क्रम में पूर्व में निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है :–

| क० | प्रकियात्मक कार्रवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| | ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के अन्दर) :– | |
| 1. | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 20.06.2023 |
| 2. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 30.06.2023 |
| | ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा (राज्य के बाहर) :– | |
| 1. | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 30.05.2023 |
| 2. | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 20.06.2023 |
| 3. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 30.06.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 298192 Lohardaga (23-24)_D

# मौसम की तल्खी

देश का बड़ा हिस्सा इस वक्त गर्मी की चपेट में है, वहीं कर्नाटक उतराखंड और पूर्वोत्तर से भारी बारिश और भूस्खलन की भयावह खबरें सामने आई हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून तेज बारिश के कारण बंगलुरू शहर के कई हिस्सों में जल-जमाव हो गया, भारी बारिश के कारण कई निचले इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया, जिससे वाहनों की आवाजाही लगभग ठप रही। हर बारिश के बाद, देश के बड़े और आधुनिक शहरों की यही कहानी है। सालों साल एक जैसी कहानी देखते और झेलते हुए भी जनता ने इसे अपने जीवन का सच मान लिया है। बरसात के कारण हजारों हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसल बर्बाद हो गई। संचार और यातायात ठप्प होने से रोजमर्रा के कारोबार पर भी असर पड़ा है। बाढ़, बारिश, सूखा या भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएं अक्सर अपनी चपेट में आने वालों को जीवन भर का जख्म दे जाती हैं। भूकंप का तो खैर अनुमान नहीं लगाया जा सकता। मगर बारिश और सूखे का अनुमान लगाने के लिए तो मौसम विभाग बना हुआ है। यह आश्चर्य की बात है कि असम में इस बाढ़ की जानकारी समय रहते लोगों को क्यों नहीं दी गई या उन्हें पहले ही सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। अगर मौसम की सटीक भविष्यवाणी नहीं हो पाई थी, तो फिर इस दिशा में भी सरकार को विचार करना चाहिए कि आखिर हमारी तकनीकों में कहां कमी रह रही है। मार्च से ही मौसम लगातार अपने विपरीत आचरण से कृषि सहित आम लोगों को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। पर्यावरणविद इस परिवर्तन को ग्लोबल वार्मिंग से जोड़ कर देख रहें हैं। 1980 की चेतावनी अब सर पर आ गयी है लेकिन विशेषकर भारत सहित विकासशील देशों को इससे होने वाले नुकसान को लेकर विकसित देश का आचरण सकरात्मक नहीं है।

# न्याय का मंदिर

किसी न्यायिक भवन का व्यवस्थित होना त्वरित न्याय की दिशा में एक कदम माना जाना चाहिए। झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन का लोकार्पण करते हुए राष्ट्रपति द्रोपद्री मुर्मू ने कहा कि यह न्याय का मंदिर आम लोगों के हित, बंचित और समाज के सबसे निचले तबके को न्याय दिलाने की दिशा में ठोस कार्य करेगा। निश्चित ही महामहिम की उम्मीद आम लोगों की उम्मीद है। झारखंड हाई कोर्ट का पूराना भवन संयुक्त बिहार के एक पीठ के रुप में स्थापित था जहां केस के आधार पर कम स्थान होने से न्यायिक व्यवस्था के संचालन में कठिनाई होती थी। अलग राज्य निमार्ण के बाद बिहार से भी झारखंड के क्षेत्र के केस आ जाने से इनकी संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई थी। इस कारण एक आधुनिक और सुसज्जित कोर्ट परिसर की आवश्यकता राज्य को थी। वह आवश्यककता इस उच्च न्यायालय के नये परिसर के शुभारंभ से पूरी हो गयी है। देश और राज्य के विकास में जो सबसे अधिक आवश्यकता है वह है त्वरित न्याय की जिसको लेकर पूरे देश में चर्चा और चिंता व्यक्त की जा रही है। न्यायालयों में जिस प्रकार केस दर्ज हो रहें है उस तुलना में तेज गति से मामलों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। चार करोड़ से अधिक मामले आज न्यायालयों में लंबित है और अगर एक मामले में चार लोग भी प्रभावित है तो यह संख्या बीस करोड़ हो जाती है। न्यायालय किसी भी व्यक्ति के लिये उम्मीद की अंतिम सीढ़ी होती है और इसका विश्वास कायम रहे यह आवश्यक है। सुविधा और आधुनिकता से मामलों के त्वरित निप्पादन की एक उम्मीद अवश्य बधंती है। हमारी न्यायिक व्यवस्था आज भी दुनिया में शीर्ष न्यायिक व्यवस्थाओं में एक है और हम न्याय के मंदिर में अपनी समस्याओं का निपटारा की चाह रखते हैं। एक बेहतर उम्मीद से झारखंड को एक बेहतरीन न्याय परिसर का निर्माण हुआ है।

# मोदी बने जी-20 और जी-7 सहयोग के सूत्रधार





**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने विदेश नीति का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने विश्व शांति और सौहार्द का प्रभावी संदेश दिया है। यही कारण है कि विकसित देश भी भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार कर रहे हैं। वैश्विक सम्मेलन में सर्वाधिक आकर्षण मोदी के प्रति होता है। ऐसा जापान के हिरोशिमा में भी हुआ। भारत जी-20 का अध्यक्ष है। मोदी दोनों संगठनों के बीच सहयोग के सूत्रधार बने हैं। उन्होंने कहा कि जी-20 और जी-7 के बीच एक महत्वपूर्ण लिंक बनाया जा सकता है।

नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन में खाद्य, स्वास्थ्य और विकास से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए दस सूत्री कार्ययोजना का आह्वान किया है। सुझाव दिया कि वैश्विक नेताओं को ऐसी समावेशी खाद्य प्रणाली विकसित करनी चाहिए जिससे गरीब किसानों सहित सबसे कमजोर लोगों की रक्षा की जा सके। पोषण और पर्यावरण के हित में मोटे अनाज के उपयोग होना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाएं विकसित करने के लिए डिजिटल व्यवस्था बढ़ाना आवश्यक है। विकासशील देशों की जरूरतों से प्रेरित विकास मॉडल होना चाहिए। परस्पर सहयोग से स्वास्थ्य सेवा,आरोग्य तथा खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों से संबंधित चुनौतियों का समाधान करना महत्वपूर्ण है।

बड़ी बात यह है कि भारत जी-7 समूह का हिस्सा नहीं है। फिर भी भारत को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी लगातार चौथी बार जी-7 में शामिल हुए। जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है। इसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं, जी-7 समूह की स्थापना 1973 में की गई थी। इसका किसी भी देश में मुख्यालय नहीं है। यह ग्रुप मानवीय मूल्यों की रक्षा, लोकतंत्र की रक्षा, मानवाधिकारों की रक्षा, अंतरराष्ट्रीय शांति का समर्थक, समृद्धि और सतत विकास के सिद्धांत पर चलता है। वस्तुतः नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 को नई दिशा मिल रही है। जी-7 के सदस्य भी भारत की इस भूमिका से प्रभावित है। नरेन्द्र मोदी की क्षमताओं का वह लाभ उठाना चाहते हैं। नरेन्द्र मोदी पर दुनिया को विश्वास है।

किसी वैश्विक संगठन ने पहली बार भारतीय सूक्ति को अपना ध्येय वाक्य बनाया है। वस्तुतः यह भारतीय चिंतन के बढ़ते प्रभाव और लोकधर्म की प्रतिध्वनि है। इसे विश्व सहजता से स्वीकार कर रहा है। लोगों को धीरे-धीरे यह समझ में आ रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान भारतीय चिंतन के माध्यम से किया जा सकता है। विश्व गुरु भारत ने सम्पूर्ण मानवता के लिए वसुधैव कुटुम्बकम का विचार दिया था। किसी अन्य सभ्यता संस्कृति के लिए यह दुर्लभ चिंतन था। इसमें सभ्यताओं के बीच संघर्ष की कोई संभावना नहीं थी। लेकिन कालान्तर में ऐसे संघर्ष का दौर भी चला। दुनिया में शांति और सौहार्द की अभिलाषा रखने वालों को भारतीय विरासत में ही समाधान दिखाई दे रहा है। अन्य कोई विकल्प है भी नहीं।



-डॉ दिलीप अग्निहोत्री

> यह विषय दुनिया को युद्ध मुक्त करने तक ही सीमित नहीं है। भारत ने पृथ्वी सूक्ति के माध्यम से मानवता को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का भी संदेश दिया। कोरोना काल में भारतीय जीवन-शैली और आयुर्वेदिक को दुनिया में पुनः प्रतिष्ठित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व कल्याण के दृष्टिगत दुनिया को भारतीय विरासत से परिचित करा रहे हैं। उनके प्रयासों से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।

यह विषय दुनिया को युद्ध मुक्त करने तक ही सीमित नहीं है। भारत ने पृथ्वी सूक्ति के माध्यम से मानवता को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का भी संदेश दिया। कोरोना काल में भारतीय जीवन-शैली और आयुर्वेदिक को दुनिया में पुनः प्रतिष्ठित किया है। उस समय अपने को विकसित समझने वाले देश भी लाचार हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व कल्याण के दृष्टिगत दुनिया को भारतीय विरासत से परिचित करा रहे हैं। उनके प्रयासों से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग प्रत्येक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य हेतु बहुत उपयोगी है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ऐसे मानवीय तथ्यों को दुनिया में स्थापित कर रहा है। विगत नौ वर्षों के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ा है।

जी-20 में भी भारत के विचारों को बहुत महत्व मिलने लगा है। कुछ वर्ष पहले तक यह कल्पना भी मुश्किल थी कि भारत इस संगठन का अध्यक्ष बनेगा। आज यह सहज रूप में सम्भव हुआ है। नरेन्द्र मोदी ने इसे भारत के लिए एक बड़ा अवसर माना है। इसके माध्यम से वह विश्व कल्याण के तथ्यों लोगों को अवगत करा रहे हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन का लोगो अपने में एक विचार को अभिव्यक्त करने वाला है। नरेन्द्र मोदी ने भारत की मेजबानी में अगले वर्ष आयोजित होने वाली जी -20 शिखर वार्ता का प्रतीक चिह्न, ध्येय वाक्य और वेबसाइट का अनावरण किया था। जी-20 के प्रतीक चिह्न में सात पंखुड़ियों वाले कमल के फूल पर गोलाकार विश्व स्थित है। इसके नीचे भारतीय संस्कृति का प्रसिद्ध ध्येय वाक्य ह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्न अंकित है। साथ ही वन अर्थ,वन फैमिली और वन फ्यूचर को स्थान दिया गया है। मोदी ने कहा कि इस लोगो और थीम के माध्यम से एक संदेश दिया गया है। हिंसा के प्रतिरोध में महात्मा गांधी के जो समाधान हैं। जी-20 के जरिए भारत उनकी वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊर्जा दे रहा है।

नरेन्द्र मोदी ने संयुक्तराष्ट्र महासभा में भी कहा था कि भारत युद्ध नहीं बुद्ध का देश है। प्रतीक चिह्न में कमल का फूल भारत की पौराणिक धरोहर, हमारी आस्था और हमारी बौद्धिकता को चित्रित करता है। प्रतीक चिह्न के कमल की सात पंखुड़ियां दुनिया के सात महाद्वीपों और संगीत के सात स्वरों का प्रतिनिधित्व करती हैं। प्रतीक चिह्न इस आशा को जगाता है कि दुनिया एक साथ आगे बढ़ेगी। प्रतीक चिह्न में कमल आज की विपरीत परिस्थितयों में आशा जगाता है। चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थितियां हों कमल खिलता रहता है।

आजादी के अमृतकाल में देश के सामने जी-20 की अध्यक्षता का बड़ा अवसर है। यह भारत के लिए गर्व और गौरव की बात है। जी-20 ऐसे देशों का समूह है जो विश्व के सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी में 85 प्रतिशत की भागीदारी रखता है। इन देशों में दुनिया की दो तिहाई जनसंख्या रहती है। विश्व व्यापार में इसकी 75 प्रतिशत की भागीदारी है। भारत का प्रयास है कि विश्व में कोई पहली दुनियाह्न या तीसरी दुनिया न हो, बल्कि एक दुनिया हो।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

# योग सूत्र

**स्वाम मुक्तरथ**



योगसूत्र, योग दर्शन का मूल ग्रंथ है। यह छः दर्शनों में से एक शास्त्र है और योगशास्त्र का एक ग्रंथ है। योगसूत्रों की रचना 3000 साल के पहले पतंजलि ने की। इसके लिए पहले से इस विषय में विद्यमान सामग्री का भी इसमें उपयोग किया।योगसूत्र में चित्त को एकाग्र करके ईश्वर में लीन करने का विधान है। पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों को चंचल होने से रोकना (चित्तवृत्तिनिरोधः) ही योग है। अर्थात मन को इधर-उधर भटकने न देना, केवल एक ही वस्तु में स्थिर रखना ही योग है।

योगसूत्र मध्यकाल में सर्वाधिक अनूदित किया गया प्राचीन भारतीय ग्रन्थ है, जिसका लगभग 40 भारतीय भाषाओं तथा दो विदेशी भाषाओं (प्राचीन जावा भाषा एवं अरबी में अनुवाद हुआ। यह ग्रंथ 12वीं से 19 वीं शताब्दी तक मुख्यधारा से लुप्तप्राय हो गया था किन्तु 19 वीं-20वीं-21 वीं शताब्दी में पुनः प्रचलन में आ गया है।

**परिचय**

छः आस्तिक दर्शनों (षड्दर्शन) में योगदर्शन का महत्वपूर्ण स्थान है। कालान्तर में योग की नाना शाखाएँ विकसित हुई जिन्होंने बड़े व्यापक रूप में अनेक भारतीय पंथों, संप्रदायों और साधनाओं पर प्रभाव डाला।

चित्तवृत्ति निरोध को योग मानकर यम, नियम, आसन आदि योग का मूल सिद्धांत उपस्थित किये गये हैं। प्रत्यक्ष रूप में हठयोग, राजयोग और ज्ञानयोग तीनों का मौलिक यहाँ मिल जाता है। इस पर भी अनेक भाष्य लिखे गये हैं। आसन, प्राणायाम, समाधि आदि विवेचना और व्याख्या की प्रेरणा लेकर बहुत से स्वतंत्र ग्रंथों की भी रचना हुई। योग दर्शनकार पतंजलि ने आत्मा और जगत के संबंध में सांख्य दर्शन के सिद्धांतों का ही प्रतिपादन और समर्थन किया है। उन्होंने भी वही पचीस तत्त्व माने हैं, जो सांख्यकार ने माने हैं। इनमें विशेषता यह है कि इन्होंने कपिल की अपेक्षा एक और छब्बीसवाँ तत्त्व 'पुरुषविशेष' या ईश्वर भी माना है। पतंजलि का योगदर्शन, समाधि, साधन, विभूति और कैवल्य इन चार पादों या भागों में विभक्त है।

(अध्यक्ष, सत्यानंद योग मिशन रांची)

## रोचक ट्वीट

सरकार ने शेल कंपनियों पर प्रहार किया था, 3-4 लाख कंपनियां बंद कर गंदगी दूर की गई।

अब 2174 राजनीतिक दलों की समीक्षा - जिनकी आय टैक्स फ्री है और वे राजनीतिक गतिविधियां भी नहीं करतीं।


इस तरह के लूप होल बंद होंगे तभी व्यवस्था स्वस्थ होगी।

**-महेश पोद्दार, सांसद**

बगोदर विधानसभा क्षेत्र के अमनारी में अमनारी एवं कैलाटांड जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया। इससे करीब दो दर्जन गावों की 50 हजार से ज्यादा की आबादी को नल से शुद्ध पेयजल मिलेगा।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**प्रधानमंत्री** जी के नेतृत्व में भारत ने एक सपना देखा है। और वह सपना है 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का। हमारा यह स्वप्न तभी पूरा हो पाएगा, जब हम सब अपनी पूरी क्षमता का दोहन करेंगे:

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# स्वांस की समझ

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**स्वांस** एक ऐसी अनमोल विरासत है जो सभी को मुफ्त में मिली है। यह एक स्वच्छंद लहर है जो आती है और जाती है लेकिन कहां से आती है और कहां जाती है, सिवाय अविनाशी के कोई नहीं जानता। स्वांस का पता तभी चलता है जब वह रूक जाती है। मनुष्य को जो स्वांस का अनमोल प्रसाद मिला है वह सिर्फ जिंदा रहने के लिए ही नहीं है बल्कि यह ऐसा खजाना है जो व्यक्तित्व के गहरे रहस्यों को खोलता है और एक स्वांस में संपूर्ण ब्रह्मांड समाया हुआ है। स्वांस के भीतर की शक्ति को जिन्होंने भी पहचाना उन्होंने ही हृदय में विराजमान परमात्मा के सानिध्य में शांति के अनुभव से अपना मनुष्य जीवन सफल बनाया। पुराने समय में लोगों के व्यक्तित्व में ज्यादा जटिलता नहीं थी और न ही उस समय जीवन में इतना तनाव था। लोग सीधे और सरल थे। आज इस वैज्ञानिक युग के व्यस्त जीवन में व्यक्ति बहुत अधिक तनावग्रस्त व अशांत है। स्वांस का हमारे व्यक्तित्व से इतना गहरा संबंध है कि उस पर जरा सी लगी चोट सब तरफ प्रतिध्वनित हो जाती है। सिमरण क्रिया से जैसे ही मन स्वांसों के साथ एकाकार होता है तो व्यक्ति को स्वयं का बोध हो जाता है। स्वांसों के भीतर की शक्ति की पहचान प्रेमभाव, भाईचारा, अपनत्व और मानवता के लिए बहुत सार्थक है। स्वांसों की यह ऐसी अनमोल विरासत है कि यदि अभ्यास से प्रत्येक व्यक्ति इसके भीतर की शक्ति को पहचान कर परमानंद का सानिध्य प्राप्त कर ले तो संपूर्ण विश्व शांत हो जाये।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### चीन का हठ

**तिब्बत** में न तो धार्मिक आजादी है, न ही स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है। वह भले कह रहा हो कि तिब्बत का विकास हुआ है, लेकिन स्थिति उलट है। मठों में कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों ने कब्जा कर लिया है। भिक्षुओं को हजारों जगह पुलिस चौकियों पर अपनी पहचान सिद्ध करनी होती है। अब चीन भारत को तंग कर रहा है लेकिन भारत तिब्बत नहीं है।

**-निरंकार सिंह, गढ़वा**

### आत्मनिर्भर भार

**विभिन्न** आर्थिक सुधारों, 20 लाख करोड़ रुपये के प्रोत्साहन पैकेज और रिजर्व बैंक के उपायों से आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में धीरे-धीरे पुनरुद्धार किए जाने की संभावनाओं को मुट्ठियों में लिया जाना होगा। अब सरकार के द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य, श्रम, कृषि भूमि, वित्तीय क्षेत्रों में घोषित किए गए सुधारों को आगे बढ़ाना होगा।

**-सुनील, हजारीबाग**

# क्यों कोई जैव विविधता को बचाये ?

**डॉ. सुशील द्विवेदी**

हमारे पृथ्वी ग्रह पर जीवन संतुलन को बनाए रखने के लिए बायोडायवर्सिटी अर्थात जैव विविधता बहुत आवश्यक है। यह पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं की आधारशिला है। दुनिया भर में रहने वाले लगभग आठ अरब लोग लगातार धरती की धरोहर का उपभोग कर रहे हैं। जब हम बायोडाइवर्सिटी की बात करते हैं तब हमारा इशारा, धरती पर मौजूद तमाम जीवों और जैवप्रणालियों की जीवविज्ञानी (बायोलॉजिकल) और आनुवंशिक (जेनेटिक) विविधता से होता है। जैव विविधता के अन्तर्गत जीवित जीवधारियों पेड़-पौधों और पशु-पक्षियों के अलावा फफूंद और मिट्टी में मिलने वाले सूक्ष्मजीवी बैक्टीरिया भी शामिल हैं। वे पूरी दुनिया की उन तमाम व्यापक इको प्रणालियों का हिस्सा हैं जो बफीर्ले अंटार्कटिक, ट्रॉपिकल वर्षावनों, सहारा रेगिस्तान, मैंग्रोव वेटलैंड, मध्य यूरोप के पुराने बीच वनों और समुद्री और तटीय इलाकों की विविधता से भरा है।

ये बायोडायवर्सिटी जीने लायक चीजें मुहैया कराती हैं जैसे कि पानी, भोजन, साफ हवा और दवा, सामूहिक रूप से इन्हें इको सिस्टम सेवाएं कहा जाता है। और वे प्रजातियों की विविधता की पारस्परिकता पर भी निर्भर होती हैं। अगर कोई एक प्रजाति खत्म हो जाती है तो प्रकृति-प्रदत्त ये सेवाएं भी हमेशा के लिए गायब हो सकती हैं। दुनिया में कुल कितनी प्रजातियां हैं, इस पर बहुत सारे विरोधाभास हैं , लेकिन द इंटरगवर्नमेंटल साइंस-पॉलिसी प्लेटफॉर्म ऑन बायोडाइवर्सिटी ऐंड इको सिस्टम सर्विसेज- आईपीबीईएस के अनुसार इनकी संख्या 30 लाख से 10 करोड़ के बीच है। विश्व में 14,35,662 प्रजातियों की पहचान की गई है। यद्यपि बहुत सी प्रजातियों की पहचान अभी भी होना बाकी है।

## समस्या

पहचानी गई मुख्य प्रजातियों में 7,51,000 प्रजातियां कीटों की, 2,48,000 पौधों की, 2,81,000 जन्तुओं की, 68,000 कवकों की, 26,000 शैवालों की, 4,800 जीवाणुओं की तथा 1,000 विषाणुओं की हैं। पारितंत्रों के क्षय के कारण लगभग 27,000 प्रजातियां प्रतिवर्ष विलुप्त हो रही हैं। इनमें से ज्यादातर ऊष्ण कटिबंधीय छोटे जीव हैं। हर 10 मिनट में औसतन एक प्रजाति खत्म हो रही है। जब कोई प्रजाति इको सिस्टम से गायब हो जाती है तो प्रकृति का संतुलन धीरे धीरे बिखरने लगता है।

शोधकताओं के मुताबिक, हम लोग दुनिया की छठी सामूहिक विलुप्ति के बीचो-बीच पहुंच गए हैं। अगर जैव विविधता क्षरण की वर्तमान दर कायम रही तो विश्व की एक चौथाई प्रजातियों का अस्तित्व सन 2050 तक समाप्त हो जाएगा। जैव विविधता खत्म होने से एल्गी यानी शैवालों ( काई) या पेड़ों के बिना, ऑक्सीजन नहीं मिलेगी। और पौधों को परागित करने वाले परागणकर्ता (पोलिनेटर) जैसे पक्षी, मधुमक्खी और अन्य कीड़े के बिना हमारी फसलें चौपट हो जाएंगी। दो तिहाई से ज्यादा फसलें- जिनमें कई फल, सब्जियां, कॉफी और कोकोआ शामिल हैं, कीटपतंगों जैसे कुदरती पॉलिनेटरों पर निर्भर हैं। सुबह-सुबह जब अन्न का कटोरा हमारे सामने होता है तब हम ये नहीं सोचते कि कुदरत ने इन फसलों को पॉलिनेट करने में कितनी मदद की है जिसकी बदौलत वो अन्न तैयार हुआ है। रोजमर्रा के स्तर पर कुदरत जो हमारे लिए कर रही है, वो हमें दिखता ही नहीं है।

कोविड-19 जैसी महामारी के पीछे की वजह भी कहीं न कहीं से प्राकृतिक असंतुलन है। जब से हमने जैव विविधता को नष्ट करना शुरू किया तभी से हमने उस तंत्र को समाप्त करना शुरू कर दिया, जो स्वास्थ्य तंत्र के लिए मददगार होता है।

# धर्म और कानून का सबसे चर्चित केस करने वाले केशवानंद



**मृत्युंजय प्रसाद**

**संविधान** के संरक्षक के तौर पर सर्वोच्च न्यायालय के 13 जजों ने वर्ष 1973 में एक ऐसा फैसला दिया था, जिसकी वजह से केशवानंद भारती मृत्यु के बाद भी देश के सांविधानिक इतिहास में अमर हो गए हैं। कांग्रेस की आंतरिक कलह और पाकिस्तान से युद्ध के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रिवी पर्स खत्म करने और राज्यों में भूमि अधिग्रहण कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने जैसे कई कानून बनाए और संसद के माध्यम से संविधान में 24वां, 25वां और 29वां संशोधन कर दिया।

'केशवानंद भारती बनाम स्टेट ऑफ केरल' मामले में पांच महीनों तक 68 दिन रोज सुनवाई हुई, जो सुप्रीम कोर्ट में सबसे लंबी सुनवाई का रिकॉर्ड है। अयोध्या मामले में 40 दिन की सुनवाई के बाद पांच जजों ने 1,045 पृष्ठों में सर्वसम्मति से राम मंदिर के पक्ष में अपना फैसला दिया था, जबकि केशवानंद भारती मामले में तेरह में से सात जजों ने बहुमत से लगभग 800 पृष्ठों में अपना फैसला दिया था। कुल 2,144 पैरे के इस फैसले में 11 अलग-अलग फैसले शामिल थे, जिनमें संविधान के अधिकांश प्रावधानों का पुनरावलोकन किया गया। इस फैसले के अनुसार, कानून का शासन, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, शक्तियों का बंटवारा, केंद्र-राज्य की संघीय व्यवस्था, गणतंत्र और संसदीय प्रणाली संविधान के मूलभूत ढांचे का हिस्सा हैं, जिन्हें संविधान संशोधन से नहीं बदला जा सकता।

## कानून

इस फैसले के बाद सरकार, संसद और सर्वोच्च न्यायालय में भारी उलटफेर हुआ। अगले दिन प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस एम सीकरी के रिटायर होने के बाद इंदिरा सरकार ने तीन जजों की वरिष्ठता को नजर अंदाज कर जस्टिस रे को प्रधान न्यायाधीश बना दिया, जिसके विरोध में तीन वरिष्ठ जजों ने त्यागपत्र दे दिया। प्रसिद्ध संविधानविद सीके दफ्तरी ने इस घटनाक्रम को भारतीय लोकतंत्र का काला दिन बताया था। मौलिक अधिकारों को आपातकाल में पूरी तरह से कुचल दिया गया। एडीएम, जबलपुर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मौलिक अधिकारों को प्रश्रय देने के बजाय, सरकारी दमन पर कोर्ट की मुहर लगा दी। केशवानंद भारती का फैसला सुप्रीम कोर्ट की तेजस्विता को दशार्ता है।

केशवानंद फैसले के अनेक प्रावधानों को इंदिरा सरकार ने 42वें संविधान संशोधन के कानून से खारिज कर दिया। हालांकि जनता पार्टी सरकार ने इंदिरा सरकार के ऐसे तमाम फैसलों को रद्द कर दिया। इंदिरा सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' जैसे शब्दों को शामिल किया था, जिन्हें नहीं हटाया जा सका। संविधान का मूलभूत हिस्सा मानकर अब उन प्रावधानों को हटाने पर आपत्ति की जा रही है। सवाल है कि जो प्रावधान संविधान संशोधन से शामिल किए गए, उन्हें बहुमत वाली सरकार द्वारा संविधान संशोधन के माध्यम से क्यों नहीं हटाया जा सकता। केशवानंद का मामला सरकार और न्यायपालिका के बीच प्रभुत्व के लिए हुए टकराव के तौर पर भी देखा जाता है। प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति में मनमानी से इंदिरा गांधी ने न्यायपालिका पर तात्कालिक बढ़त हासिल कर ली थी। लेकिन इस फैसले के नौ साल बाद एस पी गुप्ता मामले से जजों ने नियुक्ति में कॉलेजियम व्यवस्था के माध्यम से पूर्ण वर्चस्व स्थापित कर लिया।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा कार्यसमिति की बैठक

**चरही।** बुधवार को चरही स्थित बाजार टांड़ में अवस्थित स्व.टेकलाल महतो स्मृति भवन में भाजपा कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह और संचालन रोहित महतो ने किया।इस बैठक में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम 30 मई से 30 जून तक कार्यक्रम होना तय किया गया।बैठक में मंडल स्तरीय कार्यक्रम और पार्टी सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजय साव,विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी,पूर्व उपप्रमुख चौलेश्वर महतो, महिला मोर्चा अध्यक्ष सह पंसस आशा राय,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष तालेश्वर महतो,कार्यकारिणी सदस्य,अशोक प्रसाद,डॉ.रामसेवक प्रसाद,छत्रु साव एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक तूरी,दिनेश्वर साव, फुलेश्वर महतो,शंकर कुमार,महादेव विश्वकर्मा,सुनीता देवी,ममता ठाकुर, आनंद सिंह,आनंद ठाकुर,प्रदीप कुमार,जयंती कुमारी,रेखा देवी,दीपा देवी,अनीता देवी,अनीता महतो, सोनिया महतो,रिंकी सिंह,शांति देवी, सियादेवी,मीना देवी,संजू देवी,शोभा देवी,सहित कई भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जयपुर से दरिया लायी गयी प्रतिमा

**इचाक।** प्रखंड के दरिया में दरिया, जगड़ा एवं जोगिडीह के संयुक्त समन्वय से बना नव निर्मित मन्दिर में प्रतिमाओं का स्थापना को लेकर 21 मई से शतचंडी एवं नवाह परायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। देवी देवताओं का प्रतिमा ग्रामीणों ने राजस्थान के जयपुर से मंगवाई है। 24 मई को प्रतिमा का आगमन के अवसर पर दरिया, जगड़ा और जोगिडीह के सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने बाजे गाजे के साथ इचाक मोड़ पहुंचे। जहां दुर्गा अष्ट परिवार, श्री राम भाई लक्ष्मण जानकी, माता संतोषी एवं बजरंग बली समेत 13 प्रतिमा को भव्य स्वागत किया। और देवी देवताओं की जयघोष, सियापति राम चन्द्र की जय, हर हर महादेव के जयकारा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। स्वागत के लिए गए भक्तों का काफिला प्रतिमा के साथ इचाक मोड़ से इचाक बाजार होते हुए चंदा चौक पहुंचा। स्वागत काफिला में यज्ञ समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार मेहता, उपाद्यक्ष बीरबल मेहता, कोशाध्यक्ष बिनोद कुमार मेहता, मन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अशोक मेहता, सचिव कुशलचण्ड मेहता, कोशाध्यक्ष सुरेश मेहता, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष जयनन्दन मेहता, छत्रधारी प्रसाद मेहता, बिनोद मेहता, विजय प्रसाद मेहता, लखन प्रसाद मेहता, नरेश प्रसाद मेहता, सतीश कुमार मेहता, दामोदर महतो, अर्जुन प्रसाद मेहता समेत सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

### एक करोड़ से बनेगा देवी मंडप

**दारू।** दारू प्रखंड के ग्राम जरगा में देवी मंडप निर्माण समिति एक बैठक हुई और उपस्थित ग्रमीणों के द्वारा मां भगवती की पूजा अर्चना कर नीम के पेड़ के पास मां भगवती को स्थान दिया गया । नवनिर्मित देवी मंडप का कार्य पूर्ण होने पर मां भगवती को पुनः पूजा अर्चना कर और भव्य अनुष्ठान का आयोजन कर मां भगवती को नए देवी मंडप में स्थान दिया जायेगा। समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार के कहा की जरगा देवी मंडप का निर्माण में करीब एक करोड़ का खर्चा आयेगा जिसमे हमारे मुखिया अनिल देव जी के साथ साथ पूरे ग्रामीणों का पूरा सहयोग रहेगा । मैं स्वयं पूरे तन मन धन से अपना सहयोग करूँगा । पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है । अनिल कुमार ने कहा कि जरगा गांव और हमारे पंचायत के लोग हमारे परिवार की तरह है मैं पूरा सहयोग करूँगा और जल्द से जल्द भव्य देवी मंडप का निर्माण करवाएंगे। जरगा के राजकुमार यादव उप मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप यादव , राजेश कुमार, बैजनाथ यादव, जगतपाल राणा ,सावन कुमार, जीतन महतो, रंजीत कुमार, गांगो प्रजापति, जीतन प्रजापति, दिनेश्वर प्रसाद, जगदीश महतो के साथ साथ सैकड़ो की संख्या में उपस्थित पुरुषो महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि मंडप निर्माण में तन मन धन से सहयोग करेंगे।

### भाजपा कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**विष्णुगढ़।** भाजपा बिष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल कार्यसमिति की बैठक मांडू विधायक जयप्रकाश पटेल की उपस्थिति में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रारंभ की गई।बैठक में मुख्य अतिथि जयप्रकाश भाई पटेल ने प्रदेश से निर्धारित कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कहा की कार्यकताओं को सजग हो जाय. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योजनाओं को जन जन तक कार्यकर्ता पहुंचाने का काम करें। जनकल्याणकारी योजनाओं पर जोर देने की बात कही। विधानसभा स्तर एवं मंडल स्तर पर सम्मेलन को गंभीर होने की बात कहीं। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी सुखदेव प्रसाद यादव सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद पिंकी देवी अंजू देवी गायत्री देवी राजेश सोनी सुमन प्रसाद गुप्ता महेंद्र राम सुनील कुमार मिश्रा नीतीश कुमार बरनवाल रामप्रसाद कसेरा शेख मेराज आदि लोग उपस्थित थे।

### दिगवार में दुर्गा मंदिर की हुई ढलाई

**कुजू।** दिगवार में बुधवार को नव निर्मित दुर्गा मंदिर का ढलाई कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पंडित शंभुनाथ पंडा ने यजमान बने वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, विजय गिरि, दिवाकर गिरि, कुलदीप प्रसाद, चंदन कुशवाहा के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके बाद ढलाई कार्य का शुभारंभ हुआ। मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, भाजपा नप अध्यक्ष मनोज गिरी, निशिकांत शर्मा, राजकुमार गिरी, दशरथ महतो, अजय कुशवाहा, रवि कुशवाह, भागीरथ गिरी, दामोदर गिरी, जगदीश महतो, द्वारिका प्रसाद भंडारी, मुकेश गिरी, पन्नालाल गिरी, बालेश्वर कुशवाहा, परमेश्वर महतो, मनोज कुशवाहा, माना महतो, बिगू महतो, राजेंद्र कुशवाहा, राहुल गिरी, इंदर महतो, प्रवील महतो, निरंजन कुशवाहा, मनोज मास्टर, रंजीत कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा आदि मौजूद थे।

### बिजली की आंख मिचौली से लोग हलकान

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड में बिजली की आंख मिचौली सप्ताह दिनों से बदस्तूर जारी है। मेन लाइन के अलावे पावर सब स्टेशन द्वारा भी उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पा रही है।. जबकी विभाग के पास भारी मात्रा में बिजली है,बावजूद उपभोक्ताओ के जनजीवन में बिजली के लिए त्राहिमाम है. तपती गर्मी के बीच लोगों को ना दिन में बिजली मिल रहा है ना रातों में। ऐसी परिस्थिति में सही तरीके से ना दिन में सुकून है ना रातों में आराम। लघु एवं कुटीर उद्योग, सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय में भी बिजली से लोग काफी परेशान हो गया है।

# 11 वां वेतन समझौता मजदूरों के लिए सम्मानजनक : एटक

## भुरकुंडा में रमेन्द्र कुमार का हुआ नागरिक अभिनंदन

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बेहतर व सम्मान जनक 11वां राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता कराने को ले एटक व यूसीडब्ल्यूयू के कार्यकताओं ने एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य रमेंद्र कुमार का भुरकुंडा में नागरिक अभिनंदन हुआ।

रिभर साईड भुरकुंडा स्थित यूनियन के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित समारोह में रमेंद्र कुमार को कार्यकर्ताओं ने फूल माला से लादकर जोरदार स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव बिंध्याचल बेदिया व संचालन यूनियन के केंद्रीय सचिव नरेश मंडल ने किया। समारोह में सीसीएल के बरका-सयाल एरिया, अरगड्डा एरिया, केंद्रीय कर्मशाला, बरकाकाना एरिया, कुज्जु एरिया, हजारीबाग एरिया, केंद्रीय अस्पताल नईसराय, रजरप्पा एरिया, नार्थ कर्णपूरा एरिया, पिपरवार एरिया एवं टंडवा जोनल कमेटी एवं मुख्यालय रांची के प्रतिनिधि शामिल थें। रमेंद्र कुमार के सम्मान में मानव श्रृंखला भी बनाई गई। साथ ही यूनियन नेताओं द्वारा श्रीफल, बुके, पुष्प गुच्छ व शॉले ओढाकर सम्मानित किया गया। मौके पर रमेंद्र कुमार ने कहा कि 11वां वेतन समझौता मजदूरों के लिए सम्मान जनक रहा। इसमें पांचों श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किया है। हलांकि अभी भी समझौता को ले संशय की स्थिति है। उन्होंने कहा कि मैंने कोल इंडिया के चेयरमैन से सेवानिवृत होने से पहले समझौता पर केंद्र सरकार से मुहर लगाने की बात कही है। मुहर नही लगी तो पांचो श्रमिक संगठन मिलकर लड़ाई लड़ेगी।

समारोह में राज्य एटक महासचिव अशोक यादव, यूनियन के सचिव बिनोद बिहारी पासवान, लखेंद्र राय, प्रेम कुमार, विकास कुमार, अरबिन्द शर्मा, पंकज सिह, राजेन्द्र प्रसाद, बसंत राम, कृष्णा चैहान, अब्दुल्ला, रहमतुल्ला, वरुण कुमार, महादेव मांझी, महलाल मांझी, सुदेश प्रसाद, ललित नारायण राय, रवि कुमार, कर्मा माँझी, अरुण चैधरी, सुशील कुमार सिन्हा, जयनंदन महतो, चिंटू सिह, कुणाल नाथ, अनुज कुमार, जेपीएन सिन्हा, सदानंद सिह, राजेन्द्र साव, जुगल साव, सुनील सिंह, दीपांशु कुमार, उदित कुमार, संजय प्रसाद, प्रेम सिंह, अरबिंद कुमार, मंगरु महतो, चंद्रभान सिह, बीरेंद्र प्रसाद सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# गल्ला व्यवसायी के पुत्र का शव खलारी में रेल पटरी पर मिला, छानबीन में जुटी पुलिस

**10 मई को सौंदा डी के लड़की से राजू साव का हुआ था विवाह, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर के गल्ला व्यवसायी बिन्दा साव के 32 वर्षीय पुत्र राजू साव का मंगलवार रात खलारी-मैक्लुसीगंज रेलवे स्टेशन के बीच पटरी के पास शव मिला है। इसी वर्ष 10 मई को राजू साव की शादी सौंदा डी निवासी काजल कुमारी के साथ हुई थी। लगभग दो सप्ताह की छुट्टी बिताने के बाद वह ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए सोमवार को जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित अपने आवास से खलारी गया था। बताया जाता है कि मंगलवार की देर शाम लगभग 7 बजे घर वालों से मोबाइल पर बात भी की थी। वहीं लगभग साढ़े आठ बजे रात्रि परिजनो को सूचना मिली कि उसका शव खलारी रेलवे स्टेशन से करीब डेढ-दो किमी दूर मिला है। इसकी सूचना मिलते ही परिजनो के चित्कार से पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। परिजनो सहित स्थानीय लोग रात्रि में ही खलारी पहुंचे। इधर रेलवे के अधिकारी भी पुलिस-प्रशासन के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। राजू के शव के समीप पड़े मोबाइल को पुलिस ने बरामद करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। साथ ही मोबाइल में इन कमिंग और आउटगोईंग कॉल की बारीकी से जांच-पड़ताल कर रही है। मालूम हो कि राजू साव लोको पायलट के पद पर कार्यरत था। इधर शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद उसका शव जवाहर नगर भुरकुंडा पहुंचा। शव पहुंचते ही नव विवाहिता पत्नी काजल सहित माता-पिता व परिजनों के चित्कार से उपस्थित लोगों के आंखों से भी आंसू छलक पड़े। गमगीण माहौल के बीच बुधवार को उसका अंतिम संस्कार रिभर साईड स्थित दामोदर नदी घाट पर किया गया। बताया जाता है कि राजू के सिर, पैर, हाथ, आंख, कान व शरीर में चोट के भी निशान हैं। इधर पूरी घटना को ले तरह-तरह की चचाएं हो रही है। कोई आत्म हत्या तो कोई हत्या की आशंका जता रहा है। जानकारी के अनुसार राजू का 4 माह पूर्व आसनसोल के अंडाल से खलारी ट्रांसफर हुआ था। बताया जाता है कि वह अपने ट्रांसफर से बहुत खुश नहीं था।

### जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के ग्राम बुंडू में ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मुखिया विजय कुमार यादव ने किया। किशुन यादव ने कहा कि ट्रांसफार्मर नही रहने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास से विभाग ने तत्काल ट्रांसफॉर्मर को लगाने में सहयोग किया। मौके पर रोहित यादव, मनोज कुमार, राजेंद्र यादव, सचिन यादव, शंकर, गोविंद, शिवशंकर, मनोज कुमार, विनोद, जागेश्वर, रामेश्वर यादव, उमेश राणा, सूरज यादव, किशुन चौधरी, रामचंद्र यादव समेत कई ग्रामीण शामिल हुए।

### आजसू ने पानी को लेकर किया ट्रांसपोर्टिंग ठप

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी ने पेयजल की सुचारू रूप से आपूर्ति की मांग को ले बुधवार को रिवर साइड बड़ा ऑफिस चौराहा के पास कोयला ट्रांसपोर्टिंग का कार्य ठप करा दिया। आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के नेतृत्व में सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक ट्रांसपोर्टिंग ठप रही। ट्रांसपोर्टिंग ठप की सूचना के बाद सीसीएल प्रबंधन आंदोलनकारियों से वार्ता करने को ले रिभर साईड पहुंचे। जहां प्रबंधन ने आंदोलनकारियों से वार्ता की। वार्ता में आजसू की ओर से एजेकेएसएस के महामंत्री सतीश सिन्हा, आजसू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक व भुरकुंडा ओपी के एएसआई रामप्रवेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### साइंस में हरली बीडीजेजे इंटर कॉलेज का बेहतर रिजल्ट

**दारू।** इंटर साइंस की परीक्षा में बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय हरली का बेहतर परिणाम रहा। महाविद्यालय से साइंस संकाय की परीक्षा में 215 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसमें से 190 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी , 11 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए। महाविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन में प्रथम स्वंय वर्मा व अमन कुमार राणा 434, द्वितीय मोदासीर राजा व बबलू कुमार यादव, तृतीय सैफ इमाम, चौथा संजीत कुमार,पाँचवाँ संजीव कुमार,छठा नेहा कुमारी,सातवां रवि कुमार, आठवां नीलम कुमारी, नौवां शिव नारायण कुमार व दशवं स्थान अमन कुमार ने प्राप्त कर महाविद्यालय व अपने परिवार का नाम रौशन किया। प्राचार्य भुनेश्वर वर्मा ने कहा सभी सफल विद्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सचिव प्रेमचंद देव ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी अब अपनी लग्न व मेहनत से न केवल एकेडमिक रिजल्ट में बल्कि सरकारी ओहदे पर कृतिमान स्थापित कर रहे है। हमारे महाविद्यालय हमेशा से बेहतर रिजल्ट दे रहा है। जबकि हमारे यहां मैट्रिक के द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यर्थियों की संख्या अधिक होती है।

# दारू प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने बसंत

खबर मन्त्र संवाददाता



**दारू।** बीडीजेजे इंटर कॉलेज हरली में बुधवार को संवैधानिक चुनावी प्रक्रिया द्वारा दारू प्रेस क्लब के अध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए मतपत्र के माध्यम से चुनाव कराया गया। चुनाव के दो दिन पहले संचालन समिति का गठन किया गया था जिसमें महेश कुमार, बजरंग सहाय, भैया अखिलेश, धीरज पूरी सदस्य और जय नारायण पीठासीन अधिकारी चुने गए। अध्यक्ष पद के लिए दो, सचिव पद के लिए एक और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो सदस्य चुनावी मैदान में उतरे।

प्रेस क्लब के लगभग सभी सदस्यों ने अपना मतों का प्रयोग किया इस दौरान मतदाता काफी उत्साहित नजर आए। चुनावी प्रक्रिया सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ हो गई और मतगणना सहित चुनाव परिणाम 1:00 बजे दोपहर संपन्न हुई। कुल 17 मत पड़े जिसमें अध्यक्ष पद के लिए बसंत नारायण को दस मत तथा निकटतम प्रतिद्वंदी बालेश्वर प्रसाद को सात मत मिला वही कोषाध्यक्ष पद के लिए रोशन सिन्हा को 11 मत तथा निकटतम प्रतिद्वंदी विनोद कुमार को पांच मत मिला एक मतपत्र रिक्त रहा।

सचिव देवनारायण प्रसाद निर्विरोध विजय घोषित हुए। मतगणना के बाद अध्यक्ष पद के लिए बसंत नारायण, सचिव पद के लिए देवनारायण प्रसाद तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए रोशन सिन्हा विजयी घोषित हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय एवं थाना प्रभारी अमित कुमार ने अध्यक्ष सचिव तथा कोषाध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र देकर बधाई दिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रखंड के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बधाई दी।

# बूथ को मजबूत बनायें : अमित साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**बरही।** भाजपा बरही पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल की कार्यसमिति की बैठक बरही पटना रोड होटल उज्जैना में हुई। मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ बूथ कमेटी पर चर्चा करते हुए कहा कि बूथ प्रबंधन किसी चुनाव के लिए जीत का आधार है।

उन्होंने बताया कि बूथ प्रबंधन मजबूती के लिए मतदाताओं से संपर्क में रहना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि हर एक बूथों पर सभी कार्यकर्ता महा जनसंपर्क अभियान को मिलकर सफल बनायें। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, अनुमंडलीय सांसद प्रतिनिधि संजीव कतारियार, सांसद प्रतिनिधि विधानसभा अर्जुन साहू, मंडल सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, पश्चिम मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह, पश्चिमी मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, दिलीप गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष संतोष निषाद, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष नागेश्वर रजक, पूर्वी महामंत्री कमल शंकर पंडित, जितेंद्र गिरि, उपाध्यक्ष मणिलाल चौधरी, नंदलाल मेहता, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, सुरेश साहू, उमेश साहू सहित अन्य भाजपाई शामिल थे।

## एक नजर में

### भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**कटकमसांडी।** भाजपा मंडल कार्यसमिति पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्र के कार्यसमिति की बैठक कंडसार पंचायत भवन के प्रांगण में बुधवार हुई, जिसकी अध्यक्षता दोनों मंडल अध्यक्ष जीवन कुमार मेहता एवं रीतलाल यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें प्रभारी मूलचंद साव उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आरंभ श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, के नारे के साथ किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाला वर्ष 2024 लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर किया गया। मंडल अध्यक्ष जीवन कुमार मेहता ने कार्यसमिति की बैठक पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दिए। मौके पर कटकमसांडी भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन कुमार मेहता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव , प्रभारी मूलचन्द साव, महामंत्री राकेश कुमार सिंह, नारायण साव, लिलो सिंह भोक्ता, सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,आदि कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

### मैट्रिक में जुड़वा भाई ने लाए 460 अंक

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत ठौठवा के उत्कर्मित हाई विद्यालय ठौठवा के विद्यार्थी हैं। लव कुमार और कुश कुमार दोनों जुड़वा भाई हैं। और लव कुमार और कुश कुमार पिता बिनोद कुमार केशरी गांव ठौठवा पंचायत के निवासी हैं। लव और कुश दोनों जुड़वा भाईयो का चर्चित का विषय बना हुआ है कि ऊपर वाले की आशीर्वाद और दोनों भाइयों का मेहनत का परिणाम मैट्रिक परीक्षा में लव कुमार और कुश कुमार दोनों जुड़वा भाई का अंक 460 है।

### गुरु वंश डीएवी स्कूल ने लहराया परचम

**कटकमसांडी ।** गुरुवंश डीएवी स्कूल लुपुंग के विद्यार्थियों ने लहराया परचम विद्यालय के दशम कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया इनकी सफलता में विद्यालय के प्राचार्य श्याम मेहता एवं शिक्षक शिक्षिकाओं एवं माता-पिता अभिभावकों की अहम भूमिका रही इनकी सफलता से पूरे विद्यालय एवं उनके पूरे परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है विद्यालय के प्राचार्य श्याम मेहता ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी है और आशीष वचन दिया और कहा कि लगातार 4 वर्षों से इस विद्यालय के विद्यार्थियों ने अधिकतम अंक प्राप्त किया है इनकी लगन और मेहनत से सफलता इनकी कदम चूमेगी इनकी सफलता में इनके माता-पिता एवं विद्यालय के शिक्षक पुण्य सहयोगी रहें हैं। सफल विद्यार्थियों में अभिषेक कुमार राणा 92 फीसदी अंक पाकर स्कूल टॉपर रहा वहीं बबलू कुमार मेहता 91 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान पर रही संजना कुमारी सिंह 86फीसदी स्वाति कुमारी 85फीसदी अंक प्राप्त की है ।अर्चना कुमारी मुस्कान कुमारी प्रीति कुमारी लक्ष्मी कुमारी पूनम कुमारी प्रशांत राणा नीरज कुमार शक्ति कुमार सुभाष कुमार शुभम कुमार नीरज रजक अभिजीत सिंह निखिल यादव आदि ने सभी छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सफलता पाई। स्कूल के प्रधानाध्यापक श्याम मेहता शिक्षक रंजीत मेहता संजीत मेहता करण कुमार राखी देवी मंटू मेहता भानु देवी ,सालेहा प्रवीन, शम्मा प्रवीन, शबाना प्रवीन, शूबी प्रवीण इन्होने सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना किए और धन्यवाद दिया।

### प्लस टू उच्च विद्यालय चरही का बेहतर प्रदर्शन

**चरही।** झारखंड अधिविध परिषद रांची के द्वारा वार्षिक परीक्षा मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट विज्ञान 2023 की परीक्षा का परीक्षा फल जारी किया गया। जिसने परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय चरही के परीक्षार्थियों के द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। मैट्रिक की परीक्षा में कुल 135 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे,जिसमें प्रथम श्रेणी से 61 द्वितीय श्रेणी से 60 एवं तृतीय श्रेणी से 04 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षाफल का प्रतिशत 92 .5 प्रतिशत रहा। चंचला कुमारी 447अंक लाकर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त की है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट विज्ञान मैं कुल 38 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे जिसमें प्रथम श्रेणी से 20 एवं द्वितीय श्रेणी से 06 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा फल का प्रतिशत 68 .42 प्रतिशत रहा है। आलोक कुमार महतो 417 अंक लाकर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पारसनाथ महतो एवं शिक्षकों के द्वारा सफल परीक्षार्थियों के प्रति उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही प्रभारी प्राचार्य पारसनाथ महतो के द्वारा बताया गया कि प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

पत्रांक ............ दिनांक ............

**शुद्धि-पत्र**

झुमरी तिलैया नगर परिषद कार्यालय पत्रांक– 760, दिनांक– 15.05.2023 द्वारा प्रकाशित (PR-297439) अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सुचना संख्या– JMC/03/2023-24, में अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

| विवरणी | पूर्व में | संशोधित |
|---|---|---|
| ई–निविदा सूचना संख्या | JMC/03/2023-24 | JMC/04/2023-24 |

नोटः– शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

ह0/–
प्रशासक
PR 298225 Urban Development (23-24)_D झुमरी तिलैया नगर परिषद

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा**

**सूचना**

कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के द्वारा आमंत्रित ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01 वर्ष 2023–24 जिसका PR सं० 295582 (West Singhbgum) 23-24 D को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक स्थगित की जाती है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।
PR.NO.298238 West Singhbhum(23-24):D

**लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद**

निविदा आमंत्रण सूचना
अति अल्पकालीन निविदा सं0 : DMFT/MIR/DHN/ F2-10 -2023-24
2nd Call

जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद् धनबाद की बैठक दिनांक 27.09.2022 में लिये गये निर्णय के आलोक में विभिन्न प्रक्षेत्र के अमृत सरोवर तालाब के नव–निर्माण हेतु पत्रांक 418, दिनांक 18.10.2022 के आलोक में उप विकास आयुक्त सह सचिव DMFT, धनबाद के ज्ञापांक 485/DMFT धनबाद, दिनांक 15.12.2022 से प्रशासनीक स्वीकृति प्राप्त है।
निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लूबी सर्कूलर रोड, धनबाद– 826001
ऑन लाईन निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय : 01.06.2023 12:30 बजे
ऑन लाईन निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय : 06.06.2023 5 बजे तक
हार्ड कापी (EMD BOQ Cost and Documents etc.) समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय : 07.06.2023 3 बजे तक
ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 08.06.2023 12:30 बजे
सम्पर्क सूत्र मोबाईल संख्या : 9431387264
कार्य का नाम एवं राशि निम्नवत् है :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Amrit Sarovar at Parasbaniya | Baliapur | 20.08 | 40500.00 | 5,000.00 | 3 माह |

नोट :– केवल ई– निविदा हीं मान्य होगी।
विशेष जानकारी के लिए : http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

ह0/– कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद
PR.NO.298245 Irrigation(23-24):D

## स्पीड न्यूज

### बस व स्कूटी की सीधी भिड़ंत में एक की मौत

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के जशपुर रोड़ स्थित सिलम ढलान के समीप बस और स्कूटी की सीधी भिड़ंत में टेंगरिया बेड़ो निवासी 16 वर्षीय अनुज तिर्की पिता स्वर्गीय रूबेन तिर्की की मौत हो गई। वही बांडी बेड़ो निवासी 17 वर्षीय जोहन मिंज पिता विजय मिंज व जामटोली बेड़ो निवासी 19 वर्षीय राम उरांव पिता जेवियर कुजूर घायल हो गये। दुर्घटना के बाद इलाज के लिए सभी को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के क्रम में अनुज तिर्की की मौत हो गई। जोहन मिंज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है।

### बाइक सवार गिरकर हुआ घायल, सिर में गंभीर चोट

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के मुरकुंडा के समीप बाइक सवार युवक अंबेराडीह निवासी जीतू गोप का 19 वर्षीय पुत्र विकास गोप गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे परिजन ने तत्काल उसे सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी है।

### साइकिल सवार पत्थर से टकराया टूटा हाथ

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कोटाम के समीप साइकिल सवार बिहार के वैशाली निवासी 65 वर्षीय राजनाथ महतो अनियंत्रित होकर पत्थर से जा टकराया। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी है और बायां हाथ टूट गया है। साथ में आ रहे लोगों ने तत्काल उसे उठाकर इलाज हेतु सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया।

### पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के युवा मोर्चा अध्यक्ष बने अशोक

**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का संगठन विस्तार करते हुए गुमला जिला युवा मोर्चा के लिए अशोक कुमार साहू को जिला अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही उनसे उम्मीद जतायी गयी कि एक सप्ताह के अंदर जिला कमेटी विस्तार करते हुए केंद्र कमेटी एवम जिला कमेटी को सूचित करेंगे। अशोक कुमार साहू को निर्देश दिया गया है कि 25 मई को मशाल जुलूस में सैकड़ों की संख्या में नौजवान साथियों को लाएं। 26 मई को 7 जिलों में आहूत बंदी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। गुमला जिला में बंदी को सफल बनायें।

### अवैध बालू लदे 6 हाइवा को पुलिस ने पकड़ा एक गिरफ्तार

**गुमला।** गुमला-रांची मुख्य मार्ग पर भरनो के दुंबो मंदिर के समीप गुमला एसडीओ रवि जैन के नेतृत्व में सीओ संजीव कुमार व थानेदार कृष्ण कुमार तिवारी ने अवैध बालू परिवहन के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध बालू लदे 6 हाइवा को जब्त करते हुए एक चालक को गिरफ्तार किया गया है।

# सर्पदंश से बचाव को जागरुकता अभियान चलायें : डीसी

## गुमला में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त।

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से अपर समाहर्ता, एसडीओ बसिया, प्रशासक नगर परिषद, डीएसपी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त ने गुमला जिले में गर्मी के बढ़ने से सर्पदंश के संभावी स्थिति को देखते हुए इस संबंध में युद्ध स्तर पर प्रचार प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी स्कूली विद्यार्थियों को सर्पदंश के प्रति सतर्कता बरतने एवं आवश्यक जानकारी देने की बात कही। साथ ही आपदा के समय क्या करें एवं क्या न करें, इसके संबंध में भी बच्चों को जागरूक करने का निर्देश दिये। उन्होंने आपदा प्रभावितों को मिलने वाले मुआवजा राशि के संबंध में भी पंचायत स्तरों, पुलिस स्टेशन, विद्यालयों आदि के बाहर दीवार लेखन कराने का निर्देश दिया।

बताते चलें कि सरकार द्वारा अपने प्रवासियों के सुरक्षा को लेकर कई योजनाएं चलाई जा रही है। उन योजनाओं के माध्यम से आपदा प्रभावितों को सहायता प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत सर्पदंश, डूबने, वज्रपात से मृत्यु, आंधी-तूफान व चक्रवात से मकान की क्षति, सड़क दुर्घटना से हुए मृत्यु , कोविड से हुए मृतकों के प्रभावित परिवारों जैसे कई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित पीड़ितों व उनके परिवार जनों को मुआवजा राशि आवंटित करने का प्रावधान है। इसके अलावा कृषको के लिए भी सुखाड़ की स्थिति से बचाव हेतु सुखाड़ राहत योजना, फसल राहत आदि जैसे योजनाएं चलाई जा रही है। उपायुक्त ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस मौसम में सर्प दंश के मामले अधिक देखने को मिल सकते हैं। जिसके लिए लोगो को अभी से सतर्क रहने की आवश्यकता है तथा उन्होंने कहा कि सर्प दंश के मामले के मिलने पर तुरंत डॉक्टर के पास मरीजों को ले आये। बजाए झाड़ फूंक जैसे अंध विश्वास में पड़ने की। इसके अलावा उपायुक्त ने सुखाड़ राहत योजना , फसल राहत योजना आदि से किसानों को अधिक से जोड़ने का भी निर्देश दिया एवं किसी भी प्रकार के आपदा प्रभावी व्यक्तियों को ऑन टाइम मुआवजा राशि का भुगतान करने की बात कही। इसके अलावा बैठक में संबंधित विषय अंतर्गत कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# कुडू प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट प्राइजमनी प्रतियोगिता 9 जून से



बैठक में शामिल आयोजन समिति के सदस्य।

खबर मंत्र संवाददाता

**कुडू (लोहरदगा)।** संत विनोबा भावे मिनी स्टेडियम खेल मैदान ब्लाक मोड टाटी कुडू में आयोजित कुडू प्रीमियर लीग नाइट प्राइजमनी क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर बुधवार को लाल विकास नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में तय किया गया है कुडू प्रीमियर लीग नाईट प्राईजमनी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आगामी 9 जून की शाम सात बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच किया जायेगा तथा समापन आगामी 17 जून को भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रखंड स्तरीय 8 टीमें तथा जिला स्तर की 24 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रथम पुरस्कार के रूप में नगद पचास हजार रुपए तथा कुडू कप दिया जायेगा। कुडू प्रीमियर लीग नाईट प्राईजमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर सर्वसहमति से एक आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव व उपाध्यक्ष संजय चौधरी बनाये गये हैं।

# बाल विवाह रोकथाम पर किशोर किशोरियों को दिलायी गयी शपथ



कार्यक्रम में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**जारी।** लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जारी प्रखंड के श्रीनगर में एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के तहत बाल विवाह रोकथाम पर ग्रामीणों तथा किशोर किशोरियों को जागरूकता का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में संस्थान के फिल्ड फैसिलिटेटर श्री नूर मोहम्मद अंसारी ने बाल विवाह के दुष्परिणाम तथा कानूनी जानकारी दिया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक, सीसीकरमटोली पंचायत के मुखिया श्रीमती फुलमाईत देवी, विजय प्रताप सहदेव ने भी बाल विवाह पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की बात कही। सभी लोगों ने बाल विवाह नहीं करने का शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन नीलम बेक ने की। मौके पर सहिया के अलावा दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जुबी उरांव का हत्यारा सुरेंद्र गिरफ्तार सिर को धड़ से कर दिया था अलग

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

**भंडरा।** 22 मई को भंडरा सप्ताहिक बाजार आये वृद्ध जुबी उराव का सिर कटा शव बरामद होने की घटना का खुलासा भंडरा पुलिस द्वारा 25 घंटों मे कर दिया गया । घटना में संलिप्त हत्यारा सुरेंद्र उरांव पिता बिरसा उरांव ग्राम नवडीहा छोटका टोली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सुरेंद्र उरांव, जुंबी उरांव की हत्या कर सिर गायब करने की घटना को स्वीकार लिया है। इस संबंध में भंडरा थाना कांड संख्या 29/ 2023 धारा 302, 201 के तहत दर्ज कर लिया गया है।

जुबि की हत्या में 20 वर्षीय सुरेंद्र उरांव दरिंददिगी की सारी हदें पार करते हुए घटना को अंजाम दिया। जुबि की हत्या कर उसका सिर लेकर अपने घर आ गया एवं सिर को एक पेड़ की खोडहर में छुपा दिया। हत्या में प्रयुक्त खून लगी टांगी एवं बसूला को अपने घर में रख लिया। घटना के संबंध में सुरेंद्र उरांव ने पूरी जानकारी पुलिस का दी है। भंडरा पुलिस को सुरेंद्र के घर में खून से सनी टांगी मिली है, जिसका प्रयोग सुरेंद्र ने जुब्बी की हत्या में की है। 20 वर्षीय सुरेंद्र उरांव ने जुबी की हत्या किस कारण से की, यह रहस्य अभी भी बना हुआ है। हत्यारा सुरेंद्र पुलिस को हत्या के कारणों का कोई जवाब नहीं दिया। हालाकी भंडरा पुलिस आगे अनुसंधान में हत्या के कारण को गंभीरता से लेने की बात कर रही है। मामला लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र का है, जहां पझरी गांव के पास पिछले दिन एक वृद्ध का सिर कटा शव बरामद हुआ था। मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के धोबाली गांव निवासी जूबी उरांव (65 वर्ष) के रूप में हुई थी। उसकी पहचान उसके पुत्र ने कपड़ों और जूतों के आधार पर की थी।

## एक नजर में

### 29 व 30 मई को विभिन्न योजनाओं के तहत लगेगा शिविर

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में आगमी खरीफ फसल को देखते हुए जिले भर में कृषकों को मिलने वाली विभिन्न सरकारी लाभ, केसीसी ऋण उपलब्ध कराने हेतु दो दिवसीय प्रखंडवार शिविर का आयोजन 29 मई से होगा। शिविर में कृषकों के सभी समस्याओं के निवारण हेतु बैंक कर्मी एवं विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद रहेंगे। वहीं इसके अलावा छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों के बैंक खाते से जुड़ी समस्याओं के निवारण हेतु भी एक स्टॉल लगाया जाएगा। प्रत्येक प्रखण्ड में केसीसी फॉर्म जेनरेशन एवं झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत लंबित ई-केवाईसी मेगा कैम्प का आयोजन 29 एवं 30 मई 2023 को निर्धारित है।

### सिसई में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**सिसई।** सिसई में प्रखंड स्तरीय ग्राम पंचायत विकास योजना को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को शुभारंभ हुआ। कार्यकम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य और मुखिया शामिल हुए। प्रशिक्षण स्टेट के मास्टर ट्रेनर भूषण भगत और अनिल भगत के नेतृत्व में हो रहा है। मौके पर भूषण भगत ने बताया कि अभी ये प्रशिक्षण सभी जिलों में किया जायेगा।

### घाघरा में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के द्वारा बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में किया गया। शिविर में लगभग 20 यूनिट रक्तदान कर गुमला ब्लड बैंक को दिया गया। यहां बता दें कि जिला मुख्यालय से एनीमिया के बढ़ते मामले को लेकर निर्देश मिलने के बाद प्रत्येक महीना प्रखंड सह अंचल कार्यालय के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने कहा कई ऐसे लोग जिनकों मुसीबत में खून उपलब्ध नहीं हो पाता है। इसे देखते हुए प्रत्येक माह प्रखंड व अंचल कर्मी के साथ साथ लोगों को जागरूक करते हुए रक्तदान कराया जा रहा है और यह प्रत्येक माह किया जाएगा ताकि ब्लड बैंक में खून उपलब्ध रहे।

### महाजनसंपर्क अभियान को लेकर हुई परिचर्चा

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी गुमला नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक सह महा जनसंपर्क अभियान एवं आजीवन सदस्यता सहायतार्थ कार्यक्रम को धरातल पर क्रियान्वयन हेतु चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को पालकोट रोड़ स्थित उत्कल प्वाईंट में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन गुमला नगर मंडल अध्यक्ष श्री बालकेश्वर सिंह ने की। कार्यक्रम को प्रदेश मंत्री श्री मुनेश्वर साहू व पूर्व विधायक श्री कमलेश उरांव एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अनूपचंद अधिकारी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत कैसे हो इसके लिए महाजनसंपर्क अभियान चलाना है और सशक्त एवं निरंतर प्रभावशाली तरीके से आम जनमानस के बीच भाजपा के विचार, उद्देश्य और कार्यशैली से लोगों को अवगत कराना है।

### सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर संपन्न

**लोहरदगा।** ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटमु में 17 मई से चल रहे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर संपन्न हुआ।इस शिविर में प्रत्येक दिन योग प्रशिक्षक रवि प्रजापति और डांस प्रशिक्षक अंशु वर्मा के योग और डांस का प्रशिक्षण दिया गया। वही विद्यालय में प्रत्येक दिन अलग अलग क्रियात्मक और रचनात्मक गतिविधियां जैसे ब्रेन स्ट्रोमिंग लर्निंग, न्यू वर्ड्स प्ले विथ कलर, पॉट मेकिंग साइंस एक्सप्लोर, हिडन ट्रीजरी क्राफ्ट मेकिंग विथ वेस्ट का आयोजन छात्रों की बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए किया गया। प्रत्येक दिन विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को क्रियात्मक क्रियाकलाप कराए गए। शिविर के अंतिम दिन बच्चों के साथ योग शिक्षक रवि और अंशु वर्मा ने अपने अनुभव साझा किये।

### कैरो में मंत्री का जनसुनवाई कार्यक्रम आज

**कैरो।** स्थानीय विधायक सह मंत्री योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें वे क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आम जनता से सीधे संवाद करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर प्रखंड प्रमुख सहित सभी जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को जानकारी दे दी गई है।

### कुएं में डूबने से दिव्यांग बच्ची की मौत

**लोहरदगा।** शहर के तिवारी दुरा निवासी अनिल अग्रवाल की 9 वर्षीय दिव्यांग बच्ची सृष्टि कुमारी की मौत कुएं में डूबने से हो गई। बताया जाता है कि सृष्टि जन्म से ही दिब्यांग थी। बुधवार की दोपहर अपने घर के बाहर खेलते खेलते समीप में स्थित कुआं में जा गिरी,जिसके बाद तुरंत कुंवा में घुसकर लोगो ने बच्ची को बाहर निकाला और सदर अस्पताल पहुंचाया, जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### मानसिक रूप से बीमार को चोर समझकर किया पुलिस के हवाले

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदुर्वर्ती ग्राम चौकनी में देर शाम एक अपरिचित व्यक्ति घर घुसने का प्रयास कर रहा था। उस व्यक्ति को देख घर वाले चोर चोर का हल्ला करने लगे तभी ग्रामीण गोलबंद हो गए और व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ करने लगे लेकिन वह व्यक्ति कभी बरात में आने की बात बोल रहा था तो कभी मेहमानी आए थे बता रहा था। अपना घर नरकोपी तो कभी टंगरा टोली सही नही बताने पर ग्रामीणों ने घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को देते हुए व्यक्ति को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उस व्यक्ति को थाना लायी और जांच पड़ताल के दौरान उसकी पहचान परवेज अंसारी, पिता इब्राहिम अंसारी के रूप में हुई। इसके बाद परिजनों को बुलवा कर युवक का परिवार वालों सौंप दिया गया।

# मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

## शिवानी पांडेय 92 प्रतिशत अंक लाकर कैरो प्रखंड में आयी अव्वल

खबर मन्त्र संवाददाता



कैरो के टॉपर विद्यार्थी।

**कैरो (लोहरदगा)** । झारखंड अधिविध परिषद रांची के द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा 2023 में एके क्लासेस कैरो, शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों के द्वारा शत प्रतिशत परिणाम लाकर शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम प्रखंड में रौशन किया है। संस्थान के निदेशक अजीत कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि शिक्षण संस्थान पहले वर्ष में ही शत प्रतिशत परिणाम देने मे सफल रहे। यहाँ के गरीब बच्चों को न्यूनतम फीस में शिक्षा दी जाती है, जिससे हर समाज के लोगों तक शिक्षा की दीप जले, किसी भी तबके के लोग शिक्षा से वंचित न रहे यही संस्थान की आजीवन प्रयास रहेगी। साथ ही साथ छात्रवृत्ति का भी सुविधा देने की पहल की जाएगी आगामी वर्षों से। अभी यहाँ पर आठवीं नवीं एवं दसवीं कक्षा का क्लास सुबह 6 बजे से दिया जाता है एके क्लासेस' कैरो के विद्यार्थियों का प्रदर्शन इस प्रकार है। शिवानी पांडेय 460 अंक, पवन प्रजापति 427 अंक , नईमा प्रवीण 424 अंक, सुचिता कुमारी 357 अंक , मन्तसा मंसूर 357अंक , सोहनी उरांव 351अंक लाकर बेहतर प्रदर्शन किया। संस्थान के संचालक ने सभी छात्रों को मुंह मीठा करा कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये।

## हानिया फिरदौस बनी नदिया स्कूल की सेकेंड टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता



हानिया फिरदौस।

**लोहरदगा।** जिले के प्लस 2 नदिया हिंदू हाई स्कूल की हानिया फिरदौस ने 12 वीं विज्ञान संकाय में 419 अंक लाकर विद्यालय की सेकेंड टॉपर बनी है।उनकी इस सफलता से घर वाले काफी खुश है।शिक्षक पिता तौफीक अहमद और माता नगमा शिरीन ने बताया की बेटी की सफलता से उन्हे बहुत खुशी मिली है साथ ही समाज में एक संदेश भी गया है की बेटी किसी भी क्षेत्र में बेटो से पीछे नही है। उनकी पुत्री हानिया फिरदौस ने बताया की उनकी सफलता में उनकी माता पिता के अलावा विद्यालय के शिक्षकों का भी अहम योगदान है। आगे चलकर वो डॉक्टर बनकर लोगो की सेवा करना चाहती है।

## शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सात विद्यार्थी लोहरदगा जिले में टॉप 10 में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने जैक द्वारा प्रकाशित मैट्रिक परीक्षाफल में जिला में अव्वल स्थान प्राप्त किया । विद्यालय की छात्रा आयुषी सिंह ने 94. 8 0% अंक प्राप्त कर जिला में तृतीय स्थान प्राप्त की।

इसके अलावा विद्या मंदिर के छह अन्य विद्यार्थियों ने भी जिला के टॉप 10 में अपना स्थान प्राप्त किया । विद्या मंदिर के हर्षित राज एवं अमित कुमार ठाकुर ने 94. 4 0% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप में जिला में चतुर्थ स्थान , सुधांशु प्रजापति ने 93.2 0% अंक प्राप्त कर सातवां स्थान, ऋषभ डे ने 93% अंक प्राप्त कर आठवां स्थान, शिवानी शाहदेव ने 92.8 0% अंक प्राप्त कर नौवां स्थान एवं शौर्यम राज ने 92.60% अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया । विद्या मंदिर के 22 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर जिला में विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के अनुभवी एवं कर्मठ शिक्षक /शिक्षिकाओं के बल पर 135 में 130 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय को शत-प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ। विद्यालय के इस कामयाबी पर प्रांतीय समिति के पदाधिकारी, प्रबंध कारिणी समिति के पदाधिकारी गण एवं प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक /शिक्षिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अमित महतो ने 21 किलोमीटर की लगायी मैराथन दौड़

## पूर्व विधायक ने खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति बनाये जाने की रखी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



मैराथन दौड़ में शामिल पूर्व विधायक अमित महतो।

**घाघरा।** सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने बिशुनपुर विधानसभा में बुधवार को 21 किलोमीटर का मैराथन दौड़ लगाया और दिन के 11 बजे घाघरा प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। इस क्रम में प्रातः 6:00 बजे खटवा नदी गुमला से दौड़ आरंभ करते हुए घाघरा प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। जहां उनके समर्थकों के साथ-साथ स्थानीय युवकों ने भी काफी दूर तक उनके साथ दौड़ लगाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान अमित महतो ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से खतियान आधारित नियोजन नीति व स्थानीय नीति बनाने की मांग की ताकि झारखंड वासियों को उनका लाभ मिल सके । साथ ही यह भी कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार बनाने में झारखंडियो ने साथ दिया। लेकिन वे तीन साल के कार्यकाल में इतने मसगुल हो गये कि झारखंडियों को ही भूल गए। श्री महतो ने यह भी कहा कि 22 साल के बने झारखंड में एनडीए, यूपीए और जेएमएम की सरकारें बनी। लेकिन अब तक झारखंड के लोगों को एक अलग पहचान नहीं मिल सका और ना ही कोई ठोस नीति बनाई गई है। इन सभी मुद्दों को लेकर लोगों को मैराथन दौड़ के माध्यम से जागरूक करना व मुख्यमंत्री को संदेश देना है कि हम दौड़ेंगे लोग दौड़ेगा ताकि झारखंड में खतियान के आधार पर पहचान और रोजगार मिलेगी। 103 वे दिन में 55 वें विधानसभा में दौड़ लगाकर कुल 2163 किलोमीटर की दूरी तय की है। यह मैराथन दौड़ 10 फरवरी सिल्ली के सभी पंचायत से शुरू हुई थी जिसका समापन 2709 किलोमीटर दौड़ पूरी कर 19 जून को होगा। इस मौके पर महावीर उरांव, रोहित भगत, दीपांकर भगत कृष्णा तिर्की राजू तिर्की सुनील तिर्की संतोष नीरज राकेश विशाल सहित काफी संख्या में समर्थक शामिल थे।

# भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता तक ले जायें कार्यकर्ता : सुदामा प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में मौजूद भाजपाई।

**कुडू।** भारतीय जनता पार्टी कुडू मण्डल की कार्यसमिति की बैठक मण्डल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद के अध्यक्षता में कुडू स्थित शिशु विद्या मंदिर में संपन्न हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर वन्देमातरम गान के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ पूर्व ज़िला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद ,राजेंद्र महतो, नवीन कुमार टिंकू एवम् सजल कुमार उपस्थित हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार एक माह जनसंपर्क अभियान चलाना है, जिससे पार्टी के विचारधारा से अन्य लोग भी जुड़ पाएंगे और भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से मजबूत होगा। मंडल अध्यक्ष ने मंडल के सभी कार्यकताओं से अपील की है कि भाजपा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को दें और उन्हें दिग्भ्रमित होने से बचाएं। कांग्रेस और जेएमएम के लोग झूठ की राजनीति करने जानते हैं। मौके पर ब्रज बिहारी प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का पूरे प्रदेश में महाजनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय संगठन को मजबूत बनाने में कारगर साबित होगी,इसलिए सभी कार्यकताओं को इस अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। नवीन कुमार टिंकू, संजय चौधरी, भूषण प्रसाद, राजेश प्रसाद, धीरज प्रसाद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।



# नाथ शिव को समर्पित सोमनाथ महादेव

अशोक प्रवृद्ध


**भारत** के महत्वपूर्ण मन्दिरों में से एक सोमनाथ मन्दिर गुजरात प्रदेश के सौराष्ट्र क्षेत्र के वेरावल बन्दरगाह के निकट स्थित अत्यन्त प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मन्दिर है। सोमनाथ मन्दिर भारत के द्वादश ज्योतिलिंगों में सर्वप्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में मान्य व पूज्य है। भारत के इस अत्यंत प्राचीन मन्दिर का सम्बन्ध चन्द्रदेव से है। ऐसी मान्यता है कि समुद्र किनारे स्थित सोमनाथ मन्दिर का निर्माण चार चरणों में किया गया। सर्वप्रथम मन्दिर की प्रारम्भिक संरचना सोने से स्वयं चन्द्रदेव द्वारा बनवाई गई थी। बाद में चांदी से रावण ने, चन्दन लकड़ी से भगवान श्रीकृष्ण और पत्थर से राजा भीमदेव द्वारा किया गया था। कुछ पुराणों में चांदी से मन्दिर निर्माण सूर्यदेव द्वारा किये जाने की बात कही गई है। सोमनाथ दो शब्दों के योग से बना है, जिसमें सोम का अर्थ है–चंद्रमा और नाथ का अर्थ है-स्वामी। अर्थात ्? चंद्रमा के स्वामी। चंद्रमा के आराध्य। सोमनाथ चंद्रमा के स्वामी हैं, ऐसे स्वामी जिन्होंने अपने सेवक चंद्रमा को अपने मस्तक पर धारण कर रखा है।

स्कन्द पुराण, श्रीमदभागवत पुराण और शिव पुराण आदि पौराणिक ग्रंथों के अनुसार सोमनाथ भारत के प्राचीनतम तीर्थों में से एक है। द्वादश ज्योतिर्लिंग में प्रथम सोमनाथ का निर्माण स्वयं चन्द्रदेव ने किया था। इस स्थान पर चंद्रमा को भगवान सोमनाथ की आराधना के बाद उनके ससुर दक्ष प्रजापति के शाप से मुक्ति मिली है। पौराणिक कथाओं के अनुसार सोम अर्थात ्? चन्द्र ने राजा दक्ष प्रजापति की सताईस कन्याओं से विवाह किया था, लेकिन उनमें से रोहिणी नामक अपनी पत्नी को अधिक प्यार व सम्मान दिया करता था। इसे अपनी शेष पुत्रियों के साथ अन्याय समझकर दक्ष ने क्रोध में आकर चन्द्रदेव को शाप दे दिया कि अब से हर दिन तुम्हारा तेज (कान्ति) क्षीण होता रहेगा। शाप के फलस्वरूप हर दूसरे दिन चन्द्र का तेज घटने लगा। शाप से विचलित और दुःखी सोम ने भगवान शिव की आराधना शुरू कर दी। अन्ततः शिव प्रसन्न हुए और सोम अर्थात ्? चन्द्र के शाप का निवारण कर दिया। सोम के कष्ट को दूर करने वाले प्रभु शिव का स्थापन यहां किया गया और उनका नामकरण सोमनाथ हुआ। कुछ पुराणों में चन्द्रदेव के शाप का निवारण इस स्थल पर उस समय प्रवाहित सरस्वती नदी में स्नान करने से होने की कथांकित है। उन्होंने सरस्वती नदी में स्नान किया और अपनी चमक को पुनः प्राप्त किया। इसलिए सरस्वती तट पर चन्द्रदेव ने सोमनाथ का मन्दिर का निर्माण कराया।

ऐसी मान्यता है कि प्रसिद्ध स्यमंतक मणि शिवलिंग के खोखलेपन के भीतर सोमनाथ मन्दिर में सुरक्षित रूप से छिपी है। यह मणि भगवान श्रीकृष्ण और सत्यभामा से जुड़ी है। इस पत्थर में सोना पैदा करने की क्षमता है, और इसमें कीमिया और रेडियोधर्मी गुण हैं, जो इसके जमीन के ऊपर तैरने का कारण है। हिन्दू धर्म के उत्थान-पतन के इतिहास का प्रतीक सोमनाथ मन्दिर प्राचीन काल से ही अत्यन्त समृद्ध व वैभवशाली होने के कारण इतिहास में सत्रह बार तोड़ा तथा पुनर्निर्मित किया गया। दूसरी बार मन्दिर का पुनर्निर्माण सातवीं शताब्दी में वल्लभी के मैत्रक राजाओं ने किया। गुर्जर प्रतिहार राजा नागभट्ट ने 815 ईस्वी में इसका तीसरी बार पुनर्निर्माण किया। अरब यात्री अल-बरुनी ने अपने यात्रा वृत्तांत में इस महिमा और कीर्ति का विवरण लिखा। जिससे प्रभावित हो महमूद गजनवी ने सन ्? 1024 में करीब पांच हजार लुटेरे साथियों के साथ सोमनाथ मन्दिर पर हमला किया। इसके बाद गुजरात के राजा भीम और मालवा के राजा भोज ने इसका पुनर्निर्माण कराया। यह मंदिर 1296 में खिलजी की सेना, 1375 में मुजफ्फर शाह, 1451 में महमूद बेगड़ा और 1665 में औरंगजेब के हाथों नष्ट हो गया था। लेकिन फिर भी हर बार इस मंदिर का पुनः निर्माण करवाया गया। मुगल औरंगजेब ने इसे पुनः 1706 में गिरा दिया। राजा कुमार पाल द्वारा इसी स्थान पर अन्तिम मन्दिर बनवाया गया था। वर्तमान मन्दिर के पुनर्निर्माण का आरम्भ स्वाधीनता के पश्चात तत्कालीन उपप्रधानमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने करवाया। मन्दिर को पुराने स्वरूप में लाने में वल्लभ भाई पटेल और सौराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री उच्छंगराय नवल शंकर ढेबर की भी अहम भूमिका रही। सौराष्ट्र के मुख्यमंत्री उच्छंगराय नवलशंकर ढेबर ने 19 अप्रैल, 1940 को यहां उत्खनन कराया था। इसके बाद भारत सरकार के पुरातत्व विभाग ने उत्खनन द्वारा प्राप्त ब्रह्मशिला पर शिव का ज्योतिर्लिंग स्थापित किया है।

11 मई, 1951 को मन्दिर में ज्योतिर्लिंग स्थापित कर प्राण-प्रतिष्ठा की गई। और सोमनाथ मंदिर की भव्यता को वापस लाते हुए प्रथम दिसम्बर, 1955 को भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इसे राष्ट्र को समर्पित किया।

## देहोत्सर्ग तीर्थ और शिव की वाणी



एक अन्य पौराणिक कथानुसार भगवान श्रीकृष्ण ने इसी स्थल पर अपनी लीला समाप्त कर स्वर्ग गमन किया। श्रीकृष्ण भालुका तीर्थ पर विश्राम कर रहे थे। तब एक शिकारी ने उनके पैर के तलुए में पद्मचिन्ह को हिरण की आंख जानकर अनजाने में तीर मार दिया। तब इसी स्थान पर श्रीकृष्ण ने देह त्याग कर यहीं से वैकुण्ठ गमन किया। इस स्थान पर वर्तमान में एक श्रीकृष्ण मन्दिर बना हुआ है।

इसे देहोत्सर्ग तीर्थ कहा जाता है, और यह हिरण्या नदी के तट पर स्थित तथा सोमनाथ मंदिर से 1.5 किमी दूर है। शिव पुराण के अनुसार भगवान शिव ने कहा है– मैं भले ही हमेशा हर स्थल पर मौजूद रहता हूं, लेकिन बारह स्थानों पर ज्योतिर्लिंग के रूप में विशेष रूप से रहूंगा, जिनमें से सोमनाथ एक स्थल होगा और वह इन बारह ज्योतिर्लिंगों में सर्वप्रथम होगा। यह तीर्थ पितृगणों के श्राद्ध, नारायण बलि आदि कर्मों के लिए भी प्रसिद्ध है।

चैत्र, भाद्रपद, कार्तिक माह में यहां श्राद्ध करने का विशेष महत्व बताया गया है। इसलिए इन तीन महीनों में यहां श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ लगती है। यहां तीन नदियों हिरण, कपिला और सरस्वती का महासंगम होता है। इस त्रिवेणी स्नान का विशेष महत्व है।



# शनि की साढ़ें साती, लोगों के जीवन पर डालता है बुरा प्रभाव

**श**नि की साढ़ें साती से सारे लोग डरते हैं और यही कामना करते हैं उनके ऊपर कभी भी शनि की साढ़ें साती न रहे। शनि न्याय के देवता है। शनि मेहनती और ईमानदार लोगों पर जल्दी कृपा बरसाते हैं। ज्योतिष गणना के अनुसार शनि किसी भी व्यक्ति के जीवन काल में एक से लेकर दो बार शनि की साढे. साती जरूर आती है। शनि की साढे. साती होने पर उस राशि पर साढे. सात साल तक प्रभाव जरूर रहता है।

**एक राशि में ढाई साल तक रहते हैं शनि**

शनिदेव एक राशि से दूसरी राशि में जाने के लिए करीब ढाई वर्ष का समय लेते हैं। ज्योतिष के अनुसार शनि जिस भी राशि में होता है, उसका प्रभाव उस राशि पर तो रहता ही है, साथ ही राशिचक्र में पहले और बाद की राशि पर पड़ने से शनि की अवधि कुल मिलाकर साढे. सात वर्ष तक होती है। इसलिए, इस अवधि को शनि की साढे. साती के नाम से पुकारा जाता है।

**साल 2020 में शनि**

जैसे कि 24 जनवरी 2020 से शनि मकर राशि में भ्रमण करेंगे। ऐसे में उसके पहले की राशि यानी धनु में शनि की साढे. साती का अंतिम चरण, मकर राशि पर दूसरा चरण और कुंभ राशि पर शनि की साढेसाती का पहला चरण शुरू हो जाएगा। दूसरा चरण जातक के लिए सबसे कष्टदायी समझा जाता है। ऐसे में मकर राशि के लोग इस शनि के इस घेरे में आएंगेमकर राशि पर शनि की साढेसाती के दूसरे चरण का असर

शनि की साढ़ें साती का दूसरा चरण सबसे घातक माना गया है। जिस किसी के ऊपर ये चरण रहता है उसके जीवन में उसको तमाम तरह की परेशानियां आती हैं। साढ़े साती के तीसरे चरण में व्यक्ति को सुख- सुविधाओं का लाभ नहीं मिलता। आमदनी कम होती है और खर्चे ज्यादा खर्च होते हैं। सेहत से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वाद-विवाद के योग बनते है। 24 जनवरी 2020 को शनि के मकर राशि में प्रवेश करते ही वृश्चिक राशि से शनि की साढ़े साती उतर जाएगी। वहीं कुंभ राशि पर से अगले 5 साल तक शनि की साढ़े साती चढ़ जाएगी। शनि ग्रह जब भी किसी राशि पर ढाई साल के बाद आते है तो शनि जिस भी राशि में होता है, उसका असर राशि चक्र के पहले और बाद की राशि पर पड़ने से शनि की अवधि कुल मिलाकर साढ़े सात वर्ष तक होती है। 24 जनवरी को होने वाले शनि परिवर्तन का वृश्चिक राशि पर कैसा प्रभाव पड़ेगा आइए इसका विश्लेषण करते हैं।

**वृश्चिक राशि पर शनि की साढ़ें साती 2020**

शनि के मकर राशि में गोचर से इस साल वृश्चिक राशि वालों के ऊपर से पिछले कई साल से चल रही शनि की साढेसाती उतर जाएगी। इस कारण से इनके लिए साल सुखद और लाभकारी रहेगा।

**कार्यक्षेत्र पर शनि गोचर 2020 का प्रभाव**

वृश्चिक राशि से शनि की साढेसाती उतर जाने की वजह से इस राशि के जातकों के लिए साल 2020 अच्छा गुजरेगा। नौकरी के लिहाज से शुभ संकेत है। सरकारी नौकरी की लालसा करने वाले जातकों के लिए यह साल अच्छा रहेगा। वहीं प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों को तरक्की मिलने की पूरी संभावना है। बिजनेस के नजरिए से इस राशि के जातकों लिए साल शुभ और मुनाफा दिलाने वाला रहेगा। किसी नए बिजनेस प्लान के बारे में बनाई गई रणनीति सफल रहेगी। उधार देने से बचें और शत्रुओं से सावधान रहने की जरूरत है।

**परिवार और लव लाइफ पर असर**

प्रेम के मामले में आपके लिए यह साल मिलाजुला रहेगा। पार्टनर के साथ अच्छा व्यवहार करें। विवाहित जातकों के लिए बहुत ही खुशियों और प्रेम करने वाले साल रहेगा।

# पूर्व जन्मों केअसर को कम करने से होगा उद्धार




**ज**ब भी कोई जीव जन्म लेता है तो उसे अपने पूर्व जन्मों का ऋण चुकाना ही पड़ता है परन्तु वह यह ऋण किस प्रकार चुकाता है यह उसका प्रारब्ध है। जीव जो भी पूर्व जन्मों में कर्म कर-के आया है और जो ऋण उसको चुकाना है वह उसकी कुंडली में स्पष्ट होता है। किसी भी ज्योतिषाचार्य को कुंडली दिखा कर उपाय पूछा जा सकता है जिससे पूर्व जन्मों के किए कर्मों का ऋण हम चुका सकें। उन उपायों के माध्यम से हम अपना और अपने परिवार का जीवन सुखमय बना सकते हैं।

## दान से यूं संवारें अपना जीवन

’ बेसन तथा आटे को तेल में भून कर चीनी मिला कर चींटियों को खिलाने से दाम्पत्य जीवन में मधुरता आती है।

’ कुत्ते को दूध व ब्रैड देने से चन्द्र, शनि व राहू की शांति होती है।

’ कुष्ठ रोगियों को सिक्के दान करने चाहिएं इससे शनि शांत होता है।

’ पौधों की देख-रेख करने से राहू, बुध को शक्ति मिलती है।

’ मानसिक तनाव में लाभ के लिए अस्पताल के रोगियों में दूध वितरित करना चाहिए।

’ गाय को नित्य मीठी रोटी/नमकीन रोटी खिलाने से मानसिक शांति प्राप्त होती है।

’ शिक्षा सम्बन्धी सामग्री बांटने से बृहस्पति की दशा सुधरती है और बच्चे का पढाई में मन लगता है।

’ बंदरों को केला और भुने चने खिलाने से मंगल व शनि की शांति होती है।

’ पक्षियों को भुजिया खिलाने से राहू को शांत किया जा सकता है।

# श्री मदभगवत गीता का उद्धरण जिससे बदलेगा जीवन



1. दूसरों के बारे में सोचने से बेहतर है आप अपना काम करें। आप अपना काम बेहतरी से करें की दूसरा इंसान क्या काम कर रहा है इस विषय पर सोचने की बजाय आप अपना काम कैसे बेहतर कर सकते हैं। इस पर बल दें। दूसरा जो काम कर रहा है वो उसके कर्म हैं, पाप नहीं है। आप अपने कर्म करें।
2. नरक में जानें के तीन रास्ते हैं लालच, गुस्सा और हवस।
3. कर्म करो फल की इच्छा न करें क्योंकि कर्म हमेशा फल से अच्छा ही होता है।
4. क्या हुआ था? क्या हो रहा है? क्या होगा? आप कभी भी अपने बीते हुए कल को ठीक नहीं कर सकते और आने वाले भविष्य को कभी देख नहीं सकते। केवल चिन्ताएं कर सकते हैं। वर्तमान में क्या हो रहा है। उस पर ध्यान दें भविष्य में नहीं वर्तमान में जिएं।
5. जो आपके जीवन में हो रहा है आप उसे नहीं बदल सकते। जीवन और मृत्यु के बीच में जो अंतर है उसे आंका नहीं जा सकता। मौत और जीवन के बीच में थोड़ा हीफर्क है। बस एक सोच है ये दोनों और इसे हम भोगते हैं। आपका मन बहुत छोटा भी है और बड़ा भी है उसी के द्वारा ही विचार उत्पन्न होते हैं। सार बस ये है कि सब कुछ आपका है और आप सब के हो।
6. यह शरीर आपका नहीं है और न ही आप शरीर के हो। यह शरीर पंच तत्व का है इसी से ही बना है इसमें ही समा जाएगा। आत्मा आपकी है विचार करो आप कौन हो?
7. डरो मत यह मत सोचो क्या हुआ था? क्या हो रहा है? क्या होगा? असलियत क्या है? सच्चाई कभी नहीं मरती।
8. आदमी अपने विश्वास से बनता है विश्वास है तो आप हो।
9. क्रोध सारी समस्याओं की जड़ है। मन हमेशा इर्ष्या और चिन्ता से भरा रहता है। जो आपके विचार हैं वो आपके दिल और दिमाग को व्यग्र कर देते हैं। आप तभी शांत हो सकते हो जब इन विचारों को अपने दिमाग से निकाल कर नष्ट कर दो।
10. अपने काम के प्रति अपने व्यवहार को सुनिश्चित रखें। आपको किससे संतुष्टि होती है। अपने काम को ईमानदारी से करें यही खुशी का रहस्य है।
11. यह दुनिया आपकी नहीं है न ही आप इस दुनियां के हो फिर अपनी खुशियों को दूसरों में क्यों दूंढ रहे हो?
12. हमेशा सच्चाई बोलिए तो आपको लाभ होगा किसी को दुख देने वाली वाणी का त्याग करें।
13. संसार के सभी पदार्थों का अव्यक्ता से आरंभ होता है। जो विचार हमारे भीतर आते हैं उन्हें यह अव्यक्ता अपने काबू में करके नाश कर देती है। तो फिर हमें क्या अवशयकता है कुछ अधिक विचार करने की।
14. खुशी से जीना हो तो अपनी इच्छाओं का नाश कर दो।
15. कर्म आपकी काबलियत को दर्शाते हैं।
16. खुशी आपके अंदर है यह हमारे दिमाग की एक सोच है यह बाहरी दुनिया में नहीं मिलेगी।

# साई विचार



यदि कोई अपना पूरा समय मुझमें लगाता है और मेरी शरण में आता है तो उसे अपने शरीर या आत्मा के लिए कोई भय नहीं होना चाहिए।

आने वाला जीवन तभी शानदार हो सकता है जब तुम ईश्वर के साथ पूर्ण सद्भाव में जीना सीख जाओगे।

मनुष्य अपने स्वाद की तृप्ति के लिए प्रकृति में उपलब्ध खाद्य पदार्थों में बदलाव चाहता है जिससे उनमें निहित जीवन के बहुत सार अंत को प्राप्त होते हैं।

मनुष्य अनुभव के माध्यम से सीखता है, और आध्यात्मिक पथ विभिन्न प्रकार के अनुभवों से भरा है. उसे कई कठिनाइयों और बाधाओं का सामना करना होगा, और वे सारे अनुभव जो उसे प्रोत्साहित करने और सफाई की प्रक्रिया पूरा करने लिए जरुरी हैं।

मनुष्य खो गया है और एक जंगल में भटक रहा है जहाँ वास्तविक मूल्यों का कोई अर्थ नहीं है। वास्तविक मूल्यों का मनुष्य के लिए तभी अर्थ हो सकता है जब वह आध्यात्मिक पथ पर कदम बढ़ाये। यह एक ऐसा पथ है जहाँ नकारात्मक भावनाओं का कोई उपयोग नहीं।






# मुंबई फाइनल से सिर्फ एक जीत दूर, आकाश मधवाल ने लखनऊ को किया टूर्नामेंट से बाहर





एजेंसी

**चेन्नई।** कैमरन ग्रीन की अगुआई में बल्लेबाजों की उपयोगी पारियों के बाद आकाश मधवाल के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से मुंबई इंडियन्स ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ सुपरजाइंट्स को 81 रन से हरा दिया। मुंबई के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरजाइंट्स की टीम मधवाल (पांच रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 16.3 ओवर में 101 रन पर सिमट गई। मार्कस स्टोइनिस (40) के अलावा सुपरजाइंट्स का कोई और बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। टीम के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। मुंबई ने इससे पहले कैमरन ग्रीन (41) और सूर्यकुमार यादव (33) की उम्दा पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 38 गेंद में 66 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 182 रन बनाए। तिलक वर्मा (22 गेंद में 26) और निहाल वढेरा (12 गेंद में 23) ने उपयोगी पारियां खेली। सुपरजाइंट्स की ओर से नवीन उल हक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 38 रन पर चार विकेट चटकाए। यश ठाकुर ने भी 34 रन पर तीन विकेट हासिल किए। मुंबई की टीम अब 26 मई को अहमदबाद में दूसरे क्वालीफायर में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपरजाइंट्स की शुरूआत खराब रही। टीम ने 23 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों काइल मायर्स (18) और प्रेरक मांकड़ (03) के विकेट गंवा दिए। आकाश मधवाल ने मांकड़ को ऋतिक शोकीन के हाथों कैच कराया जबकि मायर्स ने क्रिस जोर्डन की गेंद को पुल करने की कोशिश में मिड ऑन पर ग्रीन को कैच थमाया। मार्कस स्टोइनिस एक बार फिर अच्छी लय में नजर आए। उन्होंने कप्तान कृणाल पंड्या के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 54 रन तक पहुंचाया। स्टोइनिस ने शोकीन का स्वागत लगातार गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के के साथ किया। कृणाल (08) हालांकि पीयूष चावला पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लांग ऑन पर टिम डेविड के हाथों लपके गए। मधवाल ने इसके बाद लगातार गेंदों पर आयुष बडोनी (01) और निकोलस पूरन (00) को आउट करके सुपरजाइंट्स का स्कोर पांच विकेट पर 74 रन किया। बडोनी बोल्ड हुए जबकि पूरन ने विकेटकीपर इशान किशन को कैच थमाया। स्टोइनिस इसके बाद दो रन लेने की कोशिश में दीपक हुड्डा से टकराने के बाद रन आउट हो गए जबकि कृष्णप्पा गौतम (02) रोहित के सटीक निशाने का शिकार बने जिससे टीम का स्कोर सात विकेट पर 92 रन हो गया। स्टोइनिस ने 27 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का मारा। सुपरजाइंट्स के रनों का शतक 15वें ओवर में पूरा किया लेकिन मधवाल के इसी ओवर में रवि बिश्नोई (03) ने लांग ऑन पर जोर्डन को कैच दे दिया। इसी ओवर में हुड्डा (15) भी रन आउट हो गए। सुपरजाइंट्स को अंतिम पांच ओवर में 83 रन की दरकार थी और मधवाल ने मोहसिन खान (00) को बोल्ड करके मुंबई को दूसरे क्वालीफायर में जगह दिलाई। इससे पहले रोहित (11) ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन वह विरोधी कप्तान कृणाल पंड्या के ओवर में छक्का और चौका जड़ने के बाद नवीन की गेंद पर एक्सट्रा कवर पर आयुष बडोनी को कैच दे बैठे। इशान किशन (15) ने भी यश ठाकुर की गेंद पर विकेटकीपर निकोलस पूरन को कैच थमाया। पिछले मैच के शतकवीर ग्रीन ने नवीन पर दो चौकों के साथ शुरूआत की जबकि अच्छी फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार ने आते ही यश पर छक्का जड़ा। ग्रीन ने कृणाल के ओवर में तीन चौके मारे जिससे टीम ने पावर प्ले में दो विकेट पर 62 रन बनाए। बीच के ओवरों में सूर्यकुमार और ग्रीन ने रन गति बरकरार रखी। दोनों ने मोहसिन खान के ओवर में छक्के जड़े। सूर्यकुमार ने नवीन पर चौके के साथ 11वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। सूर्यकुमार हालांकि नवीन की धीमी गेंद को हवा में खेलकर लांग ऑफ पर गौतम को आसान कैच दे बैठे।

## लगातार टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलना भारत के लिए काफी अच्छा : गुरप्रीत

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम की पहली पसंद के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा कि उनके और अमरिंदर सिंह के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है लेकिन दोनों के लिये मैदान पर रहने से ज्यादा महत्वपूर्ण मैच जीतना है। इस साल की शुरूआत में इंफाल में तीन देशों के टूनामेंट में भारत ने म्यामां को 1-0 से और किर्गिस्तान को 2-0 से हराकर खिताब जीता था और टूनामेंट में गुरप्रीत और अमरिंदर दोनों ने संयुक्त रूप से टूनामेंट के गोलकीपर का पुरस्कार जीता। गुरप्रीत ने कहा, खिलाड़ियों के बीच संबंध बहुत अच्छे हैं। टीम में स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा है लेकिन हम भाइयों की तरह हैं और हम सभी जानते हैं कि हमारे में से कोई भी किसी निश्चित दिन टीम के लिए काम कर सकता है। उन्होंने कहा, देश के लिए खेलना सम्मान की बात है और जब भी मौका मिले हमें इसके साथ न्याय करना चाहिए। बेशक, जब भी वे खुद को प्रस्तुत करते हैं तो हम एक दूसरे को ऐसे अवसरों के लिए सही फ्रेम में रहने में मदद करते हैं।

## द्रविड़ ने महिला टीम को खेल के गुर सिखाये



**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये इंग्लैंड रवाना होने से पहले बुधवार को यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में महिला टीम के साथ समय बिताकर उन्हें खेल के गुर सिखाए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने इसकी जानकारी देते हुए ट्वीट किया, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने एनसीए में वरिष्ठ महिला क्रिकेटरों के साथ बहुत ही गहन बातचीत की। उन्हें तैयारी, निरंतर सुधार की आवश्यकता और उत्कृष्टता का पीछा करने की प्रक्रिया पर एक नया दृष्टिकोण मिला। भारत की शीर्ष महिला क्रिकेटरों के साथ इस बातचीत के लिए समय निकालने के लिए हम राहुल द्रविड़ को धन्यवाद देते हैं।

## रवि बोपारा का शतक, टीम ने टी-20 में बनाये रिकॉर्ड 324 रन

**नयी दिल्ली।** सैकेंड 11 ट्वंटी-20 टूनामैंट में सेसेक्स सैंकेंड इलेवन ने मिडिलसेक्स सैंकेंड इलेवन के खिलाफ खेलते हुए 20 ओवरों में सात विकेट खोकर रिकॉर्ड 324 रन बना दिए। सेसेक्स के लिए कप्तान रवि बोपारा का बल्ला चला। बोपारा ने 49 गेंदों में 14 चौके और 12 छक्कों की मदद से 144 रन बनाए। उन्होंने मिडिलसेक्स के सभी गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। गेंदबाज जोशुआ दी केर्स ने तो तीन ओवर में ही 63 रन लुटा दिए। ईशान कौशल ने जरूर 3 विकेट लिए लेकिन इसके लिए उन्होंने 4 ओवर में 51 रन दे दिए। जवाब में खेलने उतरी मिडिलसेक्स की टीम 130 रन बनाकर आऊट हो गई। इस तरह सेसेक्स ने यह मुकाबला 194 रनों से जीता। मैच की शुरूआत हालांकि सेसेक्स के लिए अच्छी नहीं हुई थी। पहले ही ओवर में जेम्स कोल्स 4 रन बनाकर आऊट हो गए थे लेकिन तभी टॉम क्लार्क और टॉम अल्सोप ने अगले 4 ओवर में स्कोर 67 पर ला खड़ा कर दिया।

## चेन्नई : टिकट कालाबाजारी मामले में 20 गिरफ्तार

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई सिटी पुलिस ने आइपीएल टिकटों की काला बाजारी के मामले में पिछले दो दिनों में चेपॉक स्टेडियम के पास पहले क्वालीफायर मैच के टिकट बेचने के आरोप में 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि इस घटना के संबंध में 11 मामले दर्ज किए गए और 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 54 ऑनलाइन टिकट और 11,300 रुपए की नकदी जब्त की गई है। यह कारर्वाई मंगलवार को चेन्नई और गुजरात के बीच हुए पहले क्वालीफायर के टिकटों की काला बाजार में बिक्री पर नजर रखने के लिए चेन्नई शहर के पुलिस आयुक्त शंकर जीवाल के निर्देश के बाद की गई। ब्लैक टिकट बेचने वालों को पकड़ने के लिए गठित विशेष टीम ने स्टेडियम के ईद-गिर्द और दर्शकों के प्रवेश वाले सभी दरवाजों के पास कड़ी निगरानी रखी। ऐसे ही दो मामले 22 मई को भी दर्ज किए गए थे, जिसमें पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 32 टिकट और 5,300 रुपए नकद जब्त किये गये थे। लगातार निगरानी के बाद मंगलवार को मैच के दिन 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि कुल मैच वाले दिन कुल नौ मामले दर्ज किए गए जिसमें 22 टिकट और 6,000 रुपए नकद जब्त किए गये।

## मलेशिया मास्टर्स : श्रीकांत, सिंधु, प्रणय दूसरे चरण में



**कुआला लंपुर।** किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने बुधवार को मलेशिया मास्टर्स में अपने अभियान की जोरदार शुरूआत करते हुए टूर्नामेंट के दूसरे चरण में जगह बना ली। श्रीकांत ने 37 मिनट चले पहले चरण के पुरुष एकल मुकाबले में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को आसानी के साथ 21-12, 21-16 से हराया। सिंधु को महिला एकल का पहला गेम आसानी से जीतने के बाद थोड़ा संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह डेनमार्क की लिने क्रिटोफरसन को 21-13, 17-21, 21-18 से हराने में सफल रहीं। प्रणय ने चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन के हाथों पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी की और 16-21, 21-14, 21-13 से मुकाबला जीत लिया।

## ऑस्ट्रेलिया में अगले दो मैचों में रक्षण पर होगा ध्यान : एक्का

एजेंसी

**एडिलेड।** भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले दो मैचों में अपने रक्षण को मजबूत करने और आसानी से गोल नहीं गंवाने पर ध्यान देगी। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच खेले जिनमें से पहले दो मैच में उसे 2-4 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। उसने तीसरा मैच 1-1 से ड्रॉ कराया। भारतीय टीम अब दौरे के दो अंतिम मैच गुरुवार और शनिवार को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेलेगी। भारतीय टीम आगामी एशियाई खेलों की तैयारियों के सिलसिले में इस दौरे पर आई है



तथा उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा कि टीम की सफलता के लिए रक्षा पंक्ति का मजबूत होना जरूरी है। एक्का ने कहा, यह देखते हुए कि हमने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम का सामना किया, हमने पहले तीन मैचों में विशेषकर आक्रमण के लिहाज से अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन हमने कुछ अधिक गोल गंवाए जो नहीं होना चाहिए था। इसलिए हम अगले दो मैचों में अपने रक्षण में सुधार करने पर ध्यान देंगे और जीत के साथ अपने दौरे का अंत करना चाहेंगे। भारतीय टीम ने अभी तक अपने आक्रामक खेल का अच्छा नमूना पेश किया है लेकिन वह आस्ट्रेलिया को गोल करने से नहीं रोक सकी। एक्का ने कहा, इसके साथ ही अगर हम या सुनिश्चित कर दें कि हमने आसानी से गोल नहीं खाने हैं तो इससे हमारी अग्रिम पंक्ति को बेखौफ होकर खेलने और विरोधी टीम पर दबाव बनाने में मदद मिलेगी। इससे न केवल वर्तमान दौरे में बल्कि आगामी मैचों में भी जीत दर्ज करने में हमें मदद मिलेगी।

## पहले क्वालीफायर ने जियोसिनेमा पर बनाया विश्व रिकॉर्ड

JioCinema

**नयी दिल्ली।** डिजिटल प्रसारण मंच जियोसिनेमा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के पहले क्वालीफायर के दौरान एक साथ सर्वाधिक दर्शक दर्ज करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मंगलवार रात खेले गये मुकाबले में 2.5 करोड़ दर्शक दर्ज किये गये, जिससे जियोसिनेमा ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गये आइसीसी विश्व कप 2019 के सेमीफाइनल के दौरान बने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की।

# पीएम मोदी करेंगे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का उद्घाटन

एजेंसी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरूवार को उत्तर प्रदेश की मेजबानी में शुरू हो रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 (केआईयूजी) का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। बीबीडी यूनिवर्सिटी में होने वाले इस आयोजन में मुख्यमंत्री खिलाड़ियों से भी मुलाकात कर उनकी हौसलाफजाई करेंगे। दस दिन तक चलने वाले इस आयोजन में 4000 से अधिक एथलीट 21 खेलों में 200 से अधिक यूनिवर्सिटीज का प्रतिनिधित्व करेंगे। तीन जून को इसका समापन बीएचयू वाराणसी में होगा। युवा खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर यह प्रदेश का सबसे बड़ा आयोजन साबित होने वाला है। इस वजह से इसे खेलों का महाकुंभ कहा जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, केंद्रीय खेल राज्यमंत्री निसिथ प्रमाणिक समेत प्रदेश के तमाम मंत्री और अधिकारी मौजूद रहेंगे। शुभारंभ समारोह में मशहूर गायक कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति भी देंगे। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स प्रदेश के चार शहरों लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर और गौतमबुद्धनगर में आयोजित किये जा रहे हैं। राजधानी लखनऊ के अलावा, शूटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन नई दिल्ली में भी किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार लखनऊ आठ स्थानों पर 12 खेलों (तीरंदाजी, जूडो, मल्लखंब, वॉलीबॉल, तलवारबाजी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, रग्बी, एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल की मेजबानी करेगा। गौतमबुद्धनगर (नोएडा) तीन स्थानों में पांच खेलों (बास्केटबॉल, कबड्डी, मुक्केबाजी, तैराकी और भारोत्तोलन) की मेजबानी करेगा। वाराणसी आईआईटी-बीएचयू, दो खेलों (कुश्ती और योगासन) की मेजबानी करेगा, जबकि, गोरखपुर और दिल्ली क्रमशः रोइंग और शूटिंग इवेंट का आयोजन करेंगे। रोइंग को पहली बार इन गेम्स में शामिल किया



गया है। इस बीच पांच मई को लखनऊ से रवाना की गई खेलों की मशाल प्रदेश के 75 जिलो से होते हुए 8948 किमी. का सफर तय कर बुधवार को वापस लखनऊ पहुंची। गुरुवार को ये मशाल बीबीडी यूनिवर्सिटी पहुंचेगी। गौरतलब है कि लखनऊ से चार मशालें रवाना की गई थीं, जिसके साथ इन खेलों का शुभंकर जीतू भी था। चारों मशालों ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों को कवर किया और सभी जगह खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों ने इसका भव्य स्वागत किया। इस दौरान साढ़े पांच लाख से ज्यादा लोगों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराकर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 में भाग लेने वाले विभिन्न विश्वविद्यालय के प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आधिकारिक उद्घाटन भले ही गुरुवार को होगा, लेकिन गौतमबुद्धनगर में कबड्डी के साथ गेम्स की शुरूआत 23 मई को ही हो चुकी है। एसवीएसपी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कबड्डी प्रतिस्पर्द्धा की पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुरूआत हुई। वहीं, दूसरे दिन यानी 24 मई को गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी इंडोर स्टेडियम में बास्केटबॉल की शुरूआत हुई, जबकि लखनऊ में मलखंभ, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, रग्बी, फुटबॉल (लड़के और लड़कियां) और टेनिस की प्रतिस्पधाएं शुरू हुईं। अपर मुख्य सचिव (खेल एवं युवा कल्याण), डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि इन खेलों का उद्घाटन समारोह इतना भव्य होगा कि पूरी दुनिया की निगाहें अवध पर टिकी होंगी। उन्होंने कहा कि यूपी में खेलों का माहौल अब पूरी तरह से बदल गया है। खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हमेशा आगे रहने वाली योगी सरकार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 के सहारे विश्व खेल पटल पर अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि हाल ही में लखनऊ में हुये आइपीएल के मुकाबलों में जो जोश दिखा था, वैसा ही जोश खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स को लेकर दिखेगा। उन्होंने कहा कि इन खेलों के आयोजन से यूपी का खेल ढ़ाचा और मजबूत होगा। वहीं इन खेलों में प्रतिभागी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन से युवा छात्रों के साथ शिक्षक भी खेल से जुड़ेंगे और विश्वविद्यालय में खेल का एक नया इकोसिस्टम तैयार होगा। इस प्रकार की प्रतिस्पधाओं के आयोजन से प्रदेश में खेल संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा।

## त्रिपुरा के ब्रांड एंबेसडर होंगे सौरव गांगुली



**अगरतला।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने त्रिपुरा पर्यटन का ब्रांड एंबेसडर बनने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है और इसके साथ ही राज्य की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने में योगदान देने की प्रतिबद्धता जतायी है। त्रिपुरा के पर्यटन मंत्री सुशांत चौधरी ने सचिव पर्यटन उत्तम कुमार चकमा और निदेशक तपन कुमार दास के साथ मंगलवार को गांगुली से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें उत्तर पूर्वी राज्य का ब्रांड एंबेसडर बनाने का प्रस्ताव रखा। श्री चौधरी ने कहा दादा के हाव-भाव से बहुत खुश और प्रभावित हूं। उन्होंने सहर्ष प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और उम्मीद है कि अगर चीजें सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। सौरव गांगुली कुछ महीनों में हमारे पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम करना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा त्रिपुरा की पर्यटन क्षमता को पूरी दुनिया में बढ़ावा देने के लिए हमारे प्रिय सौरव गांगुली से अधिक लोकप्रिय व्यक्तित्व कौन हो सकता है। उन्होंने बताया कि गांगुली अगले महीने की शुरूआत में लंदन की यात्रा पर जाने वाले हैं और वहां से लौटने के तुरंत बाद वह जून के अंत में त्रिपुरा दौरा के साथ ही अपने मॉड्यूल पर काम करना शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा इस बीच हम अगले दो हफ्तों के भीतर समझौते और दस्तावेजीकरण प्रक्रिया को पूरा करेंगे।

स्पीड न्यूज

## केरल में परिवार के 5 लोगों के शव मिले

**कन्नूर (केरल)।** केरल के कन्नूर जिले के चेरुपुझा में बुधवार को सुबह एक मकान में तीन बच्चों सहित एक परिवार के पांच सदस्य मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हत्या-आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है जहां पिछले सप्ताह शादी करने वाले जोड़े ने बच्चों की हत्या की और फिर खुद को फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि बच्चे सीढ़ियों से और दंपति घर की छत के पंखे से लटके पाए गए। उन्होंने बताया कि महिला के तीन बच्चे उसकी पहली शादी से थे। घटना 23-24 मई की दरम्यानी रात को हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इलाके के लोगों ने आज सुबह पुलिस को घटना की सूचना दी।

## अमेरिका में तूफान से दो लोगों की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के कोनरो में शक्तिशाली तूफान के कारण एक निमार्णाधीन घर के ढह जाने से दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि शक्तिशाली तूफान और बारिश के दौरान ओले पड़े तथा 10 से 15 मिनट तक बहुत तेज बारिश हुई। कोनरो सहायक अग्निशमन प्रमुख माइक लेगौडेस जूनियर ने बताया कि दो लोगों की घटनास्थल पर ही दो मौत हो गई और सात घायल हुए।

## नीति आयोग की बैठक में नहीं जायेंगी ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 27 मई को नयी दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। राज्य सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक दिन पहले ही तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष बनर्जी ने घोषणा की थी कि वह नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करेंगी।

## सिसोदिया ने अंतरिम बेल अर्जी वापस ली

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामलों में अपनी अंतरिम जमानत याचिका बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से वापस ले ली और कहा कि उनकी पत्नी की हालत अब स्थिर है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सिसोदिया को अंतरिम जमानत अर्जी वापस लेने की अनुमति दी।

## बिश्नोई गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक कथित सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी योगेश दिल्ली में हत्या के प्रयास के एक मामले में अंतरिम जमानत पर जेल से निकलने के बाद तीन साल से फरार था।

## मंत्रियों को विभाग जल्द सौंपे जाएंगे: सिद्धरमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि उनके मंत्रियों को विभाग जल्द ही सौंपे जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा में मंत्रियों को विभाग नहीं सौंपे जाने का मुद्दा उठाया था। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंत्रियों को विभागों के बंटवारे में देरी के संबंध में प्रश्न किया था जिसपर मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री को सदन में आश्वासन दिया कि यह काम जल्द ही होगा।

## पाक के पूर्व सेना प्रमुख की पोती गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख आसिफ नवाज जांजुआ की रिश्तेदार को नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद यहां कोर कमांडर हाउस पर हुए हमले के लिए उकसाने वाले प्रमुख व्यक्ति के तौर पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस नेयह जानकारी दी।

# नये संसद भवन में ऐतिहासिक सेंगोल भी होगा स्थापित

### उद्घाटन के लिए सभी राजनीतिक दलों को किया गया आमंत्रित : शाह

- 28 मई को संसद भवन के निर्माण में योगदान देने वाले 60,000 श्रमिकों को सम्मानित भी करेंगे मोदी
- 1947 में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अंग्रेजों से सत्ता के हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर प्राप्त किया था सेंगोल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि 28 मई को संसद के नए भवन के उद्घाटन के लिए सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है और वे अपने विवेक के अनुसार फैसला करेंगे। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब 19 विपक्षी दल इस कार्यक्रम के बहिष्कार की घोषणा कर चुके हैं।

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत द्वारा भारत को सत्ता हस्तांतरित करने के प्रतीक स्वरूप प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को दिए गए ऐतिहासिक सेंगोल को नए संसद भवन में स्थापित किया जाएगा। सेंगोल अभी इलाहाबाद के एक संग्रहालय में है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को राजनीति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा 28 मई को निर्धारित उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर विपक्षी दलों के बहिष्कार के फैसले के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि भारत सरकार ने सभी को उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया है। सभी अपने विवेक के अनुसार कार्य करेंगे।

कुछ विपक्षी दलों ने समारोह के बहिष्कार की घोषणा की क्योंकि उनका कहना था कि यह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सेंगोल को राजनीति से नहीं जोड़ा जा सकता। सेंगोल यह संदेश देता है कि सरकार को न्याय और निष्पक्षता से चलना चाहिए और वह नियम आधारित होना चाहिए। जब यह नए संसद भवन में स्थापित होगा तो यह संदेश लोगों और जनप्रतिनिधियों तक जाएगा। उन्होंने कहा कि यही असली उद्देश्य है। इसे राजनीति से न जोड़ें। यह पुरानी परंपरा है जो नए भारत से जुड़ने जा रही है। राजनीति की अपनी जगह है। हर कोई अपने विवेक से काम करता है। गृह मंत्री ने कहा कि नया संसद भवन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता का उदाहरण है।


लोकसभा में अध्यक्ष के आसन के पास सेंगोल को प्रमुखता से लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री संसद भवन के निर्माण में योगदान देने वाले 60,000 श्रमिकों को सम्मानित भी करेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि नया संसद भवन देश की विरासत और परंपराओं के साथ आधुनिकता को जोड़ने वाला नया भारत बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का प्रमाण है। शाह ने कहा कि सेंगोल स्थापित करने का उद्देश्य तब भी स्पष्ट था और अब भी है। उन्होंने कहा कि सत्ता का हस्तांतरण महज हाथ मिलाना या किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करना नहीं है और इसे आधुनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय परंपराओं से जुड़ा रहना चाहिए। सेंगोल का इस्तेमाल 14 अगस्त, 1947 को अंग्रेजों से भारतीय हाथों में सत्ता हस्तांतरित करने के लिए किया गया था और इसे तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने राजेंद्र प्रसाद और कई अन्य लोगों की उपस्थिति में स्वीकार किया था। राजेंद्र प्रसाद बाद में देश के पहले राष्ट्रपति बने थे।

इस मौके पर शाह के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी भी मौजूद थे।

### सेंगोल शब्द का अर्थ नीतिपरायणता

सेंगोल शब्द तमिल शब्द सेम्मई से लिया गया है, जिसका अर्थ है नीतिपरायणता। न्याय के प्रेक्षक के रूप में, अपनी अटल दृष्टि के साथ देखते हुए हाथ से उत्कीर्ण नंदी सेंगोल के शीर्ष पर विराजमान हैं। सेंगोल को ग्रहण करने वाले व्यक्ति को न्यायपूर्ण और निष्पक्ष रूप से शासन करने का आदेश (तमिल में आणई) होता है।उन्होंने कहा कि सेंगोल आज भी उसी भावना का प्रतिनिधित्व करता है जो जवाहरलाल नेहरू ने 14 अगस्त 1947 में महसूस की थी।



नयी दिल्ली में बुधवार नया संसद भवन रोशनी से हुआ जगमग।

# भारत औऑस्ट्रेलिया के संबंध अब टी-20 मोड में

### क्रिकेट वर्ल्ड कप देखने के लिए अल्बनीज और प्रशंसक भारत आएं : मोदी

- अल्बनीज बोले-भारतीय समुदाय के योगदान से ऑस्ट्रेलिया का एक बेहतर स्थान है


एजेंसी

**सिडनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तेजी से बढ़ते संबंधों का वर्णन करने के लिए क्रिकेट की उपमा का इस्तेमाल करते हुए बुधवार को कहा कि ये अब टी-20 मोड में प्रवेश कर चुके हैं। मोदी ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह टिप्पणी की।

उन्होंने इस साल के अंत में भारत में होने वाली क्रिकेट विश्व कप प्रतियोगिता के लिए अल्बनीज और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रशंसकों को भारत भी आमंत्रित किया। मोदी ने कहा कि मैं अपने मित्र प्रधानमंत्री अल्बनीज की भारत यात्रा के दो महीने के भीतर ऑस्ट्रेलिया आया हूं। पिछले एक साल में यह हमारी छठी मुलाकात है। यह हमारे व्यापक संबंधों की गहराई, हमारे विचारों में तालमेल तथा हमारे सहयोग की परिपक्वता को दर्शाता है। उन्होंने अल्बनीज की मौजूदगी में कहा कि अगर क्रिकेट की भाषा में मैं कहूं, तो हमारे संबंध टी-20 मोड में आ गए हैं। अल्बनीज ने भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मार्च में भारत की यात्रा की थी।

मोदी ने कहा कि मैं इस साल क्रिकेट विश्व कप के लिए प्रधानमंत्री अल्बनीज और सभी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रशंसकों को भारत आने के लिए आमंत्रित कर रहा हूं। उस समय क्रिकेट के साथ-साथ आपको दीपावली का भव्य उत्सव भी देखने को मिलेगा। उन्होंने क्षेत्र के लिए भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। मोदी ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध केवल हमारे दोनों देशों तक सीमित नहीं है। ये क्षेत्रीय स्थिरता, शांति और वैश्विक कल्याण से भी जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भारतीय परंपरा, जो पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में देखती है, भारत की जी-20 अध्यक्षता का केंद्रीय विषय है। प्रधानमंत्री ने अल्बनीज के साथ अपनी बैठक को रचनात्मक बताया। पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच संबंधों में तेजी से सुधार हुआ है। अल्बनीज ने भी दोनों देशों के बीच लगातार गहरे होते रिश्तों पर बात की।

अल्बनीज ने कहा कि भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के योगदान के कारण ऑस्ट्रेलिया एक बेहतर स्थान है और हम अपने देशों के बीच अधिक गहरे संबंध देखना चाहते हैं।



## लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष जोशी की हालत नाजुक

**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे मनोहर जोशी की हालत नाजुक बनी हुई है और वह अब भी बेहोशी की हालत में हैं। अस्पताल ने यह जानकारी दी। जोशी को ब्रेन हैमरेज होने पर दो दिन पहले यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके बेटे उन्मेश जोशी ने बताया कि उनके पिता अभी भी बेहोश हैं। शिवसेना के वरिष्ठ नेता मनोहर जोशी (85) को अर्ध बेहोशी की हालत में पी डी हिंदुजा अस्पताल में सोमवार को भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने बताया कि जोशी की हालत नाजुक बनी हुई है और अर्ध-बेहोशी की हालत में हैं। वह आईसीयू में हैं, और उनकी स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। इसमें कहा गया है कि जोशी को 22 मई को अर्ध-बेहोशी की स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे मंगलवार को उनका हालचाल पूछने अस्पताल आए थे। गौरतलब है कि मार्च 1995 में शिवसेना और भाजपा के गठबंधन के सत्ता में आने के बाद जोशी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने थे। महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने वाले वह शिवसेना के पहले नेता हैं। वह 1966 में शिवसेना के गठन के वक्त से इस पार्टी से जुड़े रहे हैं।

# संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करेगी 19 पार्टियां

**नयी दिल्ली।** विपक्ष के 19 दलों ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में संसदीय लोकतंत्र पर कुठाराघात हुआ है और नये भवन के निर्माण में विपक्षी दलों के साथ कोई सलाह मशविरा तक नहीं किया गया इसलिए समान विचारधारा वाले दलों ने नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह का सामूहिक रूप से बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों ने बुधवार को यहां संयुक्त वक्तव्य में कहा कि नये संसद भवन का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर है। विपक्ष मानता है कि मोदी सरकार लोकतंत्र के लिए खतरनाक स्थिति पैदा कर रही है। इस सरकार ने निरंकुश तरीके से नये संसद का निर्माण किया है इसके बावजूद विपक्ष उद्घाटन समारोह के अवसर पर मतभेदों को भुलाने को तैयार था। सरकार ने नये संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पूरी तरह से दरकिनार कर नये भवन का उद्घाटन श्री मोदी से कराने का निर्णय लिया है और यह हमारी लोकतांत्रिक परंपरा पर सीधा हमला है। विपक्षी दलों ने कहा कि नया संसद भवन महामारी के दौर में बड़ा खर्च कर बनाया गया है। इसमें भारत के लोगों या सांसदों से कोई परामर्श नहीं लिया गया है। जब लोकतंत्र की आत्मा को संसद से निष्कासित कर दिया गया है, तो हमें नयी इमारत में कोई मूल्य नहीं दिखता इसलिए हम नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने के अपने सामूहिक निर्णय की घोषणा करते हैं। हम इस निरंकुश प्रधानमंत्री और उनकी सरकार के खिलाफ शब्दों और भावनाओं में लड़ना जारी रखेंगे और अपना संदेश सीधे लोगों तक ले जाएंगे। बयान में लिखा है कि संविधान के अनुच्छेद 79 के अनुसार संघ के लिए एक संसद होगी जिसमें राष्ट्रपति और दो सदन होंगे जिन्हें क्रमशः राज्यों की परिषद और लोगों की सभा के रूप में जाना जाएगा।

### बीजद लेगा हिस्सा

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजद ने नए संसद भवन के उद्घाटन के ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित का कार्यक्रम में भाग लेने की बुधवार को घोषणा की और कहा कि राष्ट्रपति तथा संसद जैसी संस्था को किसी ऐसे विवाद से अलग रखना चाहिए जिससे उनके गरिमा और सम्मान पर प्रभाव पड़ता हो।

# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी पर ब्रेक

### निवेशकों को लगा 32 हजार करोड़ का चूना

### सेंसेक्स 208 अंक लुढ़का और निफ्टी 63 अंक गोता लगाया

**मुंबई।** लगातार तीन कारोबारी दिनों से घरेलू शेयर बाजार में जारी तेजी का सिलसिला बुधवार को थम गया। शेयर बाजार कमजोरी के साथ खुला था। दिन के पहले सत्र के कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से बाजार में तेजी भी आई। लेकिन दिन के दूसरे सत्र के कारोबार के दौरान हुई मुनाफावसूली की वजह से बाजार ने गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार का अंत किया। दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 208.01 अंक का गोता लगाकर 61,773.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 62.60 अंक उतरकर 18,285.40 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की मझौली और दिग्गज कंपनियों में लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.13 प्रतिशत बढ़कर 26,488.42 अंक और स्मॉलकैप 0.10 प्रतिशत की बढ़त लेकर 29,934.22 अंक पर पहुंच गया।दिनभर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, कमोडिटी, सर्विसेज, इंफ्रास्ट्रक्चर और मेटल सेक्टर में बिकवाली का दबाव बना रहा। दूसरी ओर एफएमसीजी, पावर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती नजर आई। मंझोले और छोटे शेयरों में भी आज खरीदारी का रुख बना रहा, जिसकी वजह से दिन के दूसरे सत्र में बिकवाली का दबाव बनने के बावजूद बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद होने में सफल रहे। बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति को करीब 32 हजार करोड़ रुपये का चूना लग गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 279.46 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 279.78 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को बुधवार कारोबार से करीब 32 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,602 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,677 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,796 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 129 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,034 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 963 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान और 1,071 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए।



# अनुपमा धारावाहिक के अभिनेता नितेश पांडे का निधन

**मुंबई।** टेलीविजन धारावाहिक अनुपमा के अभिनेता नितेश पांडे का बुधवार को सुबह निधन हो गया। वह 51 वर्ष के थे। निर्माता सिद्धार्थ नागर ने यह जानकारी दी।

पांडे को शाहरुख खान अभिनीत ओम शांति ओम और दिबाकर बनर्जी की खोसला का घोसला जैसी फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए भी जाना जाता है। वह शूटिंग के लिए इगतपुरी में थे।नागर ने बताया कि वह मंगलवार सुबह शूटिंग के लिए इगतपुरी गए थे और देर रात करीब डेढ़ बजे उनका निधन हो गया। खबर सच है (उनके निधन के बारे में)। मैं स्तब्ध हूं, हमने दो-तीन दिन पहले बात की थी और यह अचानक कैसे हो गया। अनुपमा में उनके सह-कलाकार रुशद राणा के अनुसार, पांडे को दिल का दौरा पड़ा था। अभिनेता का अंतिम संस्कार मुंबई में होगा। पांडे के परिवार में उनकी पत्नी अर्पिता और एक बेटा है। पांडे, वैभवी उपाध्याय और आदित्य सिंह राजपूत की मौत पर टिप्पणी करते हुए फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने कहा कि फिल्म जगत ने तीन-चार दिनों के भीतर तीन युवा कलाकारों को खो दिया है। उन्होंने कहा कि आपकी आत्मा को शांति मिले प्रिय साथियों। यह इतना निर्दयी समय है।



## भोजपुरी फिल्मकार सुभाष चंद्र का शव होटल में मिला

**सोनभद्र।** भोजपुरी फिल्मों के निमार्ता-निर्देशक सुभाष चंद्र तिवारी बुधवार को सोनभद्र शहर स्थित एक होटल के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाये गये। राबर्ट्सगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने यहां बताया कि भोजपुरी फिल्मकार सुभाष चंद्र तिवारी (60) बुधवार सुबह शहर के एक होटल के कमरे में मृत पाये गये। वह वाराणसी के रहने वाले थे। वह अपनी फिल्म ह्यदो दिल बंधे एक डोरी से की शूटिंग के सिलसिले में 40 सदस्यीय टीम के साथ गत 11 मई से इसी होटल में ठहरे थे।

## द केरल स्टोरी पर बैन लगाना संविधान का अपमान : कंगना

**हरिद्वार।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा पास की गयी फिल्म ह्यद केरल स्टोरी पर कुछ राज्यों में प्रतिबंध लगाया जाना संविधान का अपमान है। धार्मिक यात्रा पर यहां पहुंची कंगना रनौत ने संवाददाताओं से कहा कि जिस फिल्म को सेंसर बोर्ड ने पास किया है, उस पर बैन लगाना संविधान का अपमान है। द केरला स्टोरी फिल्म को कुछ राज्यों में बैन किया जाना बिल्कुल गलत है। बंगाल सरकार ने समुदायों के बीच तनाव को देखते हुए 8 मई को फिल्म पर प्रतिबंध लगा दिया था।

